

दैनिक

सुप्रभात रायपुर

आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 170 रायपुर, मंगलवार, 08 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00 | RNI NO. CHH HIN/2001/05596



3 खड़गे का मोदी-शाह पर...



E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444



न्यूड फोटोशूट पर ... 6



सूचना - जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...







## 724 मिलियन डॉलर का नुकसान

# भारत ने अमेरिका को सिखाया ट्रेड वॉर का नया पाठ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत को दो ऑप्शन दिए गए। रूस से सस्ता तेल खरीदो या 500 प्रतिशत टैरिफ झेलो। अमेरिका को लगा कि भारत घुटनों पर आ जाएगा। लेकिन इस बार मामला कुछ और ही था। भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के नेतृत्व में अमेरिका को दो टूक जवाब दिया कि न तो हम रूस से तेल खरीदना बंद करेंगे और न ही आपकी ब्लैकमेलिंग के आगे झुकेंगे।

भारत ने वो कर दिखाया है, जिसकी ट्रंप शासन वाले अमेरिका को तो कतई उम्मीद नहीं थी। अब भारत चुप नहीं बैठेगा बल्कि सीधा जवाब देगा और वो भी डब्लूटीओ के मंच से ये जवाब मिलेगा। 500 प्रतिशत टैरिफ और 26 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी अब ये भार उल्टा अमेरिका पर ही गिरेगा।



दरअसल, अभी कुछ ही हफ्ते पहले अमेरिका ने भारत पर भारी टैरिफ थोपने की धमकी दी। 500 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाने की बात खुलेआम की गई। खासकर उन प्रोडक्ट्स पर जो भारत से अमेरिका को एक्सपोर्ट किए जाते है। इसके पीछे अमेरिका की एक चाल थी। रूस से भारत का सस्ता क्रूड ऑयल खरीदना बंद करवाना। भारत को दो ऑप्शन दिए गए। रूस से सस्ता तेल खरीदो या 500 प्रतिशत टैरिफ झेलो। अमेरिका को लगा कि भारत घुटनों पर आ जाएगा। लेकिन इस बार मामला कुछ और ही था। भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के नेतृत्व में अमेरिका को दो टूक जवाब दिया कि न तो हम रूस से तेल खरीदना बंद करेंगे और न ही आपकी ब्लैकमेलिंग के आगे झुकेंगे।

हुआ भी कुछ ऐसा ही। भारत की ट्रेड डेलीगेशन जो अमेरिका में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बातचीत करने गई थी। उसे वापस बुला लिया गया। यानी भारत ने साफ बता दिया कि हम झुकने वालों में नहीं बल्कि जवाब देने वालों में हैं। अब भारत वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइडेशन अमेरिका के खिलाफ केस लेकर पहुंच गया है।

# अंधविश्वास के चलते बिहार में परिवार के पांच लोगों की हत्या

**एजेंसी, पटना**

पूर्णिया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड–10 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। डायन का आरोप लगाकर गांव के ही एक ही परिवार के पांच लोगों की पीट–पीटकर और जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और पुलिस महकमा अलर्ट पर है।

जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ लोगों को सीता देवी (48 वर्ष) पर डायन होने का शक था। रविवार रात गांव के मुखिया (मर्रर) नकुल उरांव की अगुवाई में करीब 200 ग्रामीणों की एक पंचायत बुलाई गई, जिसमें डायन बताकर सीता देवी, उनके पति बाबूलाल उरांव (50), सास कातो देवी (65), बेटे मंजीत उरांव (25) और बहू रानी देवी (23) को बुलाकर तालिबानी फरमान सुनाया गया।

इसके बाद सभी को लाठी–डंडों से बेरहमी से पीटा गया, फिर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया। घटना को अंजाम मृतक के पुत्र सोनू कुमार के सामने ही दिया गया। किसी तरह जान बचाकर सोनू वहां से भाग निकला और पुलिस को सूचना दी।



घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना के साथ–साथ आसपास के तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी स्वीटी सहरावत, एएसपी आलोक रंजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मुफस्सिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, बाकी तीन की तलाश की जा रही है। घटना में शामिल गांव के मर्रर नकुल उरांव और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है ताकि शेष शवों को भी बरामद किया जा सके और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

## पीएम मोदी की ब्रिक्स में दो टूक

# आतंकवाद पर सुविधा नहीं सिद्धांत चाहिए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार, 6 जुलाई को ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 17वें BRICS सम्मेलन में हिस्सा लिया और मंच से साफ संदेश दिया आतंकवाद पर अब दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। उन्होंने कहा, पहलगाम में हुआ आतंकी हमला केवल भारत पर नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर वार है। आतंक की निंदा सिद्धांत से होनी चाहिए, किसी राजनीतिक सुविधा के हिसाब से नहीं। BRICS देशों ने 31 पेज का संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया जिसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजरायली हमले की कड़ी आलोचना की गई।



### मौन समर्थन भी समर्थन ही होता है

मोदी ने BRICS मंच से सीधे कहा अगर कोई देश चुप रहकर आतंक का समर्थन करता है, तो वह भी उतना ही दोषी है। राजनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को नजरअंदाज करना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### भारत की सोचः गांधी, बुद्ध और शांति

मोदी ने भारत की वैश्विक सोच का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत बुद्ध और गांधी की भूमि है, जहां युद्ध और हिंसा की कोई जगह नहीं। उन्होंने दोहराया कि भारत हर उस कोशिश का समर्थन करता है जो दुनिया को संघर्ष से निकालकर सहयोग और संवाद की दिशा में ले जाए।

### ग्लोबल साउथ की आवाज

पीएम मोदी ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की उपेक्षा का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा, कुछ देश संसाधनों का इस्तेमाल अपने फायदे और दबाव के हथियार के तौर पर करते हैं।

## ISRO चीफ को शुभांशु शुक्ला ने किया फोन

# आईएसएस तक सुरक्षित यात्रा के लिए कहा- शुक्रिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गगनयान कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है, और शुक्ला के मिशन से प्राप्त ज्ञान भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण साबित होने की उम्मीद है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन के साथ हाल ही में हुई एक बातचीत में शुभ्रांशु शुक्ला ने आईएसएस तक उनकी सुरक्षित यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए इसरो के प्रयासों के लिए अपना आभार व्यक्त किया। इसरो द्वारा रिपोर्ट की गई यह बातचीत 6 जुलाई की दोपहर को हुई। कॉल के दौरान नारायणन ने शुक्ला की भलाई में वास्तविक रुचि दिखाई और आईएसएस पर होने वाले विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों



और गतिविधियों के बारे में पूछा। उन्होंने शुक्ला के पृथ्वी पर लौटने के बाद सभी प्रयोगों और गतिविधियों का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करने के महत्व को भी रेखांकित किया, क्योंकि यह दस्तावेजीकरण भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान के विकास का समर्थन करने के लिए अमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

गगनयान कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी की निचली कक्षा में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित करना है, और शुक्ला के मिशन से प्राप्त ज्ञान भविष्य की सफलता के लिए महत्वपूर्ण साबित होने की उम्मीद है। उनका आईएसएस मिशन इसरो–एक्सिओम स्पेसफ्लाइट समझौते के तहत किया गया है।

# महादेव सट्टा एप का मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा गिरफ्तार

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा ऐप घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपी सौरभ आहूजा को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। ईडी की रायपुर टीम को खुफिया जानकारी मिली थी कि महादेव सट्टा सिंडिकेट का मास्टरमाइंड सौरभ आहूजा जयपुर के फेयरमाउंट होटल में अपनी शादी के आयोजन में शामिल है। इस सूचना के आधार पर ईडी ने त्वरित कार्रवाई की।

### शादी समारोह में ईडी की दबिश

जयपुर के फेयरमाउंट होटल में सौरभ आहूजा की शादी का भव्य आयोजन चल रहा था, जिसमें बॉलीवुड सितारों और कई बड़े कारोबारियों की मौजूदगी थी। जैसे ही ईडी की टीम होटल पहुंची, सौरभ को कार्रवाई की



भनक लग गई। उसने मंडप, दुल्हन और मेहमानों को छोड़कर मौके से फरार होने की कोशिश की। हालांकि, ईडी ने दिल्ली में घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। सौरभ के साथ प्रणवेंद्र समेत तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, शादी के लिए होटल में 120 कमरे बुक किए गए थे, जिनका किराया 20,000 रुपये प्रति रात था। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में भारतीय और विदेशी व्यंजनों का इंतजाम किया गया था।

# छग शराब घोटाला : ईओडब्ल्यू ने 28 अधिकारियों के खिलाफ 2800 पन्नों का चालान पेश किया

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ के चर्चित 2161 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने सोमवार को इस मामले में आरोपी बनाए गए 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ करीब 2300 पन्नों का चालान विशेष कोर्ट में पे किया है।

बता दें कि इससे पहले बीते 30 जून को पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने विशेष कोर्ट में लगभग 1200 पन्नों का चौथा पूरक चालान पेश किया था, जिसमें लखमा की अहम भूमिका का उल्लेख किया गया है। ईओडब्ल्यू ने बताया कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा को आबकारी घोटाले में उनके हिस्से का 64 करोड़ रुपये मिला है, जिसमें 18 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि के निवेश और खर्च से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य भी मिले हैं।



### पूर्व मंत्री को घोटाले में मिले 64 करोड़ रुपये

शराब घोटाला मामले की जांच में अब तक यह पता चला है कि पूर्व मंत्री लखमा के संरक्षण में विभागीय अधिकारियों, सहयोगियों और ठेकेदारों के माध्यम से सुनियोजित घोटाले को क्रियान्वित किया गया। इस घोटाले से हासिल की गई रकम को व्यक्तिगत और परिवार के हितों में खर्च किया गया, जिससे उन्हें अत्यधिक और अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ। अब तक तीन पूरक अभियोग पत्रों सहित कुल चार अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किए जा चुके हैं। इसके अलावा मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घोटाले की जांच जारी है।

### 21 जनवरी से जेल में हैं कवासी लखमा

गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में ED ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनसे 2 बार ED दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी। पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को गिरफ्तार करने से पहले ED ने उन्हें 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी। उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था।

## भाजपा 3 दिवसीय सांसद- विधायक प्रशिक्षण वर्ग कार्यशाला कमलेश्वर पुरम मैनपाट में प्रारंभ

# जेपी नड्डा ने डबल इंजन वाली सरकार के विकास कार्यों एवं इनिशिएटिव को छत्तीसगढ़ के घर-घर पहुंचाने की अपील की





**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा जी ने आज सोमवार को छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के कमलेश्वरपुर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक पेड़ लगाया और उसके बाद छत्तीसगढ़ भाजपा के सांसदों एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन, राष्ट्रीय संगठक वी सतीश, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, उपम्मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा सहित प्रदेश भाजपा के सभी सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने न केवल सामाजिक जागरूकता को बल दिया, बल्कि पार्टी के सांसदों और विधायकों को आगामी कार्ययोजनाओं के लिए दिशा–निर्देश भी प्रदान किया। उन्होंने पार्टी की विचारधारा, संगठन की भूमिका, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि विचार, मूल्य और सेवा का एक समर्पित आंदोलन है।

श्री नड्डा ने सांसदों और विधायकों को संगठन के साथ अधिक तालमेल बैठाकर जमीनी स्तर पर काम करने की सलाह दी। इस अवसर बूथ स्तर पर पार्टी की उपस्थिति मजबूत करने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने, और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यपूर्ण जवाब देने की रणनीति पर भी गहन चर्चा हुई। श्री नड्डा ने कहा कि प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं है, यह नेतृत्व को तैयार करने, संगठन को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने का माध्यम है। उन्होंने पार्टी के सभी सांसों एवं विधायकों से आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार के विकास कार्यों एवं इनिशिएटिव को छत्तीसगढ़ के गांव–गांव, घर–घर पहुंचाने की अपील की।

प्रशिक्षण वर्ग उद्घाटन से पहले मैनपाट बायोडायवर्सिटी उद्यान सभी सांसद विधायक में मंत्री गणों ने सिंदूर, रुद्राक्ष, आम व विभिन्न प्रजाति के एक–एक पेड़ मां के नाम से लगाये।

प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन प्रशिक्षण की प्रस्तावना व भूमिका भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने रखी। आज प्रथम दिन तीन सत्रों में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिव प्रकाश प्रकाश जी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी ने समस्त सांसद विधायक व मंत्री गणों को प्रशिक्षण दिया।

# नई पीढ़ी का विकास एवं मार्गदर्शन शिक्षा से ही संभव : कुलपति

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

पं.रविवि में एक दिवसीय गुरू दक्षता कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया द्य इस गुरु दक्षता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल ने कहा कि हम विज्ञान और तकनीकों के समय में रह रहें हैं। हम सभी का जीवन वैज्ञानिक आविष्कारों और आधुनिक समय की तकनीकों पर निर्भर है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने लोगों के जीवन को बड़े स्तर पर प्रभावित किया है। इससे जीवन को आसान, सरल और तेज बना दिया है। ऐसे में हमारी उच्च शिक्षा और उससे जुड़े विभाग भी कैसे अछूते रह सकते हैं। हमको भी इस क्षेत्र में हो रहे नित नयी-नयी तकनीकों और उनके जुड़े पहलुओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करना होगा। इससे शिक्षकों का विकास होगा, वहीं छात्रों को भी आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। जिसके लिए नवीन प्राध्यापकों का प्रशिक्षण बहुत ही ज्यादा आवश्यक है ताकि शिक्षा में हो रहे नित नए परिवर्तनों से उन्हें भली भांति अवगत कराया जा सके द्य पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय रायपुर के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के अध्यक्ष प्रीति के. सुरेश ने इस अवसर पर कहा कि विश्व विद्यालयीन शिक्षकों को हमेशा नित नई जानकारियों से अवगत रहने की जरूरत है, इस दिशा में हमें मिलकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को नैतिक, निष्ठा, सदाचार के साथ कर्तव्य पथ पर अग्रसर होने की प्रेरणा दी द्य आज आयोजित इस कार्यक्रम में कोर्स कोआर्डिनेटर प्रो. एल. एस. गजपाल ने कहा कि शिक्षकों को स्व विकास और छात्र विकास के लिए विज्ञान की मदद लेनी ही होगी। तकनीक के बलबूते हम बहुत आगे जा सकेंगे। यह आज के समय के लिए नितांत आवश्यक है ताकि शिक्षा के गुणवत्ता में नए परिवर्तन हो सके द्य इस कार्यक्रम में उपस्थित 19 राज्यों के 139 नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को मालवीय मिशन टीचर टेंनिंग सेंटर रविवि के कार्यक्रम संयोजक डॉ . बृजेंद्र पांडेय ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की यह सेंटर अत्यंत कम समय में गुरु दक्षता प्रोग्राम के माध्यम से छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों के नव नियुक्त सहायक प्राध्यापकों को उच्च शिक्षा हेतु ट्रेनिंग और मार्गदर्शन प्रदान करते आ रहा है।



# समय पर खाद-बीज मिलने से किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

वर्तमान में मानसून सीजन का समय है ऐसे में किसानों के लिए समय पर खाद व बीज का इंतजाम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता। शासन-प्रशासन द्वारा किसानों को खाद बीज समय पर उपलब्ध कराने के लिए समितियों में अग्रिम भण्डारण हेतु अवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये गए हैं। समय पर बीज व उर्वरक मिलने से किसानों को खेती-किसानी की चिंता दूर हुई है।



बलौदाबाजार जिले के ग्राम परसाभदेर (च) निवासी किसान संतोष कुमार निषाद हर साल की तरह इस बार भी अपने खेतों में मेहनत करने के लिए तैयार थे। लगभग 7 एकड़ ज़मीन में खेती करने वाले संतोष निषाद के चेहरे पर चिंता की लकीरें तब उभर आई थीं, जब उन्हें लगा कि कहीं इस बार खाद मिलने में देर न हो जाए। खाद की समय पर उपलब्धता हर किसान के लिए किसी राहत से कम नहीं होती। यही सोचकर वो पहुंचे सेवा सहकारी समिति बलौदाबाजार। लेकिन इस बार नज़ारा कुछ और ही था। न कोई भीड़, न कोई भागदौड़। व्यवस्था इतनी सुगम थी कि उन्हें तुरंत और पूरी मात्रा में खाद मिल गई। खाद हाथ में आते ही संतोष की आंखों में एक चमक सी आ गई। उन्होंने कहा, पहली बार ऐसा लगा कि सरकार सच में हमारे बारे में सोच रही है। खाद लेने में कोई दिक्कत नहीं आई, समय भी बचा और मेहनत भी। इससे अब खेत की बुवाई समय पर हो पाएगी। इस व्यवस्था से प्रभावित होकर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट किया। उनका कहना था, मुख्यमंत्री जी की किसान हितैषी सोच के कारण ही आज हम जैसे छोटे किसान भी आत्मनिर्भर बन पा रहे हैं।

## उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़ उद्योग भवन,

रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर फोन नं. (0771) 2583652-54, फैक्स नं. 2583651
Email: dtic-directorate.cg@gov.in

(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन)

**मेसर्स मंगला राईस इण्डस्ट्रीज, बेमेतरा (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. मेसर्स मंगला राईस इण्डस्ट्रीज, छत्तीसगढ़ में स्थापित है। उक्त उद्योग के संचालन हेतु मूल एवं नवीन पार्टनर श्रीमती संगीता अग्रवाल एवं निखिल केडिया के मध्य अनुबंध का निष्पादन हुआ है।
2. मेसर्स मंगला राईस इण्डस्ट्रीज, एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड, बेमेतरा द्वारा वित्त पोषित रही है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक PROJ-41011/115/2025 दिनांक 07.07.2025 द्वारा मेसर्स मंगला राईस इण्डस्ट्रीज, में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।

अत: उक्त मेसर्स मंगला राईस इण्डस्ट्रीज, ग्राम-कुरदा, तह. थान खमरिया, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था/ बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

रायपुर, दिनांक-

संचालक

# स्टेशन लोधीपारा सर्किल स्टेशन रोड रायपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र जंघेल एवं महिला अध्यक्ष श्रीमती सविता जंघेल निर्विरोध घोषित हुए

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर के अधीनस्थ सर्किल स्टेशन लोधीपारा पं. क्रं.2066 में मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमान कृष्ण कुमार सिंगौर एवं पर्यवेक्षक श्री बंधु जंघेल और श्री योगेश जंघेल की उपस्थिति दिनांक 6 जुलाई 2025 दिन रविवार को पालकी रेस्टोरेंट स्टेशन लोधीपारा में निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला एवं पुरूष पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। सर्किल अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जंघेल, उपाध्यक्ष श्री बाल मुकुंद चंदेल, सचिव श्री सतीश जंघेल, कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश जंघेल एवं संयुक्त सचिव श्री मधुसूदन जंघेल चुनें गए।



इसी प्रकार सर्किल में महिला पदाधिकारी में सर्किल अध्यक्ष श्रीमती सविता जंघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती नीता जंघेल, सचिव श्रीमती पम्पा चंदेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या जंघेल, संयुक्त सचिव श्रीमती लक्ष्मी जंघेल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्री अधीन जंघेल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देकर कहा कि समाज के सभी सदस्य गण समाज सेवा एवं अन्य सेवाओं के माध्यम समाज को आगे बढ़ने के उद्देश्य से अपना अपना योगदान दे रहें है। आशा है कि नवनिर्वाचित सदस्यगण सभी का सहयोग लेकर स्टेशन लोधीपारा सर्किल को एक आदर्श सर्किल एवं स्वस्थ समाज बनाने का पूरा प्रयास करेंगे।

इस कार्यक्रम में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष श्री अधीन जंघेल, महासचिव दीपक जंघेल, देवराज जंघेल, कृपा जंघेल, श्रवण जंघेल, ओम जंघेल सहित बड़ी संख्याएं सर्किल के सभी सम्मानित सदस्य, माता एवं बहन उपस्थित थी।

### न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क ..../अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-भिलाई प.ह.नं.-35

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक क्रेता प्रेमचंद लूनावत पिता श्री फूलचंद लुनावत निवासी HIG-6 सेक्टर-। शंकर नगर रायपुर तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम भिलाई प.ह.नं. 35 रा.नि. मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 486, 487, 488 रकबा क्रमश 0.12, 0.48, 0.07 हे. भूमि को अनावेदकगण विक्रेता गौकरण साहू पिता पुरानिक साहू वगैरह निवासी ग्राम चरौदा तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत बैनामा ई. पं. क्रं. CG2024-25-104-1-3760 दिनांक 03.03.2025 को क्रय करने के आधार आवेदक उक्त भूमि में भूमिस्वामी दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण भूईया से मद अ-6 में दर्ज होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: एवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 16/07/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / 202507115600008/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 04/07/2025
ग्राम- भाठागांव प.ह.नं.- 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी पति स्व. श्री खोमराम चन्द्रवंशी निवासी- 18, कृष्णसखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 837/1, रकबा 0.279 हे. भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी की मृत्यु 24/01/2025, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसान मे 01. श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी (पत्नि) पति स्व. खोमराम चन्द्रवंशी 02. आशु चन्द्रवंशी (पुत्र) 03. आशीष चन्द्रवंशी ( पुत्र ) 04. श्रीमती रश्मि बंछोर पति सुरेश कुमार बंछोर (पुत्री) इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/07/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 28/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / 202507115600007/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 04/07/2025
ग्राम- चंगोरागांव प.ह.नं.- 59, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी पति स्व.श्री खोमराम चन्द्रवंशी निवासी- 18, कृष्णसखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 42/28, रकबा 0.0130 हे. भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी की मृत्यु 24/01/2025, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसान में 01. श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी ( पत्नि) पति स्व. खोमराम चन्द्रवंशी 02. आशु चन्द्रवंशी (पुत्र) 03. आशीष चन्द्रवंशी (पुत्र) 04. श्रीमती रश्मि बंछोर पति सुरेश कुमार बंछोर (पुत्री) इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/07/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 28/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्रमांक / 202507115600006/ अ-6/2024-2025
रायपुर, दिनांक 04/07/2025
ग्राम- डंगनिया प.ह.नं.- 58, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया आवेदिका श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी पति स्व.श्री खोमराम चन्द्रवंशी निवासी- 18, कृष्णसखा सोसायटी, रोहिणीपुरम, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ. ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 58, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 173/2, का भाग, भूखण्ड क्रमांक-18 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि है। भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदिका के पति खोमराम चन्द्रवंशी पिता स्व. तानसिंह चन्द्रवंशी की मृत्यु 24/01/2025, को हो चुका है जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न है। मृतक खातेदार के विधिक वारिसान में 01. श्रीमती बुधेश्वरी चन्द्रवंशी ( पत्नि) पति स्व. खोमराम चन्द्रवंशी 02. आशु चन्द्रवंशी (पुत्र) 03. आशीष चन्द्रवंशी (पुत्र) 04. श्रीमती रश्मि बंछोर पति सुरेश कुमार बंछोर (पुत्री) इनके अलावा कोई वारिसान नही है। अतः मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/07/2025 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 28/07/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर छ.ग.

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.कं...../ अ-74 वर्ष 2024-25
ग्राम - आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मिलन कुमार देवांगन पिता चंदू लाल देवांगन निवासी ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नं. 1808/1, 1909, 4027/1, 4028, 4029/1, 4041/5 रकबा क्रमशः 0.1210, 0.0890, 0.1660, 0.6400, 0.1010, 0.1090 हे. भूमि मिलन कुमार देवांगन पिता चंदूलाल देवांगन वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूमि का मूल किसान असावधानीवश कहीं गुम हो गया है, जिससे कृषि विकास संबंधित कार्य प्रभावित होने के कारण डूप्लीकेट किसान किताब प्रदान किये जाने की निवेदन किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 18.07.2025 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग (छ.ग.)

### कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4903223
email ID-eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनान्तर्गत शंकर नगर, रायपुर में स्थित भवन क्र. एम.आई.जी.-49, सेक्टर-02, श्रीमती राधा बाई नायक पति श्री लखन लाल नायक, के नाम पर इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.-23 दिनांक 24.01.2025 के माध्यम से नामांतरित है। वर्तमान में नामांतरी श्रीमती राधा बाई नायक पति श्री लखन लाल नायक, निवासी-एम.आई.जी. -49, सेक्टर-02, शंकर नगर, रायपुर के द्वारा उक्त भवन को अपनी पोती श्रीमती पूनम बन्छोर पिता श्री राम नारायण बन्छोर, निवासी-एम.आई.जी.-49, सेक्टर-02, शंकर नगर, रायपुर को दान (उपहार) करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के दान (उपहार) करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

### कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,

संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र -03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. - 0771-2991574
email ID-eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना, सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1277, 1. श्री वैभव सलूजा, 2. श्री विवेक सलूजा दोनों के पिता श्री बलवंत राय सलूजा, 3. श्रीमती ऋचा चतुर्वेदी पति श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी के संयुक्त नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 6247 दिनांक 09.11.2006 द्वारा एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 20.08.2013 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 06.06.2014 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत 1. श्री वैभव सलूजा, 2. श्री विवेक सलूजा दोनों के पिता श्री बलवंत राय सलूजा, 3. श्रीमती ऋचा चतुर्वेदी पति श्री वीरेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा मुख्त्यारनामा श्री सौरभ केडिया पिता श्री अर्जुन लाल केडिया, द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री सुरेश वर्मा पिता श्री बहादुर लाल वर्मा, निवासी-म.नं. 10/812, सेक्टर-3, शिवानंद नगर, खमतराई, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 30.06.2014 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री सुरेश वर्मा पिता श्री बहादुर लाल वर्मा द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात् अपने नाम पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार//

राजस्व प्रकरण रा.प्र.क्र...../अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-ओड़का प.ह.नं.-32

एतद द्वावारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं, आवेदक क्रेता नंदलाल सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर निवासी ब्लाक कालोनी आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वावारा ग्राम ओड़का प.ह.नं. 32 रा.नि. में. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 164 का भाग रकबा 0.19 हे. भूमि को अनावेदकगण विक्रेता ना.बा. देव, ना.या. भविष्य दोनों पिसरान शत्रुहन वली पिता शत्रुहन पिता दुर्जन, शत्रुहन पिता दुर्जन निवासी ग्राम ओड़का तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. से पंजीकृत बेनामा ई. पं. के. CG2024-25-104-1-3607 दिनांक 21.02.2025 को क्रय करने के आधार आवेदक उक्त भूमि में भूमिस्वाामी दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण भूईया से मद अ-6 में दर्ज होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: एवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17/07/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार,
आरंग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ../अ-6/वर्ष 2024-25
ग्राम-भलेरा प.ह.नं.-38

एतद् द्वारा ग्रामवासी एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, आवेदक नन्दकिशोर साहू पिता टमनलाल साहू निवासी ग्राम मचेवा तहसील जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम भलेरा प.ह.नं 38 रा.नि.मं. भिलाई तहसील आरंग स्थित भूमि खसरा नंबर 10/1 रकबा 0.20 हे. भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में राजेश कुमार पिता सुन्दर लाल के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि आवेदक द्वारा पंजीकृत बेनामा दिनांक 04/02/2022 को क्रय किया है। अनावेदक राजेश कुमार पिता सुन्दर लाल के द्वारा पंजीकृत बेनामा को चुनौती देते हुए न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश आरंग जिला रायपुर छ.ग. के समक्ष वाद प्रस्तुत किया गया था। जिसका व्यवहार बाद क्रमांक 13/अ/2013 है। उक्त व्यवहार पाद में माननीय न्यायालय के द्वारा दिनांक 19.03.2025 को आदेश पारित किया गया आवेकद का पक्ष में निष्पादित पंजीकृत बेनामा को उचित एवं सही माना है। आवेदक द्वारा न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश आरंग जिला रायपुर छ.ग. द्वारा पारित आदेश के अनुसार आवेदक का नाम विलोपित कर आवेदक अपना नाम दर्ज कराए जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण भूईया से मद अ-6 में दर्ज होकर इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: एवं इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था को दावा आपति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 21/07/2025 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के वाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 07/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार,
आरंग (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 21859/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 21859
वार्ड का नाम-33- शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 33 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR332E0156A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AMIT DANG, SAMEER DANG पिता/पति श्री/श्रीमती GIRDHARI DANG के नाम से दर्ज है जिसको 01. श्रीमती अर्चना मेश्राम, 02. ना.बा . रुपांश मेश्राम पिता/पति श्री/श्रीमती पिता 01. पति अभिषेक मेश्राम, 02. पिता अभिषेक मेश्राम वली माँ श्रीमती अर्चना मेश्राम ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 21977/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 21977
वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 12 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR330E00072 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. MUKTA JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती PANKAJ JAIN के नाम से दर्ज है जिसको 01. SMT. PREETI SONI, 02. SMT. NEHA DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती पिता 01. W/O BHARAT LAL SONI, 02. W/O DINESH KUMAR DEWANGAN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22290/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22290
वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 12 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR225E00168 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RUPENDRA NAYAK पिता/पति श्री/श्रीमती HEMNATH NAYAK के नाम से दर्ज है जिसको श्री भूपेन्द्र नायक पिता/पति श्री/श्रीमती पिता हेमनाथ नायक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ इकरारनामा द्वारा भाई छोटे भाई को आधा हिस्सा प्रदान / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22292/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22292
वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 12 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR330C00423 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VIJAY AGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RADHESHYAM AGARWAL के नाम से दर्ज है जिसको सौम्या पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती पिता स्वरूप सिंह पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 3)

शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID-rmczone3@gmail.com

पत्र क्रं. / 22293/ न.पा.नि./
जोन क्रं. 3/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22293
वार्ड का नाम-12- कालीमाता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 12 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR330D00265 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ARJUN MESHRAM पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको 01. सुशीला मेश्राम, 02. माधुरी मेश्राम पिता/पति श्री/श्रीमती पिता 01. पति स्व. अर्जुन मेश्राम, 02. पिता स्व. अर्जुन मेश्राम/पति अजय महार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ arjun meshram mrityu uprant varisano dwara panjikrit batwaranama / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री रमेश कुमार जायसवाल
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 3
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं./22461/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22461
वार्ड का नाम - 08- महात्मा गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226W00509 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRIYA WASUDEO JHAMNANI पिता/पति श्री/श्रीमती WASUDEO JHAMNANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती आरती स्वर्णकार पिता / पति श्री/श्रीमती अखिलेश स्वर्णकार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं./22462/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 07/07/2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 22462
वार्ड का नाम - 08- महात्मा गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 8 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR226Z00396 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RUPA NANDA पिता/पति श्री/श्रीमती S.C. NANDA के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती शांति ज्योती पेरी पिता / पति श्री/श्रीमती राजा नरेश पेरी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पूजा गौतम पिता मुनेन्द्र गौतम निवासी नवकार हास्पिटल के पास, एल.आई.जी. ई/70, शैलेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम पूजा गौतम कौशिक पति भुनेश्वर सिंह कौशिक रख ली हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम पूजा गौतम कौशिक पति भुनेश्वर सिंह कौशिक से ही जाना पहचाना जावे।

**पूजा गौतम कौशिक**
नवकार हास्पिटल के पास,
एल.आई.जी. ई/70, शैलेन्द्र नगर,
रायपुर (छ.ग.) 492001

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, मंगलवार, 8 जुलाई 2025

pratidinrajdhani.in

# खड़गे का मोदी-शाह पर तीखा हमला- जंगल, जमीन, जल सब अडाणी को सौंपा

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में भारी बारिश के बीच कांग्रेस की किसान, जवान और संविधान रैली में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी और शाह ने छत्तीसगढ़ की संपत्ति उद्योगपतियों को बेच दी है, और प्रदेश सरकार अब दिल्ली की कठपुतली बनकर रह गई है।




**जनसभा में बारिश, लेकिन जोश बरकरार**

खड़गे ने मंच से कार्यकर्ताओं को बारिश में डटे रहने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, हम मंच पर भीग रहे हैं, आप मैदान में भीग रहे हैं,

लेकिन पार्टी के लिए ये समर्पण दिखाता है कि आप हर संघर्ष के लिए तैयार हैं। उन्होंने याद दिलाया कि यहीं रायपुर में 2023 का महाधिवेशन हुआ था, जहां उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था।

**खड़गे के निशाने पर मोदी-शाह और उद्योगपति**

खड़गे ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के जंगल, जमीन और खनिज संसाधन सब कुछ अडाणी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा, यहां उद्योगपति कोयला, स्टील और आयरन ओर लूटने आ रहे हैं, जनता की भलाई के लिए नहीं। मुख्यमंत्री केवल दिल्ली के इशारों पर उठते-बैठते हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 400 पार का दावा करने वाले आज दूसरों की बैसाखियों पर चल रहे हैं। अगर मध्यप्रदेश और राजस्थान में हमें कुछ सीटें और मिल जातीं तो मोदी को गुजरात भेज चुके होते।खड़गे ने खुलासा किया कि रायपुर में जब कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था, तब उसे विफल करने के लिए ईडी की छापेमारी करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाना चाहती है।

जल, जंगल और जमीन की लूट- केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के संसाधनों को कॉरपोरेट्स के हवाले कर दिया।

डबल इंजन नहीं, गुलामी की सरकार- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय केवल मोदी-शाह के इशारों पर चल रहे हैं।

जन कल्याण योजनाएं बंद- कांग्रेस सरकार की सभी योजनाएं जैसे गौठान, गोबर खरीदी, हाट बाजार, स्वामी आत्मानंद स्कूल बंद कर दी गईं। रोजगार और महिला कल्याण में गिरावट- महिलाओं, युवाओं को मिलने वाले लाभ और रोजगार भत्ता रोका गया, लेकिन शराब की 67 नई दुकानें खोल दी गईं।

### खरगे ने कहा- चुप बैठो, चुनाव में दिखाना जोश, महंत ने भी लगाई फटकार

राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में कांग्रेस ने आज 'किसान-जवान-संविधान' जनसभा का आयोजन किया, जिसमें प्रदेशभर के कार्यकर्ता शामिल हुए. सभा को संबोधित करने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हस्डु कार्यकर्ताओं से नाराज हुए. उद्बोधन के बीच कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की तो खरगे ने मंच से कहा, चुप बैठो, चुनाव में जोश दिखाना. उत्साहित हस्डु चरणदास महंत के उद्बोधन के दौरान भी खलल डाला, जिस पर महंत ने हस्डु कार्यकर्ताओं को फटकार लगाई. वहीं सभा के दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने उठकर कार्यकर्ताओं को हिदायत दी. पीसीसी चीफ दीपक बैज कार्यकर्ताओं को शांत करने की कोशिश करते रहे.

## अपराध डायरी

# सूदखोर तोमर भाइयों पर शिकंजा कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

रायपुर में कर्ज के नाम पर जबरन वसूली और मारपीट करने वाले सूदखोर वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर के खिलाफ अब मामला गंभीर हो गया है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। साथ ही साफ निर्देश दिया गया है कि अगर दोनों 14 दिन के भीतर थाने में हाज़िर होकर बयान नहीं देते, तो उनकी संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी। लगातार फरार, इनाम घोषित तेलीबांधा, डीडीनगर और पुरानी बस्ती थानों में बीते डेढ़ महीने के भीतर दोनों भाइयों के खिलाफ सूदखोरी, मारपीट और जबरन वसूली जैसे पांच केस दर्ज हुए हैं। रोहित तोमर पर तेलीबांधा थाने में केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन तभी से वह और उसका बड़ा भाई वीरेंद्र गायब हैं। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर छापे मारे, लेकिन दोनों हाथ नहीं आए। इसके बाद स्स्क डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने दोनों की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया।



पुलिस ने राजस्व विभाग को पत्र लिखकर दोनों भाइयों की संपत्ति की जानकारी मांगी है। साथ ही उनके बैंक खातों को सीज करने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। अब तक की छापेमारी में पुलिस ने उनके घर से 37 लाख रुपये नकद, 1 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के गिरवी रखे सोने-चांदी के जेवर, कोरे स्टांप पेपर और कर्जदारों के साइन किए हुए प्रॉपर्टी पेपर्स जब्त किए हैं।

# पीएम आवास योजना के नाम पर किया बड़ा फर्जीवाड़ा

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

राजधानी रायपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है। एक शातिर ठग ने गरीबों को आशियाने का सपना दिखाकर अपनी ठगी का शिकार बना लिया। उसने खुद को नगर निगम के अफसरों का करीबी बताकर लोगों से 13 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। पीड़ितों की शिकायत पर अब पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी अब तक फरार है?

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, इस पूरे फर्जीवाड़े का मुख्य आरोपी एन जिल्लैया उर्फ एन जीतू है। आरोपी नगर निगम के दफ्तर के आसपास सक्रिय रहता था और ऐसे लोगों को निशाना बनाता था जो पीएम आवास योजना के तहत घर पाना चाहते थे। पीड़ितों में से एक, प्रफुल्ल कुमार बंजारी ने बताया कि जीतू ने उसे झांसा दिया कि अमलीडीह में बन रहे पीएम आवास में वह उसे एक मकान दिला सकता है। इसके लिए उसने खुद को निगम के बड़े अफसरों का दोस्त बताया ताकि लोग आसानी से उस पर भरोसा। कई हुए ठगी का शिकारआरोपी जीतू इतना शातिर था कि उसने एक ही तरीके से कई लोगों को अपना शिकार बनाया। वह पीड़ितों से मकान दिलाने के नाम पर किस्तों में पैसे लेता था। जिन लोगों से अब

कई हुए ठगी का शिकारआरोपी जीतू इतना शातिर था कि उसने एक ही तरीके से कई लोगों को अपना शिकार बनाया। वह पीड़ितों से मकान दिलाने के नाम पर किस्तों में पैसे लेता था। जिन लोगों से अब तक ठगी की बात सामने आई है, वे है




प्रफुल्ल कुमार बंजारी 2 लाख रुपये नर्मदा खुंटे 7.50 लाख रुपये (3 आवास के नाम पर) दीक्षा जांगड़े- 2 लाख रुपये सुनील कुमार पात्रे 2 लाख रुपये

इन सभी लोगों से पैसे लेने के बाद आरोपी ने न तो उन्हें मकान दिलाया और न ही उनके पैसे वापस किए। जब भी लोग उस पर दबाव बनाते, वह अफसरों से अपनी दोस्ती का रौब दिखाकर उन्हें चुप करा देता।

# केंद्र सरकार 4 लेबर कोड रद्द करे गोपाल साहू, आप प्रदेश अध्यक्ष

प्रतिदिन राजधानी,रायपुर

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने केंद्र के 4 लेबर कोड के विरोध में देश के समस्त ट्रेड यूनियनों की हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा है कि भाजपा की केन्द्र सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान जब देश की जनता जिन्दगी और मौत की लड़ाई लड़ रही थी, मजदूरों के 44 श्रम कानूनों में से 29 प्रभावशाली कानूनों को खत्म कर चार नए लेबर कोड (श्रम संहिता) बनाए। इन 4 नये कोड लागू होने पर मजदूरों ने अपने संघर्षों और बलिदानों से जो श्रम कानून हासिल किये



थे, भाजपा सरकार ने उसे खत्म कर दिया। सरकार ने यूनियन बनाना, पंजीकरण करवाना लगभग असंभव कर दिया और अगर यूनियन बन भी गई तो सरकार उसे कभी भी खत्म कर सकती है। धरना, प्रदर्शन और हड़ताल करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के तहत जेल और जुर्माने का प्रावधान किया गया है। स्थाई रोजगार की जगह, बीजेपी सरकार निश्चित अवधि, प्रशिक्षु, आउटसोर्स, और हर काम का ठेकाकरण नया फरमान ले आई है। स्थाई नौकरी ना होने पर मजदूर अपने अधिकार के लिए लामबंद नहीं हो सकेंगे और ग्रेच्युटी व अन्य लाभों से वंचित हो जाएँगे। बिना नोटिस के मजदूरों को नौकरी से निकाला जा सकता है। कारखाने में 40 से कम मजदूर होने पर न्यूनतम वेतन, ई.पी.एफ, व अन्य श्रम कानून लागू नही होंगे।

## क्रिकेट एसोसियेशन नपां डेचेरी द्वारा में से अंडर 19 इंटरस्टेट मल्टीडे अभ्यास मैच आयोजित

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

क्रिकेट एसोसियेशन नपां डेचेरी द्वारा में से अंडर 19 इंटरस्टेट मल्टीडे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, केरला, पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेश आदिटी में हिस्सा ले रहींहै। को छत्तीसगढ़ का तिसरा मैच बंगाल के विरुद्व पांडेचेरी में खेला गया। बंगाल ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्र क्षण करने का निर्णय लिया।



छत्तीसगढ़ अंडर 19 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 70.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 173 रन ही बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक ने 44रन, गुनवंत अवस्थी ने 33 रन तथा वेदांष खेडीया ने 29 रनों का योगदान दिया। अन्य कोई भी बल्लेबाज लंबीपारी खेलने में नाकाम रहे। बंगाल की ओर से अर्जुन ने 4विकेट तथा वीराट ने 3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक बंगाल ने 17 ओवरों में 2 विकेट खोकर61 रन बना लिये हैं। बंगाल की ओर से जगमोहन गुप्ता ने नाबाद 26 रन तथा सायन पॉल ने नाबाद 17 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ अंडर 19 की ओररुद्र प्रताप तथा दिवाकर ने 1-1विकेट प्राप्त किये। बंगाल को मैच जीतने हेतु 113 रनों की और आवष्यकता है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर में 8 लाख के इनामी माओवादी डिप्टी कमांडर के न्यूट्रलाइज होने पर सुरक्षाबलों को दी बधाई

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर के बीजापुर जिले में माओवादियों की पीएलजीए बटालियन के 8 लाख के इनामी डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना को सुरक्षा बलों द्वारा न्यूट्रलाइज किए जाने पर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, सटीक रणनीति और जनसहभागिता की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का मिशन निर्णायक दौर में पहुंच चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार इस अभियान में पूरी प्रतिबद्धता के साथ जुटी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे वीर सुरक्षाबलों के पराक्रम और सुनियोजित अभियानों का जीवंत उदाहरण है।

# अयोध्या दर्शन कर लौट रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं की टेम्पो पेड़ से टकराई, 3 की हुई मौत, 15 घायल

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

.दर्शन कर अयोध्या से लौट रहे छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भरी एक टेम्पो पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, 15 लोग घायल हो गये। घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल है। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त टेम्पो में करीब 20 लोग सवार थे। यह हादसा मध्यप्रदेश के शहडोल के ब्यौहारी थाना क्षेत्र का है। छत्तीसगढ़ से 20 लोग अयोध्या दर्शन करने के लिए गये हुए थे। सभी दर्शन के बाद टेम्पो सीजी 10 बीपी-8657 में वापस छत्तीसगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान शहडोल जिला के जोरा गांव के पास आज सुबह 5 बजे के आसपास टेम्पो अनियंत्रित होकर



पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर के बाद टेम्पो में बैठे लोग गाड़ी के बाहर गिर गये और टेम्पो के परखच्चे उड़ गये। वहीं, हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर ब्यौहारी थाना पुलिस पहुंची और राहगीरों की मदद से घायलों को पहले ब्यौहारी अस्पताल लाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज शहडोल रेफर किया गया।

घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, 15 लोग घायल है। घायलों में महिलाएं और बच्चे शामिल है।

### 15 करोड़ की ठगी के आरोपी पूर्व सीएम के करीबी केके श्रीवास्तव 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

स्मार्ट सिटी और नवा रायपुर के प्रोजेक्ट में काम दिलाने का झांसा देकर 15 करोड़ की ठगी करने वाले पूर्व सीएम के करीबी केके श्रीवास्तव की पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद सोमवार को उन्हें तेलीबांधा थाना पुलिस ने सीजेएम कोर्ट रायपुर में पेश किया, जहां से कोर्ट ने



उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने कोर्ट में दोबारा रिमांड की मांग नहीं की। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं, जिनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि दिल्ली की एक कंस्ट्रक्शन कंपनी रावत एसोसिएट्स के मालिक अशोक रावत ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में 500 करोड़ रुपये का ठेका दिलवाने के नाम पर करीब 15 करोड़ रुपए की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

जांच में यह भी सामने आया कि श्रीवास्तव और उनके बेटे कंचन श्रीवास्तव के खातों में करीब 300 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ है। यह रकम फर्जी कंपनियों और ईडब्ल्यूएस के नाम पर खोले गए खातों में ट्रांसफर की गई।

### घर के परछी में दामाद की टंगी मिली लाश



कापु थाना क्षेत्र से बड़ी घटना सामने आई है जिसमे घर के परछी में एक युवक कि टंगी हुई लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई है। घटना कापू क्षेत्र के अलोला गांव कि है जहां घर के परछी में रस्सी से टंगी हुई एक युवक कि लाश मिली है। मृतक की पहचान राजेश नाग मूलत: कोरबा जिले का निवासी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश नाग विगत एक माह से अपनी ससुराल अलोला गांव में निवास कर रहा था। युवक कि बीते रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास, उसने अपने ससुराल स्थित घर में बांस के कोराई में गमछे के सहारे लटकी हुई मिली। जब परिजनों ने उसे फंदे पर झूलते देखा, तो पूरे घर में सनसनी मच गई। परिजनों ने घटना की सूचना कापू पुलिस को दी गई, कापू पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा भरकर मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। वहीं प्रारंभिक जांच में मौत का कारण अज्ञात है पुलिस मौत के मामले में हर पहलू की गंभीरता से जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत 18 कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

# उप मुख्यमंत्री साव की पहल पर अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए 1.23 करोड़ मंजूर

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर**

**कई गांवों में बनेंगे सीसी रोड, रंगमंच, अटल सदभावना भवन, सामुदायिक भवन, शेड और नाली**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की पहल पर पंचायत संचालनालय ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में विभिन्न कार्यों के लिए एक करोड़ 23 लाख रुपए से अधिक की राशि मंजूर की है। इस राशि से क्षेत्र में सीसी



रोड, रंगमंच, अटल सदभावना भवन, सामुदायिक भवन, शेड और नाली निर्माण जैसे अधोसंरचना विकास के 18 कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के अंतर्गत लोरमी के विभिन्न गांवों में नौ सीसी रोड, तीन रंगमंच भवन, दो अटल सदभावना भवन, दो सामुदायिक भवन तथा शेड निर्माण व नाली निर्माण के एक-एक कार्यों की मंजूरी दी गई है।

योजना के तहत सीसी रोड निर्माण के नौ कार्यों के लिए कुल 57 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से लोरमी विकासखंड के नवरंगपुर, बांधा, बागमार, रजपालपुर, भालूखोंदरा, चिखलदाह, सिंघनपुरी, खुड़िया और डुडवा डोंगरी में सीसी रोड बनाए जाएंगे। पंचायत संचालनालय द्वारा झाफल, बिराजकछार और बोईरपारा में रंगमंचों के निर्माण के लिए कुल 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत सुरही और झलरी में अटल सदभावना भवनों के लिए कुल 20 लाख रुपए तथा राम्हेपुर (जे) और भूतकछार में सामुदायिक भवनों के लिए कुल 13 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

साल्हेघोरी में शेड निर्माण के लिए दस लाख रुपए और गातापार में नाली निर्माण के लिए भी सात लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।योजना के तहत सीसी रोड निर्माण के नौ कार्यों के लिए कुल 57 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से लोरमी विकासखंड के नवरंगपुर, बांधा, बागमार, रजपालपुर, भालूखोंदरा, चिखलदाह, सिंघनपुरी, खुड़िया और डुडवा डोंगरी में सीसी रोड बनाए जाएंगे। पंचायत रंगमंचों के निर्माण के लिए कुल 15 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई और झलरी में अटल सदभावना नाली निर्माण के लिए भी सात लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

## सीसीटीवी अभियान में रूपसी गारमेंट्स की भागीदारी

**प्रतिदिन राजधानी,रायपुर/बिलासपुर**

जुलाई। रायगढ़ पुलिस का सीसीटीवी जागरूकता अभियान लगातार जनसहयोग के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में आज चक्रधरनगर क्षेत्र स्थित सरला विला, रूपसी गारमेंट्स के संचालक छवि देवांगन ने इस अभियान से जुड़ते हुए पुलिस की सराहना की।



उन्होंने बताया कि उनकी दुकान के अंदर और बाहर हर दिशा में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग के लिए अलग से स्टाफ तैनात किया गया है। इसके साथ ही श्री देवांगन ने रायगढ़ पुलिस के आह्वान पर मुख्य मार्ग पर भी दो सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, जिससे क्षेत्र में यदि कोई आकस्मिक घटना-दुर्घटना होती है तो उसकी जांच में पुलिस को मदद मिल सके और इलाके में शांति एवं सुरक्षा बनी रहे।

उन्होंने कहा कि सीसीटीवी न केवल किसी वारदात के बाद अपराधी की पहचान में मददगार हैं, बल्कि असामाजिक तत्व भी सर्विलेंस में रहकर अपराधिक मानसिकता से बाज आते हैं। शहरवासी होने के नाते समाज को सुरक्षित करने नैतिक जिम्मेदारी हम सब की है। इस पहल से आसपास के व्यापारियों और रहवासियों को भी सुरक्षा का विश्वास मिला है।

## सम्पादकीय

# बेटियां संवेदनशील

देशकाल-परिस्थितियों और बदलती जरूरतों के अनुरूप वैश्विक स्तर पर एक सूक्ष्म, लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव दृष्टिगोचर हो रहा है। यह बदलाव लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में आ रहे परिवर्तन का है। जैसा कि हाल ही में 'द इकनॉमिस्ट' द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया है कि लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। दुनियाभर में, अतिरिक्त पुरुष जन्म की संख्या- जो वर्ष 2000 में 1.7 मिलियन तक अधिक थी, साल 2025 तक लगभग दो लाख तक गिर गई है। निस्संदेह, यह प्रजनन विकल्पों में एक अप्रत्याशित बदलावों का संकेत है। यहां तक कि दक्षिण कोरिया और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या हैज दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता के रूप में देखा जा सकता है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वह आर्थिक रूप से स्वावलंबी होती जा रही है। बल्कि कई देशों में तो महिलाओं की बैचलर डिग्री की संख्या तक पुरुषों की तुलना में अधिक है। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं।

वहीं भारत में परिस्थितियां एक जटिल तसवीर प्रस्तुत करती हैं। यूं तो सदियों से भारत का समाज पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। हालांकि, अब आधिकारिक आंकड़े बता रहे हैं कि देश में शिशु लिंग अनुपात दर में सुधार हुआ है। लेकिन लिंग चयन के लिये किए जाने वाले गर्भपात पर शासन व प्रशासन की कानूनी सख्ती और जागरूकता अभियानों के बावजूद परंपरागत रूप से समाज में गहरी जड़ें जमाने वाला बेटा मोह अब भी प्राथमिकता बना हुआ है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5( 2019-21) का सर्वे चिंता बढ़ाने वाला है। सर्वे के अनुसार, लगभग 15 फीसदी भारतीय माता-पिता अभी भी बेटियों की तुलना में बेटों की आकांक्षा रखते हैं। यही वजह है कि हरियाणा,पंजाब और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में विषम शिशु लिंगानुपात चिंता का विषय बना हुआ है। इसके अलावा, भारत में बेटी वरीयता, जहां यह मौजूद है, अक्सर सशर्त होती है। लड़कियों को भावनात्मक लगाव या घरेलू स्थिरता के लिये तो महत्व दिया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि पोषण, शिक्षा या विरासत तक उन्हें समान पहुंच दी जाए। भारतीय समाज में दहेज जैसी सांस्कृतिक प्रथाएं आज भी बेटी के माता-पिता की बड़ी चिंता बनी रहती हैं। परंपरावादी समाज में यह धारणा बलवती रही है कि बेटियां दूसरे परिवार की हैं। यही वजह है कि ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों में लड़कियां हाशिये पर रख जाती हैं।

# डेटा पर नियंत्रण देश के लिए अत्यधिक जरूरी

**नए व्यापारिक शुल्कों और पहलगाम जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में सख्त सुरक्षा को देखते हुए डेटा सुरक्षा केवल नियामकीय चुनौती नहीं रह गई है। अब यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मसला है। देश के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले भी बढ़े हैं। 2019 से 2023 के बीच भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) के पास दर्ज साइबर सुरक्षा संबंधी घटनाएं चार गुना से अधिक बढ़ गई हैं। इस अवधि में सरकारी संगठनों से संबंधित मामले दोगुने से अधिक हो गए। इस समय देश में शासन से लेकर बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक सबकुछ डिजिटल किया जा रहा है। ऐसे में मामूली सेंध भी बड़ी क्षति पहुंचा सकती है। सरकार ने देश को सेमीकंडक्टर का गढ़ बनाने की योजना बिल्कुल समय पर आरंभ की है लेकिन बिना एंड टु एंड डेटा संरक्षण में समानांतर निवेश किए हम डेटा समृद्ध लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से कमजोर अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। हमें डेटा संरक्षण में निजी, सार्वजनिक जैसे तमाम तरह के निवेश की आवश्यकता है। दुनिया निरंतर संरक्षणवादी रुख अपना रही है।**



देश की व्यापक और विशिष्ट जनांकिकी और तमाम विरोधाभासों के बावजूद तेजी से उभरते टेक क्षेत्र और 108 यूनिकॉर्न के साथ भारत में प्रौद्योगिकी को अपनाने की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। ब्लॉकबस्टर एबीसीडी तकनीकों -आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, ब्लॉकचेन, क्लाउड एडॉप्टेशन और डेटा एनालिटिक्स की परिवर्तनकारी क्षमताएं तो पूरी तरह निर्विवाद हैं और वे तेजी से हमारे रोजमर्रा के जीवन में पैठ बना रही हैं। अब हम अपने ऊपर एआई के प्रभाव को लेकर पहले की तरह लापरवाह नहीं रह सकते। चाहे बात खुदरा क्षेत्र की हो, अस्पतालों की, कृषि की या हमारी रक्षा प्रणालियों की। इसके बावजूद एक अहम चुनौती अभी तक अनसुलझी है और वह है डेटा संप्रभुता। तकनीक वैश्विक आर्थिक व्यवस्था को निरंतर नया आकार दे रही है ऐसे में भारत को अपने विचारों को नए सिरे से सुसंगत बनाना होगा और इस बात को ध्यान में रखना होगा कि हमारा डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का काम बाह्य संस्थाओं द्वारा नहीं तय होना चाहिए बल्कि उसकी बुनियाद सुरक्षित, संप्रभु और आत्मनिर्भर डेटा संचालन पर होनी चाहिए। यूरोप और अमेरिका के डेटा कानून खासतौर पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (जीडीपीआर) और कैलिफोर्निया कंज्यूमर प्राइवेसी एक्ट (सीसीपीए) आदि वैश्विक डेटा निजता ढांचे को आकार दे रहे हैं। इससे दुनिया के विभिन्न देश अपने-अपने नियमन को दुरुस्त करने को लेकर प्रेरित हुए हैं। चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों ने मजबूत डेटा संचालन नीतियां बनाई हैं, वे निजता और आर्थिक तथा सुरक्षा चिंताओं के बीच संतुलन कायम कर रहे हैं। दक्षिण पूर्वी एशिया की अर्थव्यवस्थाएं जिनमें सिंगापुर और इंडोनेशिया शामिल हैं, वे अपने नियंत्रण सख्त कर रही हैं। जाहिर है वे विदेशी टेक दबदबे को लेकर चिंतित हैं। डिजिटल शक्ति में बदलाव के साथ डेटा स्वामित्व की लड़ाई वैश्विक भू राजनीति में एक बड़ा मुद्दा बनने जा रही है। भारत का तेजी से विकास हो रहा है और वह मध्यम आय से उच्च आय वाली अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। केवल चुनिंदा दक्षिणपूर्वी एशियाई देश मसलन सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, ताइवान और दक्षिण कोरिया ने ही सफलतापूर्वक यह हासिल किया है। भारत के लिए टिकाऊ वृद्धि का अहम स्रोत डिजिटली मजबूत होने में है और इसके लिए मजबूत डेटा संरक्षण आवश्यक है।

**अनुकूल जनांकिकी :** हमारे लिए बहुत कुछ घटित हो रहा है। भारत ने 2013 के बाद से वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग में सबसे तेज छलांग लगाई है और 2013 के 65वें स्थान से वह 2024 में 39वें स्थान पर आ गया है। गार्टनर डिजिटल वर्कप्लेस सर्वे में भारत को डिजिटली सबसे निपुण देश बताया गया है। इस मामले में वह यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका से भी आगे है। इसके लिए इसकी बड़ी युवा श्रम शक्ति जिम्मेदार है। 1.59 लाख से अधिक स्टार्टअप तथा तेजी से विकसित होती डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब है। अनुमान है कि 2030 तक देश में फोर्ब्स ग्लोबल 2000 कंपनियों के 620 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) मौजूद होंगे। इससे तकनीकी पॉवर हाउस की हमारी छवि मजबूत होगी।

ऐतिहासिक रूप से देखें तो आर्थिक नीति का संबंध बाजार में दबदबे और प्रतिस्पर्धा से रहा है। आज, यह डेटा पर नियंत्रण से तय होती है। तकनीक ई-कॉमर्स को बदल रही है और चैटजीपीटी जैसे एआई संचालित नवाचार ने दिखाया है कि नवाचार और नई खोज में बढ़त बनाए रखना अहम है। माना जा रहा है कि भौतिक विस्तार के साथ देश की जनांकिकीय बढ़त और मांग आधारित वृद्धि की मदद से सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि 5-6 फीसदी रहेगी, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्था 1-2 फीसदी पर स्थिर रहेगी। तकनीक अपने आप में निरपेक्ष है लेकिन हमारे डेटा के संरक्षण के लिए नियामक की स्थापना सही दिशा में एक कदम होगा। फरवरी 2025 तक भारत में 153 डेटा सेंटर थे। मुंबई 38 डेटा केंद्रों के साथ शीर्ष पर था जबकि बेंगलूरु में 21 केंद्र थे। क्रिसिल रेटिंग्स रिपोर्ट के अनुसार भारतीय डेटा सेंटर उद्योग की क्षमता वित्त वर्ष 27 तक 2-2.3 गीगावॉट हो जाएगी। जेएलएल इंडिया का अनुमान है कि 2026 तक कुल 1,521 मेगावॉट क्षमता होगी। इस तेज विस्तार के जोखिम भी हैं। सर्वस्वीकार्य डिजिटल संप्रभुता ढांचे की कमी ने वैश्विक डिजिटल पारिस्थितिकी को ऐसी स्थिति में बदल दिया है जहां बहुराष्ट्रीय कंपनियां नियामकीय कमियों का लाभ लेकर डेटा स्वामित्व की शर्तें तय कर रही हैं। कड़े घरेलू कानूनों के बावजूद भारत ने यह प्रत्यक्ष महसूस किया कि वैश्विक टेक कंपनियों ने कैसे नियमन को किनारे करके संवेदनशील डेटा पर नियंत्रण किया। ओपनएआई ने हाल ही में एक भारतीय अदालत में दोहराया है कि चैटजीपीटी के डेटा को हटाना अमेरिकी कानूनी दायित्वों का उल्लंघन होगा। दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश हर क्षण बहुत अधिक डेटा तैयार करता है लेकिन इनमें से अधिकांश विदेशी सर्वरों में रखा जाता है। हमारी नागरिक सेवाएं अधिकांशतया चीनी चिप पर आधारित हैं जो असुरक्षित हैं। यह बात हमें कमजोर बनाएगी।


# जनता को तंग करने वाले फैसले, दिल्ली में पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध

**संजय गुप्त।**

हाल में राजधानी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के इस आदेश ने दिल्ली एवं एनसीआर के लाखों वाहन मालिकों के लिए परेशानी पैदा कर दी कि उम्र पूरी कर चुके अर्थात 10 वर्ष से पुराने डीजल और 15 वर्ष से पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह आदेश इसलिए दिया गया, क्योंकि ऐसे वाहनों को चलन से बाहर करने के उसके आदेश पर अमल नहीं किया जा रहा था। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल न देने के फैसले से दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी फैल गई।

एक-दो दिन के अंदर ही यह एक राजनीतिक मसला बन गया और ऐसी आवाजें भी उठीं कि उम्र पूरी कर चुके वाहनों को एकाएक ईंधन न देने का फैसला सही नहीं है। खुद दिल्ली सरकार को आगे आना पड़ा और सीएक्यूएम से कहना पड़ा कि वह अपना फैसला वापस ले। प्रदूषण रोधी निकाय सीएक्यूएम के पास पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता के प्रबंधन का अधिकार है। पता नहीं यह निकाय किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंच गया कि 10 वर्ष पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के इंजन ऐसे हो जाते हैं कि उनका उत्सर्जन इतना बढ़ जाता है कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। इस नतीजे पर पहुंचने के पहले अध्ययन एवं विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया ही गया होगा, लेकिन शायद इसकी अनदेखी कर दी गई कि कई वाहन मालिक अपने वाहनों का कम इस्तेमाल करते हैं। अधिकतर उनका कमर्शियल इस्तेमाल भी नहीं करते। इसके चलते उनके वाहनों के इंजन इतने खराब नहीं होते कि उन्हें प्रदूषण फैलाने का दोषी मान लिया जाए। कुछ लोगों के पास तो ऐसे वाहन हैं, जो 10 साल में 50 हजार किमी भी नहीं चले होते। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार अपनी वाहन नीति में फेरबदल करती रही है, पर उससे वायु प्रदूषण से निपटने में सफलता नहीं मिली। उत्तर भारत और विशेष रूप से राजधानी दिल्ली एवं उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण एक विकट समस्या बना हुआ है। आबादी जैसे-जैसे बढ़ रही है, शहरों में वाहन भी बढ़ रहे हैं और उनके उत्सर्जन से होने वाला प्रदूषण भी। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सर्दियां प्रारंभ होते ही हवा में धूल और धुएं का मिश्रण स्माग बना देता है। इसके चलते वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है। अब साफ हवा हिमालय से लगे कुछ क्षेत्रों और सुदूर दक्षिण भारत के चंद इलाकों को छोड़कर पूरे देश में खराब ही रहती है। सर्दियों में हवा और खराब एवं कई बार तो जानलेवा हो जाती है। वायु प्रदूषण के मूल कारणों में सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल, वाहनों एवं कल-कारखानों का उत्सर्जन है। इसके अलावा कोयला, लकड़ियां, उपले आदि जलाने से निकलने वाला धुआं भी वायु प्रदूषण का कारण बनता है। सर्दियों के प्रारंभ में पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि में खेतों में फसलों के अवशेष यानी पराली जलाने का चलन भी वायु प्रदूषण बढ़ाने का काम करता है।

दिल्ली सहित उत्तर भारत के सभी प्रमुख शहरों में ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जब वाहन धीमी गति से चलते हैं तो वाहनों का उत्सर्जन कई गुना बढ़ जाता है। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए जैसी सड़कें और अन्य आधारभूत ढांचा होना चाहिए, उसका अभाव दिखता है। यह अभाव धीरे-धीरे सारे देश भर में दिखने लगा है। हमारे शहर ट्रैफिक जाम, धूल, धुएं के लिए जाने जाते हैं। जहां सड़कों के किनारे फुटपाथ होते हैं, उनका उपयोग पैदल यात्री छोड़कर अन्य सब करते हैं। कहीं पार्किंग होती है और कहीं छोटी-मोटी दुकान लगी होती हैं। चूंकि अतिक्रमण से ग्रस्त फुटपाथों पर पैदल यात्री नहीं चल पाते, इसलिए वे मजबूरी में सड़कों पर चलते हैं। इससे सड़कों पर वाहनों का चलना और धीमा हो जाता है। इसका नतीजा जाम और वाहनों का उत्सर्जन होता है। इस स्थिति से सब अवगत हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देने से इन्कार किया जा रहा है। वाहनों के खराब इंजन के चलते उनसे निकलने वाले उत्सर्जन को मापने के जो तौर-तरीके प्रचलित हैं और जिसके तहत पेट्रोल पंपों से वाहन चालक सर्टिफिकेट लेते हैं, वे फेल हो चुके हैं। एक तो लोग ऐसे सर्टिफिकेट लेने की परवाह नहीं करते और दूसरे, वाहन का इंजन चाहे जैसा हो, मनचाहा सर्टिफिकेट पैसे देकर मिल ही जाता है। होना यह चाहिए कि वाहनों के जो भी सर्विस सेंटर, वर्कशाप या सड़क किनारे के मैकेनिक हैं, उनके पास ऐसे उपकरण हों कि वे वाहनों के उत्सर्जन की भी ढंग से जांच-परख कर सकें। यह नियम बनना चाहिए कि ये सब अपने पास आए किसी भी वाहन के उत्सर्जन को हर हाल में



नियंत्रित करें। उन्हें वाहन की हर तरह की कमी दूर करने और उसके ठीक हालात में होने का सर्टिफिकेट देने का भी अधिकार होना चाहिए। इस अधिकार की निगरानी वाहन निर्माता कंपनियों और सरकार को संयुक्त रूप से करनी चाहिए। वे आसानी से यह काम कर सकती हैं। वाहन निर्माता कंपनियों के पास मुनाफे के साथ सीएसआर फंड भी होता है।

आखिर जो काम वाहन निर्माता कंपनियों को करना चाहिए, वह सरकार अपने हाथ में क्यों लेती है? सवाल यह भी है कि वह जनता को तंग करने वाले फैसले क्यों लेती है? यदि वाहनों की फिटनेस के लिए वाहन निर्माता कंपनियों और उनके सर्विस सेंटर, वर्कशाप आदि को जिम्मेदार बनाया जा सके तो पेट्रोल पंपों को खटारा या फिर कथित तौर पर उम्र पूरी कर चुके या फिर ज्यादा उत्सर्जन वाले वाहनों को ईंधन देने से मना करने जैसे आदेश ही न देने पड़ें। वाहन निर्माता कंपनियों को अपनी गाड़ियों की बिक्री के हिसाब से सर्विस सेंटर खोलने चाहिए और उनकी सर्विसिंग के दौरान उनके उत्सर्जन स्तर का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

वाहन निर्माताओं के लिए यह भी जरूरी हो कि वे बेहतर तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ऐसे इंजन निर्मित करें, जिनसे उत्सर्जन कम से कम हो और पुराने वाहनों की सर्विसिंग सही तरीके से हो। हमारे नीति नियंता और नौकरशाह जब वायु प्रदूषण से निपटने के नाम पर वाहन स्वामियों को परेशान करने वाले फैसले ले लेते हैं तो वे राजनीतिक मसला बन जाते हैं और अक्सर वे वापस लेने पड़ते हैं।

# अपनी तकदीर बदलने वाली महिलाएं, दीदी की दुकान महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय

**स्वस्ति पचौरी।**

हाल की कई रिपोर्ट में यह बात आई है कि देश में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ा है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 37 प्रतिशत हो गई। यह बढ़त मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रमुख कारण महिलाओं के आत्मनिर्भर होने और किसी न किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना समझा जाता है। इन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पिछले दस वर्षों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सशक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का गजरौला ब्लाक इन तथ्यों की पुष्टि कर रहा है। यहां पिछले दो वर्ष से 'दीदी की दुकान' पहल के अंतर्गत चयनित एसएचजी की महिलाओं को व्यवसाय एवं उद्यमशीलता में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कई 'उद्यमी दीदी' अपनी दुकान चला रही हैं। बी-एबल फाउंडेशन की एक परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संगठित एसएचजी से इन महिलाओं को चुना गया। अन्य महिलाएं भी इस पहल का हिस्सा हैं, जो किसी एसएचजी से नहीं जुड़ी हुई हैं।

दीदी की दुकानों की खास बात यह है कि परचून और रोजमर्रा के राशन के सामान के साथ-साथ इनमें महिलाओं की जरूरतें संबंधी वस्तुएं भी मिलती हैं। इन दुकानों में सैनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लड़कियां, महिलाएं बिना हिचक खरीदती हैं। इन दुकानों पर रंग बिरंगी चूड़ियां, राखियां, सिलाई-कढ़ाई आदि के सामान भी खूब मिलते हैं। एक दीदी की दुकान में फ्रिज होने से कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत और डेरी का सामान है। कई दुकानों में गिफ्ट आइटम भी बिकते हैं। इन दुकानों को कुछ निजी कंपनियों ने अलमारी, रैक और काउंटर टेबल अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व-सीएसआर के तहत उपलब्ध कराए हैं। कई 'उद्यमी दीदी' महीने में 20 से 25 हजार रुपये कमा लेती हैं। इस पहल के अंतर्गत दीदियों को इसके लिए प्रोत्साहित किया गया है कि वे हर प्रकार का सामान अपनी दुकानों पर रखें, ताकि गांव वालों को न तो साप्ताहिक हाट-बाजारों पर निर्भर रहना पड़े और न ही शहर पर। इस योजना से सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि महिलाएं आगे आकर दुकानों का कारोबार



संभाल रही हैं, जो एक जमाने तक सिर्फ पुरुषों का ही व्यवसाय माना जाता था। इससे कई प्रकार की लैंगिक रूढ़िवादिताएं बदली हैं। अब न केवल महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं, बल्कि उनकी सामाजिक गतिशीलता में भी बदलाव आया है।

स्वयं सहायता समूहों और उद्यमता से सशक्त हो रही महिलाएं बताती हैं कि उन्हें एक नई पहचान मिली है और अब उनकी भी एक 'आइडेंटिटी' है। यह एक बड़ा बदलाव है। तमाम रिसर्च बताती हैं कि इस तरह की पहल से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है। जैसे कि एक दीदी बताती हैं कि पहले वे अपने घर से बाहर नहीं निकलती थीं, पर अब उनकी दुकान गांव का एक अहम 'लैंडमार्क' बन गई है। यदि किसी को आनलाइन या डाक से कुछ मंगवाना हो तो वह 'दीदी की दुकान' के पते पर पहुंच जाता है। इस तरह ये दीदियां सिर्फ गांव की जरूरतें ही नहीं, बल्कि एक प्रकार से गांव की आकांक्षाओं और आर्थिक सशक्तीकरण की 'ब्रांड एंबेसडर' जैसी बन गई हैं। इस प्रोजेक्ट को यूनिसेफ की भी मदद मिल रही है। जैसे प्रत्येक माह सबसे अधिक बिक्री करने वाली दीदी को बैटरी से चलने वाला एक पंखा यूनिसेफ के सौजन्य से भेंट किया जाता है। अगले कुछ महीनों में यूनिसेफ और ग्रामीण विकास मंत्रालय की मदद से इस प्रोजेक्ट को और राज्यों में शुरू किया जाएगा, जिसमें कंप्यूटर दीदी सेंटर्स की भी शुरुआत होगी। अन्य राज्यों में भी ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं जैसे झारखंड आजीविका की 'दीदी की दुकान', बिहार में 'दीदी की रसोई'। कर्नाटक में नारी उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए सहगल फाउंडेशन के अंतर्गत 'अमृत स्टाल' चलाए जा रहे हैं, जो महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर केंद्रित हैं। महिला उद्यमिता की ऐसी योजनाएं लैंगिक समानता एवं सतत विकास लक्ष्य पांच के तहत सुचारु रूप से अपना योगदान दे रही हैं, लेकिन कुछ बिंदुओं पर और काम हो सकता है। अभी बी-एबल फाउंडेशन इन सभी दीदियों को व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय साक्षरता आदि की ट्रेनिंग देता है, लेकिन इस पर और काम किया जा सकता है। महिलाओं को और अधिक डिजिटल प्रशिक्षण दिलवाया जा सकता है। इन दुकानों पर खिलौने रखे जा सकते हैं, जिससे 'मेक इन इंडिया', 'वोकल फार लोकल' जैसी योजनाओं को और मजबूती मिले।

## मेष

आपके मन में किसी काम को लेकर यदि संशय हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। बिजनेस कर रहे लोगों को अपने जूनियर्स का पूरा साथ मिलेगा, परिवार के किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है।

## वृषभ

आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लेकर आने वाला है। आपका कोई बिगड़ा हुआ काम भी बनने की संभावना है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपने शारीरिक समस्याओं को नजरंदाज कर सकते हैं।

## मिथुन

आप अपनी शौक और मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। आपके कुछ खास व्यक्तियों से मुलाकात हो सकती है। पार्टनरशिप आप थोड़ा सोच समझकर काम करें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी कला और कौशल में निखार आएगा।

## कर्क

आप यदि अपने आस-पड़ोस में चल रही समस्याओं को लेकर परेशान थे, तो उनसे आपको छुटकारा मिलेगा, लेकिन आपको अपने किसी मित्र के लिए कुछ धन का इंतजाम भी कर सकते हैं। आप आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

## सिंह

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी पिताजी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आप अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देंगे। जीवनसाथी से आपकी किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई बातचीत हो सकती है।

## कन्या

आप अपनी वाणी पर संयम रखें, नहीं तो आपको बाद में पछतावा हो सकता है। आपने यदि किसी काम को लेकर कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगा, लेकिन वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

## तुला

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने आवश्यक कामों को समय से निपटाने की कोशिश करें, नहीं तो पिताजी से आपको डांट खानी पड़ सकती है। आपके घर किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और कोई धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

## वृश्चिक

आप किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिए यदि लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपकी योजनाएं भी आपको बेहतर लाभ देंगी। आप अपने खर्चों को भी कंट्रोल करने की पूरी कोशिश करेंगे। आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

## धनु

आपके आस-पड़ोस में किसी से कोई बात को लेकर बहसबाजी होने की संभावना है। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आपके बॉस आपके कामों से काफी खुश रहेंगे और आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

## मकर

कार्यक्षेत्र में आपसे जल्दबाजी के कारण कोई गड़बड़ी हो सकती है, लेकिन आप उसे अपने जूनियर की मदद से ठीक करने में कामयाब रहेंगे। आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है। आपको अपनी बुद्धि पर नियंत्रण करके चलना होगा।

## कुंभ

आपको किसी लिए गए निर्णय के लिए पछतावा हो सकता है, लेकिन किसी कानूनी मामले में आपको काफी मेहनत मशक्कत के बाद खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आज का दिन आपके लिए थोड़ा सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपके विरोधी आपके खिलाफ कोई षड्यंत्र रच सकते हैं।

## मीन

आज का दिन राजनीति में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाले हैं, क्योंकि उनके कामों से उन्हें एक नई पहचान मिलेगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा ध्यान रहकर करना होगा, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना है। संतान को आप किसी प्रतियोगिता में भाग दिला सकते हैं।

# बस्तर में फैल रहा है अब विकास का उजियारा-सीएम विष्णु देव साय

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

छत्तीसगढ़, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, घने वन क्षेत्र और विविध जनजातीय समुदायों के लिए जाना जाता है, लंबे समय से नक्सलवाद की चुनौती से जूझता रहा है। बस्तर के विकास में बाधक रहे नक्सलवाद के अब यहां से नक्सल उन्मूलन की अंतिम लड़ाई जारी है। बस्तर संभाग अपनी कला एवं संस्कृति के लिए विशिष्ट पहचान रखता है अकेले बस्तर संभाग में ही हल्बी, गोड़ी, भतरी दोलरी जैसे पारंपरिक बोली, बोली जाती है। वर्षों से अशांत रहे बस्तर अंचल में ढोल और मांदर की थाप अब फिर से सुनाई देने लगेगी। मार्च 2026 तक बस्तर को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प छत्तीसगढ़ सरकार ने लिया है। सटीक रणनीति के साथ यहां आतंक के खात्मे और सामाजिक- आर्थिक विकास के काम हो रहे हैं। बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे आयोजनों



में जिस तरह लोगों ने भागीदारी की वो इस बात का प्रमाण है की बस्तर में अब शांति स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का मानना है कि ''लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर शोर से जारी है। इसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैंठेंगे।''

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून 2025 को छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए थे इस दौरान उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में आराम करने वाले नक्सली इस बरसात में चैन की नींद नहीं सो पाएंगे। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल ऑपरेशन जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों के वीर जवान कठिन चुनौतियों और दुर्गम परिस्थितियों के बावजूद नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को ऐतिहासिक सफलता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों का अद्वितीय साहस और बलिदान न केवल हमारे जवानों की कर्तव्यनिष्ठा को प्रदर्शित करता है, बल्कि पूरे देश को एक सकारात्मक संदेश भी देता है कि हमारा देश अब नक्सलवाद की बेड़ियों से मुक्त होने की ओर अग्रसर है।

छत्तीसगढ़ में बीते 21 मई 2025 को माओवादी सरगना बसव राजू के साथ अबूझमाड़ के जंगल में 26 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों के हाथों मारे जाने से नक्सलवाद की कमर टूटी है। इस पर सवा 3 करोड़ का ईनाम घोषित था। तीन दशकों में पहली बार हुआ है कि जनरल सेक्रेटरी रैंक का कोई माओवादी न्यूट्रलाइज किया गया। यह असाधरण कामयाबी है और इस बात का स्पष्ट संकेत है कि नक्सल के ताबूत में हमने अंतिम कील जड़ दिया है। इसके अलावा शीर्ष ईनामी नक्सली लक्ष्मी नरसिम्हा चालम उर्फ सुधाकर भी 05 जून 2025 को नेशनल पार्क एरिया में पुलिस मुठभेड़ में ढेर किया गया, इस पर 1 करोड़ का ईनाम था। नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना नक्सल प्रभावित इलाकों में गेम चेन्जर्स साबित हो रही है।

माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों एवं ग्रामीणों को 17 विभागों की 59 हितग्राहीमूलक योजनाओं और 28 सामुदायिक सुविधाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा।

## कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक खत्म, संगठन में ब्लॉकों के पुनर्गठन और बीजेपी को घेरने की बनी रणनीति

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

रायपुर। राजधानी रायपुर में सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में पार्टी मल्लिकार्जुन खरगे, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव सहित सीनियर नेता शामिल हुए। बैठक में प्रदेश कांग्रेस संगठन में ब्लॉकों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। ब्लॉक कांग्रेस की संख्या बढ़ाने के लिए जनसंख्या और क्षेत्रफल के अनुसार



ब्लॉक बढ़ाने की आवश्यकता पर क्ष्ष्ट की बैठक में नेताओं ने अपनी बात रखी। बैठक में बीजेपी सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हुई। पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में पांच एजेंडों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेसी नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने, बस्तर के खनिज संसाधनों और गरीब आदिवासियों के जल जंगल जमीन पर कब्जा करने, किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं कराने और अन्य अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को एकजुट रहकर काम करने की सलाह देते हुए कहा, भाजपा हमारे नेताओं पर झूठे आरोप लगाकर जेल भेजने की कोशिश कर रही है। उनके प्रयासों को सफल नहीं होने देना है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल में झारसुगुड़ा यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुड़ा यार्ड में किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा । यार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों का प्री-एनआई (16 अगस्त 2025 से 08 सितंबर 2025 तक) और 25वें दिन (09 सितंबर, 2025) 06 घंटे (11ः00 से 17ः00 बजे तक) का पूर्ण यातायात ब्लॉक रहेगा । इसके अतिरिक्त, 1 दिन का पोस्ट-एनआई कार्य (10 सितंबर 2025 को) भी किया जाएगा । इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा जिसका विवरण इस प्रकार है

रद्द होने वाली गाड़ियों का विवरण 01.
दिनांक 19 से 21 अगस्त 2025 तक 24 अगस्त 2025 से 02 सितंबर 2025 तक एवं 05 सितंबर से 10 सितंबर, 2025 तक गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटा- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस टाटा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 02. दिनांक 26 अगस्त 2025 से 09 सितंबर 2025 तक 17007 चर्लापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 03.
दिनांक 29 अगस्त 2025 एवं 12 सितंबर 2025 को 17008 दरभंगा- चर्लापल्ली एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 04.
दिनांक 28 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 17005 हैदराबाद रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 05.
दिनांक 31 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 06.
दिनांक 30 अगस्त 2025 को गाड़ी संख्या 07051 चर्लापल्ली- रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 07.
दिनांक 02 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 07052 रक्सौल- चर्लापल्ली एक्सप्रेस रद्द रहेगी 08. दिनांक 01 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 07005 चर्लापल्ली- रक्सौल एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 09. दिनांक 04 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल- चर्लापल्ली एक्सप्रेस रद्द रहेगी 10. दिनांक 08 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़- संतरगाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 11. दिनांक 10 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 12768 संतरगाछी - नांदेड़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
12. दिनांक 06 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 13425 मालदाटाउन- सूरत एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
13. दिनांक 08 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 13426 सूरत- मालदाटाउन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 14. दिनांक 06 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 20822 संतरगाछी- पुणे एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।15. दिनांक 08 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 20821 पुणे- संतरगाछी एक्सप्रेस रद्द रहेगी परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों का विवरण 01.
दिनांक 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त 2025 एवं 08 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 18477 पुरीङ्ग्योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर चलेगी । 02. दिनांक 26, 28, 30 अगस्त 2025 एवं 01, 08, 09 सितंबर 2025 को गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब,

## अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पार्षद कमिश्नर सहित सफाई करवाकर गंदे पानी का निकास करवाया

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

बरसते पानी में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वार्ड 2 पार्षद जोन 8 जोन कमिश्नर सहित कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी पहुंचे एवं नाली,नाला सफाई करवाकर गंदे पानी का निकास करवाया- आज राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में लगातार दिन भर बरसते पानी में रायपुर नगर पालिक निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री सुनील गायत्री चंद्राकर एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद श्री भगतराम हरवंश ने नगर पालिक निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा सहित नगर निगम जोन 8 क्षेत्र अंतर्गत पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्षेत्र के अंतर्गत कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड आवासीय कालोनी क्षेत्र में सफाई



व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण करते हुए नालियों एवं नाले की सफाई कामगारों की सहायता से अपने सामने सफाई करवाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु गंदे पानी का निकास आवासीय कॉलोनी क्षेत्र में तत्काल सुनिश्चित करवाया। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं वार्ड पार्षद से हाउसिंग बोर्ड आवासीय कालोनी कबीर नगर क्षेत्र की सफाई एवं निकास व्यवस्था को लेकर स्थल निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए जोन 8 जोन कमिश्नर ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक को इस सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये।

## पार्षद- अमर गिदवानी, सफाई एवं कचरा उठाव का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण



रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

बरसते पानी में वार्ड 57 के कटोरा तालाब की गलियों में जेएचओ सहित निकले पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, सफाई एवं कचरा उठाव का किया प्रत्यक्ष निरीक्षण

रायपुर - आज बरसते पानी में रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के कटोरा तालाब की गलियों में वार्ड पार्षद एवं निगम एमआईसी सदस्य श्री अमर गिदवानी जोन 4 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीरेन्द्र चंद्राकर के साथ निकले और गलियों की सफाई कामगारों द्वारा सफाई और बरसते पानी में कचरे के उठाव के अभियान का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया और वार्ड की सफाई के सम्बन्ध में जोन स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए.

## लोधीपारा सर्किल स्टेशन रोड रायपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र जंघेल एवं महिला अध्यक्ष मती सविता जंघेल निर्विरोध घोषित




रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

लोधी क्षत्रिय समाज रायपुर के अधीनस्थ सर्किल स्टेशन लोधीपारा पं. क्रं.2066 में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मान कृष्ण कुमार सिंगौर एवं पर्यवेक्षक बंधु जंघेल और योगेश जंघेल की उपस्थिति दिनांक 6 जुलाई 2025 दिन रविवार को पालकी रेस्टोरेंट स्टेशन लोधीपारा में निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें महिला एवं पुरूष पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया। निर्वाचन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। सर्किल अध्यक्ष राजेन्द्र जंघेल, उपाध्यक्ष बाल मुकुंद चंदेल, सचिव सतीश जंघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश जंघेल एवं संयुक्त सचिव मधुसूदन जंघेल चुनें गए।

इसी प्रकार सर्किल में महिला पदाधिकारी में सर्किल अध्यक्ष मती सविता जंघेल, उपाध्यक्ष मती नीता जंघेल, सचिव मती पम्पा चंदेल, कोषाध्यक्ष मती कौशल्या जंघेल, संयुक्त सचिव मती लक्ष्मी जंघेल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन कार्यक्रम में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अधीन जंघेल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं देकर कहा कि समाज के सभी सदस्य गण समाज सेवा एवं अन्य सेवाओं के माध्यम समाज को आगे बढ़ने के उद्देश्य से अपना अपना योगदान दे रहें है। आशा है कि नवनिर्वाचित सदस्यगण सभी का सहयोग लेकर स्टेशन लोधीपारा सर्किल को एक आदर्श सर्किल एवं स्वस्थ समाज बनाने का पूरा प्रयास करेंगे।

## महामाया मंदिर समिति ने जामगांव में पौधे रोपे



रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

जुलाई। महामाया मंदिर सार्वजनिक न्यास समिति के सदस्यों ने जामगांव (एम) में रविवार को विशाल पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। न्यास समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक एवं मंदिर व्यवस्थापक पं विजय कुमार झा ने बताया है कि जामगांव में हजारों की संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों व मंदिर के कर्मचारी, कार्यकर्ताओं न्यासियों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। न्यास समिति के ग्राम व्यवस्थापक कुंज लाल यदु, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य कृपाराम यादव, विजय शंकर अग्रवाल उपेंद्र कुमार शुक्ला, सूरज फुटान, शिबू बिहारी शुक्ला, एवं सहित, जामगांव (एम) के सरपंच तुलसी सिन्हा, दरोगा संतराम चन्द्राकर, शैलेन्द्र शर्मा, आदि ने पौधे रोपे ।मंदिर के पूर्व सचिव स्वर्गीय ललित कुमार तिवारी के परिजनों ने भी वृक्षारोपण में हिस्सा लिया।

पढ़े रायपुर, बढ़े रायपुर

# विद्यार्थियों के शिक्षा स्तर में सुधार के लिए मिशन उत्कर्ष की शुरुआत

**स्कूली ं को सोशल मीडिया तथा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करें- एसएसपी डॉ लाल उमेद**

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

कार्ययोजना बनाकर शिक्षा विभाग रिजल्ट ओरिएंटेड कार्य करें- कलेक्टर डॉ गौरव सिंह*

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप रायपुर जिला प्रशासन ने छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने तथा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन देकर शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने के लिए मिशन उत्कर्ष की शुरुआत की है। इस अवसर पर रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में सभी स्कूलों के प्राचार्यों की एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मिशन के उद्देश्यों, रणनीतियों व क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाल में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप मिशन उत्कर्ष को पूरी गंभीरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग वर्षभर की विषयवार शैक्षणिक कार्ययोजना बनाकर, अच्छे परिणाम लाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें।



साथ ही सभी प्राचार्यों को कहा किया कि स्कूल जाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य करें और बच्चों, अभिभावकों व शिक्षकों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्कूलों में पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का आह्वान किया गया।

एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि रायपुर कैपिटल है, प्रदेश का आईना है। यहां अच्छा कार्य करें जो पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बने। एसएसपी डॉ सिंह ने कहा कि जिले को राज्य में टॉप 3 में लाने का संकल्प सभी को लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया जागरूकता और ट्रैफिक नियमों की शिक्षा देने पर भी बल दिया।

कार्यशाला में बताया गया कि मिशन उत्कर्ष एक संगठित, समर्पित और डेटा-आधारित दृष्टिकोण है, जिसका मुख्य उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं में 100त्न उत्तीर्णता सुनिश्चित करना है। साथ ही 80त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाना तथा राज्य मेरिट सूची में रायपुर जिले के अधिकाधिक छात्रों को स्थान दिलाना मिशन का लक्ष्य है। समयबद्ध तैयारी व सतत मूल्यांकन किया जाए, मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक व प्री-बोर्ड परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित होंगी। मॉडल उत्तर लेखन व अभ्यास के साथ विषयाधारित तैयारी के साथ नियमित उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन व फीडबैक लिया जाएगा। कमजोर छात्रों के लिए संदेह समाधान सत्र, विशेष अभ्यास कक्षाएं आयोजित की जाएगी। श्रेष्ठ शिक्षक, विषय, विद्यालय और टॉपर्स को प्रशंसा पत्र एवं लंच विथ कलेक्टर विशेष पुरस्कार व सम्मानित किया जाएगा।

## अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए कल आई.टी.आई सड्डू में प्लेसमेंट कैम्प

रायपुर ( प्रतिदिन राजधानी )

विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर की उप संचालक डॉ शशिकला अतुलकर ने बताया कि अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए रोजगार हेतु मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 7 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई विधानसभा रोड़ सड्डू में किया जाएगा। इस कैम्प में 20 निजी संस्थान लगभग 100 अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जायेगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजकों द्वारा 10वीं, 12वीं बी.ए., बी कॉम, बी.ई., आई.टी.आई, स्नातक, स्नातकोत्तर योग्यताधारी अस्थिबाधित दिव्यागंजन भाग ले सकते है।प्लेसमेंट कैम्प में चयनित आवेदकों को उनके योग्यता एवं पद के अनुसार लगभग 10 से 20 हजार रूपये तक मासिक वेतनमान ओर भर्ती किया जाएगा एवं उनका कार्यक्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र उरला, सिलतरा, भनपुरी एवं रायपुर रहेगा।छत्तीसगढ़ के समस्त इच्छुक अस्थिबाधित दिव्यांगजन, जो बिना व्हीलचेयर के चलने फिरने में सक्षम है तथा जिनकी आयुसीमा 18 वर्ष से 45 वर्ष तक है वे इस प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते है। दिव्यांगजन अपने सभी प्रमाण-पत्रों तथा 12वीं / स्नातक उत्तीर्ण की अंकसूची, तकनीकी योग्यता, प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड आदि के मूल एवं फोटोकॉपी की एक प्रति, दो पासपोर्ट साइज के फ़ोटो के साथ कैम्प में उपस्थित हो सकते है। कैम्प में आने जाने हेतु कोई मार्गव्यय देय नहीं होगा। खाने-पीने एवं ठहरने की व्यवस्था स्वयं आवेदक को करना होगा।

# न्यूड फोटोशूट पर रणवीर सिंह पर हुई थी एफआईआर


## रवीना को घूरने पर सेट से बाहर निकाले गए, कभी वेटर बने, आज है 119 करोड़ का बंगला



मुंबई का लड़का, रंग-बिरंगे कपड़ों का दीवाना, जबरदस्त एनर्जी वाला एक्टर, ये पहचान है रणवीर सिंह की। जिनकी गिनती आज बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स में होती है। शुरुआत में रणवीर ने कई रिजेक्शन झेले, लेकिन 2010 में आई फिल्म बैंड बाजा बारात से डेब्यू करने के बाद उन्होंने इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई। बाजीराव मस्तानी, पद्मावत और गली बॉय जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई। रणवीर भवनानी यानी रणवीर सिंह का जन्म 6 जुलाई 1985 को मुंबई में एक सिंधी परिवार में हुआ। पिता जगजीत भवनानी और मां अंजू भवनानी हैं। बचपन से ही उन्हें एक्टिंग और परफॉर्मेंस का शौक था। वो स्कूल में ड्रामा और मिमिक्री करते थे। रणवीर ने मुंबई के एच.आर. कॉलेज से ग्रेजुएशन किया और फिर आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका गए। इंडियाना यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते समय उनकी रुचि एक्टिंग में हो गई। वहां उन्होंने थिएटर किया। 2013 में कॉफी विद करण शो में रणवीर ने बताया था कि जब वह अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे, तब उन्होंने स्टारबक्स में वेटर के तौर पर काम किया और कॉफी सर्व कीं। उन्होंने बताया था कि वो एक्स्ट्रा पैसे कमाने के लिए पार्ट टाइम नौकरी करते थे।


### ऑडिशन दर ऑडिशन दिए, लेकिन कई बार रिजेक्ट हुए

पढ़ाई के बाद रणवीर मुंबई लौटे। इंडस्ट्री में पैर जमाना आसान नहीं था। ऑडिशन दर ऑडिशन दिए। कई बार रिजेक्ट हुए, लेकिन हार नहीं मानी। एक्टिंग से पहले उन्होंने विज्ञापन एजेंसियों O&M, JWT में कॉपीराइटर के रूप में काम किया। 2010 में यशराज फिल्म्स ने उन्हें मौका दिया और रणवीर ने 2010 में बैंड बाजा बारात फिल्म से करियर शुरू किया। फिल्म में दिल्ली के बिट्टू शर्मा का रोल किया। शूटिंग के दौरान एक बार ऑफिस लोकेशन के बाहर एक लोकल शख्स शूटिंग में बाधा डालने लगा। उसने कई गालियां दीं। इसके बाद रणवीर ने बड़ी सहजता से माहौल संभाला। वह उस व्यक्ति के पास गए, उसे गले लगाया और विनम्रता से कहा, भाई साहब, प्लीज हमें शूट करने दीजिए। मेरी पहली फिल्म है। रणवीर के इस अंदाज से वह व्यक्ति पिघल गया और पूरी तरह बदल गया। उसने बाद में टीम का साथ भी दिया और शूटिंग में मदद की। यह फिल्म 10 दिसंबर 2010 को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। रणवीर रातों-रात स्टार बन गए।



बॉलीवुड में शानदार कामयाबी हासिल करने वाले रणवीर की लाइफ में कुछ विवादास्पद पल भी आए। 2015 में रणवीर सिंह AIB नॉकआउट रोस्ट में शामिल हुए। इसमें अर्जुन कपूर और करण जौहर भी थे। शो में अश्लील और भद्दे मजाक हुए। रिपोर्ट के अनुसार, मामले में रणवीर सिंह समेत 14 लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। जुलाई 2022 में, रणवीर सिंह ने पेपर मैगजीन के लिए एक न्यूड फोटोशूट कराया था। एक महीने बाद तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उनके खिलाफ थाने में कई शिकायतें दर्ज हुईं। इस मामले में पूछताछ के लिए मुंबई पुलिस ने उन्हें समन भी भेजा। रणवीर पर अश्लीलता फैलाने और महिलाओं की मर्यादा का अपमान करने का भी आरोप लगा। आईपीसी की धारा 292, 293, 509 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत केस दर्ज हुआ। रणवीर सिंह ने सफाई दी कि तस्वीरें मॉर्फ की गई थीं। पुलिस ने जांच के बाद मामला बंद किया। हालांकि, लोग सवाल करते रहे कि ऐसी तस्वीरें उनके आधिकारिक अकाउंट से क्यों पोस्ट हुईं। बाद में यह तस्वीर सुजन स्टीवंस के 2023 के एल्बम जेवलिन के गाने गुडबाय एवरग्रीन की कवर आर्ट के रूप में इस्तेमाल की गई। रणवीर को उनके फैशन को लेकर भी आलोचना झेलनी पड़ी है। कुछ लोग उनके पहनावे को अजीब मानते हैं। 2014 में ड्यूरेक्स के ब्रांड एम्बेसडर बनने के दौरान उन्होंने सेक्स एजुकेशन पर बात की। जीक्यू इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में रणवीर ने बताया था कि ड्यूरेक्स के विज्ञापन का कॉन्सेप्ट उन्होंने खुद तैयार किया था। रणवीर ने बताया था, मैंने ड्यूरेक्स को खुद फोन किया और कहा कि मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं। कोई बड़ा सितारा कंडोम ब्रांड को प्रमोट नहीं करता, लेकिन मैंने सोचा, क्यों ना मैं ये करूं? रणवीर ने कहा था कि वो 12 साल की उम्र से ही ड्यूरेक्स का इस्तेमाल कर रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि 12 साल की उम्र में ऐसा कौन करता है, तो रणवीर ने जवाब दिया था, 14 साल की लड़की! रणवीर सिंह के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वह फिल्म धुरंधर में नजर आएंगे। साथ ही डॉन सीरीज में शाहरुख को रिप्लेस कर एक्ट करेंगे।


### दीपिका से 2012 में डेटिंग शुरू, 2018 में हुई शादी



रणवीर ने फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण को अगस्त 2012 में डेट करना शुरू किया। अक्टूबर 2018 में दोनों ने जल्द शादी करने का ऐलान किया। फिर अगले महीने इटली के लेक कोमो में उनकी शादी हुई। 8 सितंबर 2024 को दीपिका ने बेटी दुआ को जन्म दिया। 2023 में, कॉफी विद करण के आठवें सीजन के पहले एपिसोड में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण पहुंचे थे। हालांकि इस एपिसोड के बाद दीपिका को ऑनलाइन आलोचना का सामना करना पड़ा क्योंकि उन्होंने अपने रिलेशनशिप के शुरुआती समय में उनके ओपन रिलेशन के बारे में बात की थी। दीपिका ने कहा था, मैं थोड़ी दिनों के लिए सिंगल रहना चाहती थी, क्योंकि मैं मुश्किल रिश्तों से निकली थी। मैं ऐसे फेज में थी जहां मैंने कहा मुझे किसी से जुड़ना नहीं है, कमिट नहीं करना है और मैंने एन्जॉय किया और फिर ये (रणवीर) आया, तो मैंने कमिट नहीं किया, जब तक इसने मुझे प्रपोज नहीं किया। कोई कमिटमेंट नहीं था। टेक्निकली हम और लोगों को भी देख सकते थे, लेकिन हम बार-बार एक-दूसरे के पास ही लौट आते थे। रणवीर सिंह के पास मुंबई में 119 करोड़ रुपए का 4 मंजिला अपार्टमेंट है। इस नए घर से समुद्र का नजारा दिखता है। रणवीर ने बैंडस्टैंड की एक इमारत 'सागर रेशम' की 16, 17, 18 और 19वीं मंजिल को खरीदा हुआ है, जो शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' और सलमान खान के 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' के बीच है। एक बार जब रवीना मशहूर गाना टिप टिप बरसा पानी शूट कर रही थीं, तो शूट के दौरान छोटे रणवीर सिंह सेट पर मौजूद थे और रवीना को घूर-घूरकर देख रहे थे। रवीना ने कहा कि उन्हें काफी असहज महसूस हुआ, क्योंकि गाना बहुत सेंशुअल था और बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं था। कपिल शर्मा शो में रवीना ने बताया था कि रणवीर आंखें फाड़कर और जीभ निकालकर उन्हें देख रहे थे। इसके बाद उन्होंने प्रोड्यूसर से कहा कि बच्चों को बाहर भेजें, ताकि वे स्कैंडलाइज न हों। रवीना ने माना कि रणवीर बहुत स्वीट और नॉटी थे और आज भी इस किस्से पर मजाक करते हैं कि उन्हें सेट से निकाल दिया गया था। रणवीर सिंह ने बताया था कि स्कूल में छैंया छैंया सुनने के इतने दीवाने थे कि क्लास में वॉकमैन पर सुनते पकड़े गए, जिसके चलते वो सस्पेंड हो गए थे। रणवीर ने बोला था, 'क्लास से निकाल दो, पर मेरा वॉकमैन मत छूना।' 2011 में जब रणवीर सिंह सिमी गरेवाल के शो में पहुंचे थे, तो उनसे पूछा गया कि फिल्म बैंड बाजा बारात में अनुष्का को किस करने से पहले और बाद में आपने उनको क्या कहा था। इस पर रणवीर ने जवाब दिया था, मैंने किस से पहले कहा था - क्या तुम्हें मिंट चाहिए? और किस के बाद मैं बिल्कुल स्पीचलेस हो गया था। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा कॉफी विद करण सीजन 3 में पहुंचे थे। शो में उन्होंने अनुष्का से बातचीत के दौरान ऐसा कमेंट कर दिया जिससे वह असहज हो गईं। चैट के दौरान रणवीर ने कहा था, अगर तुम चाहती हो कि मैं तुम्हारे बम को पिंच करूं तो मैं यही हूं। ये सुनकर अनुष्का शॉक्ड हो गईं। वहीं करण हंसने लगे। जिसके बाद अनुष्का, रणवीर को शो पर ही मारने लगती हैं और कहती हैं, मुझसे इस तरह से बात मत करो. बता दें कि करण जौहर ने पहली बार रणवीर को यशराज फिल्म्स के ऑफिस में देखा था। करण ने सोचा वह असिस्टेंट डायरेक्टर हैं। करण ने आदित्य चोपड़ा से कहा था कि रणवीर को कास्ट न करें। उन्होंने रणवीर के लुक्स पर सवाल उठाए, लेकिन बैंड बाजा बारात देखकर करण का नजरिया बदल गया। फिल्म लुटेरा के एक सीन के लिए उन्होंने अपने पेट की साइड में स्टेपलर से क्लिप लगाई थी। उस सीन में उनके किरदार को गोली लगती है। उन्होंने कहा कि उस समय वह अभिनय में कच्चे थे और अपने किरदार में असली दर्द दिखाने के लिए ऐसा किया। वहीं, पद्मावत के लिए भी रणवीर ने खुद को 21 दिन तक कमरे में बंद रखा था, ताकि खिलजी के किरदार में उतर सकें। 'बाजीराव मस्तानी' की शूटिंग के दौरान रणवीर एक गंभीर हादसे का शिकार हुए थे। एक एक्शन सीन में उन्हें घोड़े पर सवार होना था, लेकिन अचानक वह घोड़े से गिर पड़े। गिरने से उनके कंधे में गहरी चोट आई थी। चोट इतनी गंभीर थी कि डॉक्टरों को सर्जरी करनी पड़ी। इस हादसे के बावजूद रणवीर ने शूटिंग नहीं छोड़ी। सर्जरी के बाद भी उन्होंने काम जारी रखा। वह जल्दी ठीक होकर वापस सेट पर लौट आए। उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी की। वहीं, गली बॉय के लिए रणवीर ने दस महीने तक रैप सीखा था। इसके अलावा रणवीर ने फिल्म 83 में कपिल देव का किरदार निभाने के लिए बहुत मेहनत की थी। विवियन रिचर्ड्स को आउट करने के लिए कपिल देव द्वारा लिए गए कैच को परफेक्ट बनाने में उन्होंने कई महीने लगा दिए थे। रणवीर ने न्यूज एजेंसी IANS को बताया था कि इस सीन को परफेक्ट बनाने में उन्हें 6 महीने लगे थे। उन्होंने असली लेदर बॉल से प्रैक्टिस की और बार-बार बॉल को कैच करने के लिए पीछे की ओर भागे।

# ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1 की शूटिंग पूरी

## नए पोस्टर में हाथ में कुल्हाड़ी-ढाल पकड़े दिखा खतरनाक योद्धा



सभी की निगाहें ऋषभ शेट्टी पर टिकी हैं क्योंकि वह कांतारा चैप्टर 1 के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनकी अवॉर्ड विनिंग फिल्म कांतारा की प्रीक्वल किसी न किसी कारण से सुर्खियों में बनी हुई है। एक्टर के जन्मदिन पर मेकर्स ने फिल्म के नए पोस्टर शेयर किए हैं, जो मूवी में कन्नड़ एक्टर के रोल की पहली झलक पेश करते हैं। एक्स पर होम्बेल फिल्म्स ने कांतारा चैप्टर 1 के कुछ दमदार नए पोस्टर शेयर किए, जिसमें ऋषभ शेट्टी की पहली झलक साफ दिखाई दे रही है। एक्टर को कुल्हाड़ी और ढाल पकड़े हुए शक्तिशाली और क्रूर रूप में देखा जा सकता है। यह झलक कुछ ही समय में फैंस के बीच वायरल हो गई है, जो इस फिल्म के लिए एक्साइटेड होने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं।

### ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1

पोस्ट को शेयर करते हुए मेकर्स ने ऋषभ शेट्टी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और फिल्म के सार को बताते हुए एक लंबा कैप्शन लिखा। इसके कैप्शन में लिखा है, जहां लीजेंड जन्म लेते हैं और जंगली जानवरों की दहाड़ गूंजती है। कांतारा लाखों लोगों को प्रभावित करने वाली प्रीक्वल है। लीजेंड के पीछे की पावर, ऋषभ शेट्टी को एक शानदार जन्मदिन की शुभकामनाएं। प्रीक्वल सकंताराचैप्टर 12 अक्टूबर, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में धूम मचाएगा।

### कांतारा का प्रीक्वल

खैर, यह फिल्म 2022 में रिलीज होने वाली बेहद सफल फिल्म कांतारा का प्रीक्वल है। नए पोस्टर के रिलीज के साथ, मेकर्स ने न केवल 2 अक्टूबर, 2025 को रिलीज की तारीख की पुष्टि की, बल्कि फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बारे में भी बताया। कांतारा चैप्टर 1 को साल की सबसे प्रतीक्षित फिल्मों में से एक माना जा रहा है। फिल्म में एक स्पेशल वॉर सीक्वेंस दिखाया जाएगा, जिसे 500 सेनानियों और कुल 3000 लोगों को काम पर रखकर तैयार किया गया है। इस सीन को 45-50 दिनों में 25 एकड़ के लोकेशन पर शूट किया गया था।


### दुर्घटना में बाल-बाल बचे एक्टर्स

कुछ दिनों पहले, आगामी फिल्म के सेट पर नाव पलटने की दुर्घटना के बारे में खबरें आई थीं, जिसमें ऋषभ और क्रू के मेंबर बाल-बाल बच गए थे। ऐसा कहा जाता है कि यह कर्नाटक के मणि जलाशय के अंदर हुआ था और एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार एक्टर सहित क्रू के सदस्य चोटिल होने से पहले भाग निकले थे।

## इंडस्ट्री की लड़की से शादी नहीं करना चाहते अनुज सचदेवा, बोले-

# मम्मी तो बहुत पीछे पड़ी हैं, लेकिन अभी करियर पर ध्यान देना चाहता हूं

**टीवी सीरियल सबकी लाडली बेबो से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अनुज सचदेवा आज छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपनी पहचान बना चुके हैं। हाल ही में वह वेब सीरीज छल कपट: द डिसेप्शन में नजर आए। अनुज ने न सिर्फ इस सीरीज में अपने किरदार की तैयारी के बारे में बताया, बल्कि पर्सनल लाइफ और खासतौर पर शादी को लेकर भी खुलकर बात की है।**



**जब आपने पहली बार इस सीरीज का नाम 'छल कपट' सुना, तो पहला रिएक्शन क्या था?**

जब मैंने पहली बार इस सीरीज का नाम छल कपट सुना, तो मुझे लगा कि यह नाम बिल्कुल सही है। शुरुआत में इस सीरीज का नाम वो 7 दिन रखा गया था, क्योंकि कहानी में शादी होती है और पूरी कहानी उन्हीं सात दिनों के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन वह नाम सिर्फ अस्थायी था। अब जो नाम छल कपट रखा गया है, वह कहानी के थीम थ्रिलर, सस्पेंस और मिस्ट्री के साथ पूरी तरह मेल खाता है। यह नाम सुनते ही एक रहस्यमय और रोमांचक एहसास होता है।

**सीरीज छल कपट में जो आपका किरदार है, उसके बारे में कुछ बताइए?**

इस सीरीज में मैं विक्रम शांडेल का किरदार निभा रहा हूं, जो एक पॉलिटिशियन का बेटा है। इस रोल के लिए मैंने काफी तैयारी की। मैंने यह समझने की कोशिश की कि एक नेता कैसे बोलता है, उसकी बॉडी लैंग्वेज कैसी होती है और वह पब्लिक के सामने कैसे पेश आता है। इसके लिए मैंने आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा की कई स्पीच देखीं। कैसे वो बेहद सहज और स्पष्ट तरीके से अपनी बात रखते हैं और लोगों को अपनी बात से जोड़ते हैं। इन सब चीजों से मैंने काफी कुछ सीखा और वही अनुभव इस किरदार में उतारने की कोशिश की।

**आपको क्या लगता है, आज के समय में छल कपट कितना मौजूद है?**

आज के समय में छल-कपट बहुत अधिक देखने को मिलता है। मुझे लगता है कि कोई भी इंसान भगवान नहीं बन सकता और शायद बनना चाहिए भी नहीं। हम इंसान उसी रूप में बने हैं जिसमें अच्छाई और बुराई दोनों का मिश्रण होता है। हर व्यक्ति के अंदर कुछ अच्छी और कुछ बुरी आदतें होती हैं। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि कुछ न कुछ छल-कपट हर इंसान के भीतर होता ही है। लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि इंसान को हर दिन अपने भीतर एक नई अच्छी आदत जोड़ने की कोशिश करनी चाहिए, ताकि वह धीरे-धीरे खुद को बेहतर बना सके।

**इस सीरीज में आपका जो किरदार है, वह आपके असली व्यक्तित्व से कितना मेल खाता है?**

साल 2020 के बाद मेरा झुकाव जियोपॉलिटिक्स की तरफ बढ़ा, जिससे मुझे दुनिया को एक नए नजरिए से समझने का मौका मिला। इससे मेरे अंदर धैर्य भी विकसित हुआ। इन सभी अनुभवों ने मुझे इस किरदार को निभाने में काफी मदद की। इसके अलावा मेरा यह मानना है कि जरूरी नहीं कि हर बार जवाब शब्दों से ही दिया जाए। कई बार बिना बोले भी बहुत कुछ कह दिया जाता है और यह किरदार भी कुछ ऐसा ही है। यही कुछ बातें हैं, जो असल में मेरे स्वभाव से काफी मिलती-जुलती हैं।

**इस सीरीज का सबसे यादगार पल आपके लिए क्या था?**

अक्सर ऐसा होता है कि कुछ शब्द बोलते वक्त हमारी जुबान फिसल जाती है या हम अटक जाते हैं। एक्टर्स के साथ भी यही होता है। इस सीरीज में एक सीन था, जिसमें मुझे अबेटमेंट टू सोसाइटी कहना था। लेकिन मैं बार-बार उस शब्द पर अटक रहा था। मजे की बात ये है कि सिर्फ शूटिंग के दौरान ही नहीं, जब हम डबिंग कर रहे थे तब भी मैं उसी शब्द को गलत ही बोलता रहा। उस वक्त भी सब हंसी नहीं रोक पाए। वो एक ऐसा मजेदार पल था, जिसे आज भी जब याद करता हूं, तो मुस्कान आ ही जाती है।

**टीवी, फिल्म और ओटीटी तीनों में आपने काम किया है। इन तीनों में आपको क्या अंतर महसूस होता है?**

जब मैंने फिल्मों में काम करना शुरू किया, तभी मुझे यह एहसास हो गया था कि आने वाले समय में फिल्मों का चलन धीरे-धीरे कम हो सकता है। आज के दौर में टेलीविजन की ऑडियंस बहुत बड़ी है। यहां एक कलाकार को नाम, शोहरत और एक अलग पहचान मिलती है, जो लंबे समय तक लोगों के दिलों में बनी रहती है। जहां तक ओटीटी की बात है, तो आज का जमाना वेब का है। यहां दर्शकों के पास कंटेंट देखने के कई विकल्प होते हैं। पहले के समय में लोग आसानी से थिएटर जाकर फिल्में देख लेते थे, टिकट भी महंगे नहीं होते थे। लेकिन अब टिकट की कीमतें भी काफी बढ़ गई हैं। ऊपर से टेक्स लग जाते हैं। ऐसे में कई लोग इंतजार करते हैं कि फिल्म थिएटर से ओटीटी पर आ जाए, फिर आराम से घर बैठे देख लेंगे।

**आपने फिल्म दिल्ली हाइट्स में कैमियो किया था, तो उसी के बाद फिल्मों में क्यों ट्राई नहीं किया और टीवी पर क्यों आए?**

मैं अपने पिता जी के साथ फुटवियर डिजाइनिंग का भी काम करता हूं। लेकिन हमेशा से मन में कुछ अलग करने का था। इसी लिए 2005 में मैंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। 2006 में दिल्ली हाइट्स में कैमियो करने के बाद मेरे सामने दो विकल्प थे या तो मैं एक्टिंग स्कूल जाकर प्रोफेशनल ट्रेनिंग लूं या टीवी में काम करना शुरू कर दूं। टीवी का फायदा यह था कि मुझे एक्टिंग का अनुभव मिलता, मेरी स्किल इम्प्रूव होती और साथ ही मैं पैसे भी कमा पाता। वापस घर जाने का विकल्प अपने लिए नहीं रखा था, इसलिए मैंने फैसला किया कि टीवी पर काम करूंगा। फिर मेरा डेब्यू सीरियल बेबो से हुआ, जो करीब दो साल तक चला और मुझे अच्छी खासी पहचान भी मिली।

**आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में कुछ बताना चाहेंगे?**

इस साल के अंत तक नेटफ्लिक्स की एक फिल्म रिलीज होने वाली है, जिसमें मेरा किरदार काफी खास है। शूटिंग के दौरान भी बहुत मजा आया।

**आपके फैंस के मन में बस एक सवाल है कि आखिरकार उनके चहेते अनुज सचदेवा शादी कब करने वाले हैं?**

मेरे परिवार वाले तो चाहते हैं कि मैं जल्द शादी कर लूं, खासकर मेरी मम्मी पीछे पड़ी हैं। सच कहूं तो मेरी शादी पहले ही हो जानी चाहिए थी।

# संजोग गुप्ता बने आईसीसी के नए सीइओ

दुबई।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को संजोग गुप्ता को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) नियुक्त किया है। वह आईसीसी के सातवें सीइओ बनेंगे। संजोग गुप्ता, खेल और मीडिया जगत में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले, भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स मीडिया नेतृत्वकर्ताओं में गिने जाते हैं। वह आज पदभार ग्रहण करेंगे और आईसीसी के सातवें सीईओ बनेंगे। वर्तमान में जियोस्टार के सीइओ स्पोर्ट्स एंड लाइव एक्सपीरियंस के रूप में कार्यरत संजोग को खेल रणनीति, कमर्शियल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी इनोवेशन में महारत हासिल है। उन्हें भारत में आधुनिक खेल इकोसिस्टम का प्रमुख शिल्पकार माना जाता है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि संजोग गुप्ता को आईसीसी का सीइओ नियुक्त किया गया है। उनका वैश्विक खेल और मीडिया क्षेत्र का अनुभव, खेल को वैश्विक स्तर पर विस्तार देने में बेहद उपयोगी साबित होगा। उनका तकनीक के प्रति




रुझान और फैन-फर्स्ट सोच हमें पारंपरिक सीमाओं से बाहर निकलकर क्रिकेट को ओलंपिक जैसे मंचों तक ले जाने में मदद करेगा। जय शाह ने बताया कि इस पद के लिए कई शानदार नामों पर विचार किया गया, लेकिन नामांकन समिति ने सर्वसम्मति से संजोग गुप्ता के नाम की सिफारिश की, जिसे आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दी।

**2500 से अधिक वैश्विक आवेदकों में चुने गए संजोग :** मार्च 2025 में शुरू हुई इस वैश्विक चयन प्रक्रिया में 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें खेल प्रशासन, मीडिया, और अन्य कॉर्पोरेट क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। आईसीसी की एचआर एवं पारिश्रमिक समिति ने 12 शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों की प्रोफाइल नामांकन समिति को भेजी, जिसमें बीसीसीआई,इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी), श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) और आईसीसी के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल थे।

नियुक्ति के बाद संजोग गुप्ता ने कहा, यह मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि मुझे ऐसे समय आईसीसी का नेतृत्व करने का अवसर मिला जब क्रिकेट वैश्विक स्तर पर तेजी से फैल रहा है। लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और तकनीक की तेजी से हो रही प्रगति इस खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वह आईसीसी के सदस्य बोर्डों के साथ मिलकर खेल को और विकसित करने, प्रशंसकों के अनुभव को बेहतर बनाने और क्रिकेट की वैश्विक पहुंच को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं।

### भारतीय स्पोर्ट्स मीडिया में महत्वपूर्ण योगदान

संजोग गुप्ता ने अपने करियर की शुरुआत पत्रकारिता से की थी और 2010 में स्टार इंडिया से जुड़े। 2020 में वह डिज्नी-स्टोर स्पोर्ट्स के प्रमुख बने और आईपीएल, आईसीसी टूर्नामेंट्स, प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसे आयोजनों को नए मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने महिला खेल कवरेज, बहुभाषी ब्रॉडकास्टिंग, और डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच जैसे इनोवेशन को बढ़ावा दिया।

# मनु भाकर के नेतृत्व में एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने सोमवार को कजाखस्तान के शिमकेन्ट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के लिए 35 सदस्यीय सीनियर भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कप्तानी डबल ओलंपियन मनु भाकर करेंगी, जो दो व्यक्तिगत इवेंट में भाग लेने वाली एकमात्र भारतीय शूटर हैं।

### मनु भाकर दो इवेंट्स में लेंगी हिस्सा

मनु भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। उनका चयन इस बार भी बताता है कि वह भारतीय शूटिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं।

### सीनियर टीम में अनुभवी और ओलंपियन शूटर शामिल

सीनियर टीम में कई अनुभवी और ओलंपियन शूटर भी शामिल हैं। इनमें पूर्व वर्ल्ड चैंपियन रुद्रांक्श पाटिल (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), ओलंपियन अंजुम मौदगिल (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, सौरभ चौधरी (पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल), और किनान चेनई (ट्रैप शूटिंग) शामिल हैं। इसके अलावा ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल), मेहुली घोष (एयर राइफल) और किरण अंकुश जाधव (एयर राइफल) जैसे नाम भी दोनों सीनियर स्क्वॉड्स का हिस्सा होंगे।

### स्वप्निल कुसेले और राही सरनोबत की वापसी

ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट स्वप्निल कुसेले और एशियन गेम्स की पूर्व स्वर्ण पदक विजेता व



ओलंपियन राही सरनोबत को निंगबो (चीन) में 7 से 15 सितंबर तक होने वाले आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल किया गया है।

### जूनियर टीमों की भी घोषणा

एनआरएआई ने सितंबर-अक्टूबर में भारत में होने वाले आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप और साथ ही जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए भी टीमें घोषित की हैं। दोनों 36 सदस्यीय जूनियर टीमों में एकमात्र बदलाव ओलंपियन राइजा ढिल्लों के रूप में आया है, जो दिल्ली वर्ल्ड कप की जूनियर वीमेन स्कीट टीम में शामिल हैं, जबकि मानसी रघुवंशी को जूनियर एशियन चैंपियनशिप टीम में जगह दी गई है। एनआरएआई की यह घोषणा आगामी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत की रणनीति और युवा प्रतिभाओं को मंच देने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## कैप्टन कूल धोनी का 44वां जन्मदिन, रांची में दोस्तों के साथ मनाया बर्थडे

# केक काटने से पहले इजाजत भी ली, बोले- केक कट कर दूं

नई दिल्ली।

टीम इंडिया को अपनी कप्तानी में 3 आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले महेंद्र सिंह धोनी ने सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मनाया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें धोनी केक काटने से पहले दोस्तों से इजाजत लेते नजर आ रहे हैं। धोनी ने रांची स्थित अपने फार्महाउस पर करीबी दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही केक लाया जाता है, धोनी मुस्कराते हुए पूछते हैं, कट कर दूं? इस पर वहां खड़े एक दोस्त ने जवाब दिया हां। इसके बाद धोनी ने अपने सभी दोस्तों को केक खिलाया।

### तीन आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान

धोनी अब तक के एकमात्र भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने भारत को तीन आईसीसी ट्रॉफी, 2007 टी-20 वर्ल्ड कप, 2011 ओडीआई वर्ल्ड कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जिताई हैं। उनके नेतृत्व में भारत टेस्ट में भी नंबर-1 टीम बना। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप उनके संन्यास लेने के बाद शुरू हुई। उन्होंने 2014 में टेस्ट से और 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल में अब भी खेल रहे हैं।

### धोनी के वे 5 फैसले, जिनसे धोनी कैप्टन कूल कहलाए

**जोगिंदर को आखिरी ओवर दिया :** 2007 टी20 वर्ल्ड कप फाइनल पाकिस्तान के खिलाफ खेला जा रहा था। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को 13 रन चाहिए थे। ऐसे में धोनी ने कम अनुभव वाले गेंदबाज जोगिंदर शर्मा को आखिरी ओवर दिया और उन्होंने मैच जिता दिया।

**2011 वर्ल्ड कप फाइनल में बैटिंग ऑर्डर बदला :** श्रीलंका से वर्ल्ड कप फाइनल में जब भारत मुश्किल में था, तब धोनी ने फॉर्म में चल रहे युवराज सिंह से पहले खुद बैटिंग करने का फैसला लिया। उन्होंने नाबाद 91 रन बनाकर भारत को 28 साल बाद विश्व कप जिताया।





### 2012 टेस्ट सीरीज 4-0 से हारे

मीडिया की तीखे सवालों पर शांत रहे 2012 भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत को 4-0 से हार मिली थी, लेकिन धोनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में न तो टीम को कोसा, न ही नाराजगी दिखाई। उन्होंने जर्नलिस्ट के सवाल पर शांत होकर कहा कि सीखना जरूरी है।

### 2016 बांग्लादेश के खिलाफ रनआउट से जिताया

2016 टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को आखिरी गेंद पर 2 रन चाहिए थे। धोनी ने ग्लव्स उतारकर खुद रनआउट के लिए दौड़ लगाई और मैच जिता दिया।

**2018 वापसी के बाद चेन्नई सुपर किंग्स को चैंपियन बनाया :** 2 साल के बैन के बाद सीएसके की टीम लौटी, सभी ने टीम को डैड्स आर्मी कहा। लेकिन धोनी ने बेहद ठंडे दिमाग और अनुभव के साथ टीम को संभाला।

**वनडे में 200 मैचों में कप्तानी की :** वनडे में धोनी ने 200 मैचों में कप्तानी की है। जिसमें उन्हें 110 जीत मिली। जबकि 74 मैचों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। धोनी ने 2011 में भारत को वनडे वर्ल्ड कप दिलाया। 2013 में भारत की कप्तानी में धोनी ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की।

**पहले टी-20 वर्ल्ड कप में जीत हासिल की :** धोनी ने 2007 के पहले टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर जीत हासिल की। टी20 इंटरनेशनल में धोनी ने 98 मैच खेले।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में 133 रन से हराया, टेस्ट सीरीज पर किया कब्जा

ग्रेनेडा।

ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन वेस्टइंडीज को 133 रन से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन की शुरुआत 221/7 के स्कोर से की और केवल 22 रन जोड़ते हुए 243 पर ऑलआउट हो गई। हालांकि यह बढ़त उनके गेंदबाजों के लिए पर्याप्त साबित हुई। दिन की शुरुआत वेस्टइंडीज के शमार जोसेफ के धमाकेदार गेंद से हुई, जिन्होंने पैट कमिंस को पवेलियन भेजा। इसके बाद एलेक्स कैरी को भी उन्होंने एलबीडब्ल्यू आउट किया। जोश हेजलवुड को




अल्जारी जोसेफ ने बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी समाप्त की। वेस्टइंडीज को 277 रनों का लक्ष्य मिला, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों के सामने उनकी पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। जोश हेजलवुड ने महज आठ गेंदों में जॉन कैंपबेल को पगबाधा आउट कर वेस्टइंडीज को पहला झटका दिया। इसके बाद मिशेल स्टार्क ने कीसी कार्टर को कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रैंडन किंग ने आते ही तीन चौके जड़े, लेकिन कप्तान क्रेग ब्रैथवेट को ब्यू वेबस्टर ने अपना शिकार बनाया। किंग भी ज्यादा देर नहीं टिक पाए और पैट कमिंस की गेंद पर उनकी गिल्लियां बिखर गईं।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारत को 11 मेडल

## जैस्मिन, साक्षी और नुपुर ने जीते गोल्ड; 5 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज

नई दिल्ली।

कजाकिस्तान में संपन्न हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में भारतीय बॉक्सरों ने 11 मेडल जीते हैं। ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया (57 किग्रा), साक्षी (54 किग्रा) और नुपुर (80+ किग्रा) ने अपने-अपने वेट कैटगिरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा पांच बॉक्सरों ने सिल्वर और तीन बॉक्सरों ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में दो बार की यूथ वर्ल्ड चैंपियन साक्षी ने अमेरिका की योसेलीन पेरेज को हराकर भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता। उन्हें सभी जजों की ओर से सर्वसम्मत निर्णय मिला। वहीं, पेरिस 2024 ओलिंपियन जैस्मिन लंबोरिया ने ब्राजील की दो बार की ओलिंपियन जुसीलन रोमेउ को 4-1 से हराया। जबकि भारतीय मुक्केबाज नुपुर ने कजाकिस्तान की येलदाना तालिपोवा को 5-0 से हराकर 80+ किग्रा वेट में गोल्ड मेडल जीता।

**मीनाक्षी सहित 5 बॉक्सरों को सिल्वर :** मीनाक्षी सहित 5 बॉक्सरों को सिल्वर मेडल मिले। विमेंस के 48 किलो वेट के फाइनल में मीनाक्षी को कजाकिस्तान के बॉक्सर नजिम किजाइबाय से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। नजिम किजाइबाय ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं। मीनाक्षी के अलावा मेन्स के 85किलोग्राम में जुगनू, 70किलोग्राम के हितेश गुलिया और अभिनाश जमावल को 65द्मद्द को सिल्वर मेडल मिले। वहीं, ओलिंपियन पूजा रानी ने विमेंस के 80द्मद्द में दूसरे स्थान पर रहीं। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नुरदाउलेटोव से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि पूजा रानी ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट से 0-5 से हार मिली।

# बुलवायो टेस्ट में मुल्डर ने 367 रन बनाए

## विदेश में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर, जिम्बाब्वे के खिलाफ पहली पारी 626/5 पर घोषित

हरारे।

बुलवायो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ साउथ अफ्रीका के कप्तान वियान मुल्डर ने 367 रन की ऐतिहासिक पारी खेली। लंच ब्रेक तक नाबाद रहने के बावजूद साउथ अफ्रीका ने अपनी पारी 626/5 पर घोषित कर दी, जिससे मुल्डर ब्रायन लारा के ऐतिहासिक 400 रन के रिकॉर्ड से 33 रन दूर रह गए। मुल्डर के अलावा लुहान-डी-प्रिटोरियस ने 82 और डेविड बेडिंगम ने 78 रन की पारी खेली। जिम्बाब्वे से तनाका चिवांगा और कुंडे मतिजीमु को 2-2 विकेट मिले।

**मुल्डर ने 297 गेंदों में ट्रिपल सेंचुरी पूरी की :** बतौर कप्तान अपना पहला टेस्ट खेल रहे वियान मुल्डर ने वीरेंद्र सहवाग के बाद सबसे तेज ट्रिपल सेंचुरी लगाई। सहवाग ने 2008 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 278 गेंदों में यह कारनामा किया था। मुल्डर ने अपनी पारी में 49 चौके और 4 सिक्स भी लगाए।

**साउथ अफ्रीका के लिए सबसे बड़ा स्कोर :** मुल्डर, हाशिम अमला के बाद ट्रिपल




सेंचुरी लगाने वाले दूसरे साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज बने। उन्होंने अमला के 311 रन के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। मुल्डर ने ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद को कवर के जरिए बाउंड्री मारकर अमला का रिकॉर्ड पार किया।

**विदेशी जमीन पर सबसे बड़ी टेस्ट पारी :** मुल्डर का 367 रन अब विदेश में टेस्ट में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर बन गया है। उन्होंने पाकिस्तान के हनिफ मोहम्मद का 1958 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया गया 337 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। मुल्डर ने सनथ जयसूर्या (340), लेन हटन (364) और सर गैरी सोबर्स (365) जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया।

# विंबलडन 2025 : कार्लोस अल्कराज क्वार्टरफाइनल में, रूबलेव को दी शिकस्त

लंदन।



दूसरे वरीय स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए चौथे दौर के मुकाबले में रूस के आंद्रेई रूबलेव को एक कड़े मुकाबले में 6-7(5), 6-3, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ अल्कराज ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार 22वीं जीत दर्ज की और लगातार तीसरा विंबलडन खिताब जीतने की उम्मीदें बरकरार रखीं। मैच की शुरुआत में अल्कराज थोड़े संघर्ष में दिखे, और रूबलेव ने पहले सेट में उन्हें 4-1 की बढ़त के साथ चौंका दिया। हालांकि, अल्कराज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन रूबलेव ने शानदार खेल दिखाते हुए टाईब्रेक में पहला सेट अपने नाम कर लिया। दबाव में होने के बावजूद अल्कराज ने संयम बनाए रखा और दूसरे सेट में रूबलेव की एक डबल फॉल्ट का फायदा उठाते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में रूबलेव ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन ब्रेक प्वाइंट्स को भुना नहीं पाए, जबकि अल्कराज ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए सेट अपने नाम किया। चौथे सेट में अल्कराज पूरी तरह नियंत्रण में नजर आए। उन्होंने एक अहम ब्रेक हासिल किया और फिर बिना कोई गलती किए मैच को अपने पक्ष में खत्म कर दिया। अब क्वार्टरफाइनल में अल्कराज का सामना ब्रिटेन के कैमरन नॉरी से होगा, जो घरेलू दर्शकों के बीच एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद जगा रहा है।

# भारत की बर्मिंघम टेस्ट जीत के 5 फैक्टर्स : सिराज-आकाशदीप ने 17 विकेट लेकर पलटा मैच, कप्तान शुभमन ने 92 ओवर बैटिंग की

नई दिल्ली।

भारत ने पांचवें दिन 7 विकेट लेकर इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट जीत लिया। टेस्ट इतिहास में पहली बार ही टीम को बर्मिंघम में जीत मिली। कप्तान शुभमन गिल ने दोनों पारियों में शतक लगाकर इस जीत की इबारत लिखी। उन्होंने मैच में करीब 92 ओवर बैटिंग कर 430 रन बनाए। भारत से लोअर ऑर्डर बैटर्स का कॉन्ट्रिब्यूशन भी पहले टेस्ट के मुकाबले ज्यादा रहा। वहीं गेंदबाजी में आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने इंग्लिश बैटिंग को बैकफुट पर धकेल दिया। इतना ही नहीं, टीम इंडिया के फील्डर्स ने इस बार स्लिप में ज्यादा कैच भी पकड़े। जिसने नतीजे टीम के पक्ष में कर दिए।

**कप्तान शुभमन के दोनों पारियों में शतक :** इसी सीरीज से टेस्ट में कप्तानी की शुरुआत करने वाले शुभमन गिल पहली पारी में 95/2 के




स्कोर पर बैटिंग करने आए। उनके सामने स्कोर 211/5 हो गया, यहां से उन्होंने रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप की। गिल ने एक एंड संभाला और डबल सेंचुरी लगा दी। उन्होंने 269 रन बनाए और टीम को 587 रन तक पहुंचा दिया। दूसरी पारी में गिल 96/2 के स्कोर पर बैटिंग करने आए। इस बार 180 रन की बढ़त के साथ खेल रही टीम इंडिया को इंग्लैंड को टारगेट देना था। गिल ने फिर एक बार जिम्मेदारी भरी पारी खेली और 161 रन बनाकर स्कोर 400 के पार पहुंचा दिया। गिल ने दोनों पारियां मिलाकर 430 रन बनाए, इससे इंग्लैंड को चौथी पारी में 608 रन का टारगेट मिला।

**लोअर ऑर्डर बैटर्स ने ज्यादा रन बनाए :** टीम इंडिया ने पहले टेस्ट की पहली पारी में 41 रन बनाने में




आखिरी 7 विकेट और दूसरी पारी में 31 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए थे। इस कारण टीम इंग्लैंड को चौथी पारी में बड़ा टारगेट नहीं दे सकी, जिसे इंग्लिश टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने इस कमी को दूर कर दिया। पहली पारी में भारत ने 5वां विकेट 211 रन पर गंवा दिया। यहां से रवींद्र जडेजा ने 89 रन बनाए और कप्तान शुभमन के साथ 203 रन की पार्टनरशिप कर दी। उनके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाए और गिल के साथ 144 रन जोड़े। लोअर ऑर्डर के प्रदर्शन से टीम ने बड़ा स्कोर बनाया। दूसरी पारी में भी जडेजा ने 69 रन बनाए और गिल के साथ 175 रन की अहम पार्टनरशिप की। जिससे इंग्लैंड को 608 रन का बहुत बड़ा टारगेट मिला।

**स्लिप कैचिंग में बेहतरीन सुधार किया :** टीम इंडिया ने लीड्स टेस्ट में स्लिप पोजिशन में बहुत कैच छोड़े थे। दूसरे मुकाबले में टीम ने इसे भी सुधारा। करुण नायर ने 2 कैच पकड़े। वहीं साई सुदर्शन, केएल राहुल और शुभमन गिल ने 1-1 कैच पकड़ा। बेहतरीन फील्डिंग के दम पर भारत ने दोनों पारियों में इंग्लैंड के शुरुआती 5 विकेट 90 रन के अंदर ही गिरा दिए। इससे होम टीम पर दबाव बना और टीम बिखरती चली गई।

**सिराज और आकाशदीप की गेंदबाजी :** लीड्स टेस्ट में भारत की गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के हाथ में थी, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर किसी का साथ नहीं मिला। लगभग सभी गेंदबाजों ने बहुत तेजी से रन खर्च किए, जिससे इंग्लैंड पर दबाव नहीं बना। बर्मिंघम टेस्ट में बुमराह नहीं खेले, लेकिन मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने उनकी कमी महसूस नहीं होने दी। सिराज ने पहली पारी में 6 विकेट लिए, उन्होंने आकाशदीप के साथ मिलकर पहली पारी में दोनों नई गेंद से इंग्लैंड की पारी समेट दी। आकाशदीप ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिए, उन्होंने इस बार गेंद पुरानी होने के बाद भी विकेट लिए। आकाश ने दूसरी पारी में बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ के अहम विकेट लिए। सिराज और आकाशदीप के अलावा बाकी 4 गेंदबाज 3 ही विकेट ले सके।

**इंग्लैंड के बल्लेबाजों का फ्लॉप शो :** बैटिंग के लिए आसान पिच पर इंग्लैंड के बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए। आईसीसी रैंकिंग के नंबर-1 टेस्ट बैटर जो रूट पहली पारी में 22 और दूसरी में 6 ही रन बना सके। टीम से पहली पारी में 6 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ ने शतक लगाकर 303 रन की पार्टनरशिप की।

# एशियन पेंट्स के एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक ने 'लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी' के साथ इंटीरियर पेंट्स में गोल्ड स्टैंडर्ड को फिर से परिभाषित किया

### विराट कोहली के साथ एक नया विज्ञापन अभियान, उत्पाद की बेहतरीन दाग प्रतिरोधकता और फ्लेम रेसिस्टेंस को दर्शाता है

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

भारतीय घरों की चहल-पहल और जीवंतता उनकी पहचान है, जिससे ऐसी आंतरिक सज्जा की मांग बढ़ती जा रही है जो न केवल सुंदर हो, बल्कि समय के साथ दाग-धब्बों का भी सामना कर सके।

एशियन पेंट्स से बेहतर इस जरूरत को कोई नहीं समझ सकता। भारतीय घरों को बदलने के दशकों के अनुभव के साथ, पेंट्स और डेकोर में देश का अग्रणी नाम अब अपने नवीनतम इनोवेशन — लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है।

यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है। एशियन पेंट्स ने पिछले आठ दशकों में न केवल रंगों में, बल्कि तकनीक,




सौंदर्य और प्रदर्शन के क्षेत्र में लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। अल्टिमा प्रोटेक में ग्रैफीन-आधारित लेमिनेशन प्रोटेक्शन की शुरुआत से लेकर रोयल में टेफ्लॉन-आधारित दाग प्रतिरोध तकनीक तक, ब्रांड ने श्रेणी में पहली बार कई नवाचारों की एक श्रृंखला पेश की है, जिसने पेंट की क्षमताओं की परिभाषा ही बदल दी है। अब, उन्नत लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक, नवाचार की इस यात्रा में एक नया अध्याय है — जो एक बार फिर एशियन पेंट्स को पेंट्स और कोटिंग्स के क्षेत्र में गोल्ड स्टैंडर्ड साबित करता है।

कमल के पत्ते की प्राकृतिक सेल्फ-क्लीनिंग क्षमता से प्रेरित, लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी एक सुरक्षा कवच बनाती है, जो रोज़मर्रा के घरेलू दागों को जमने से पहले ही हटा देती है। चाहे वह कॉफी हो, सॉस या क्रेयॉन के निशान — यह अगली पीढ़ी का फॉर्मूलेशन कम मेहनत के साथ दीवारों को साफ-सुथरा रखता है, जिससे यह समकालीन भारतीय घरों के लिए एक आदर्श समाधान बन जाता है, जो चहल-पहल और जीवंतता से भरपूर होते हैं।

यह पेंट अग्नि प्रतिरोधी के साथ-साथ ताजगी भरी खुशबू भी प्रदान करता है, और मैट और शाइन, दोनों फिनिश में उपलब्ध है। छह साल की परफॉर्मेंस वारंटी के साथ, यह टिकाऊपन और विश्वसनीयता के उच्चतम मानक प्रदान करता है। लॉन्च के बारे में एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री अमित सिंगले ने कहा, एशियन पेंट्स में, हम यह समझने में बहुत समय लगाते हैं कि घर कैसे बदल रहे हैं, और हमारे नवाचार आज के उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप होते हैं। आजकल घर चहल-पहल से भरे होते हैं — त्योहार, बच्चे, पालतू जानवर और हर रोज़ की घटनाएं दीवारों पर निशान छोड़ती हैं। एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक और इसकी लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी के साथ, हमने एक ऐसा समाधान बनाया है जो इस हकीकत के अनुरूप है। यह इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ दाग प्रतिरोधक क्षमता के कारण दीवारों को साफ रखने के तनाव को दूर करता है। यह स्मार्ट और अधिक आसान जीवन जीने की दिशा में एक कदम है, जहां घर सुंदर बने रहते हैं और रोजमर्रा की चुनौतियों को आसानी से संभाला जा सकता है। इस लॉन्च को एक नई विज्ञापन फिल्म द्वारा प्रचारित किया गया है, जिसमें ब्रांड एंबेसडर विराट कोहली शामिल हैं, जो आकर्षण और ऊर्जा के साथ उत्पाद के वादे को जीवंत करते हैं। विज्ञापन में एक जीवंत और आत्मीय दृश्य दिखाया गया है, जिसमें विराट कोहली के खूबसूरत घर को एक शरारती बच्चा जूस, मिल्कशेक आदि से बार-बार चुनौती देता है। वहीं, हर बार एप्कोलाइट ऑल प्रोटेक गंदगी को आसानी से साफ करता है और दागों को जमने से पहले ही रोक देता है।

# रफी ट्रेड एग्रीमेंट कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे–पीयूष गोयल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिय एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे। श्रीनगर में एफटीआईआई ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में बोलते हुए गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीय व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की रक्षा करें। उन्होंने कहा, एफटीए पर हस्ताक्षर इसलिए किए जाते हैं ताकि हमारे स्थानीय सामानों को अन्य देशों में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सके और अन्य बाजारों तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। लेकिन यह स्वाभाविक है कि एफटीए में दोतरफा व्यापार होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि वे हमारे सामानों के लिए अपने बाजार खोलें जबकि हम नहीं।

क्षेत्र के व्यापारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र विदेशी भागीदारों के साथ



बाजार पहुंच पर बातचीत करते समय संवेदनशील क्षेत्रों या क्षेत्रीय चिंताओं से समझौता नहीं करेगा।

उन्होंने कहा, व्यापारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम जो भी एफटीए करेंगे, उसमें जम्मू-कश्मीर और पूरे देश के हितों को ध्यान में रखा जाएगा।

गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब भारत-अमेरिका के बीच एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है। यह व्यापार समझौता भारतीय निर्यात को अमेरिकी टैरिफ वृद्धि से छूट देगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत व्यापार का विस्तार करने के लिए तैयार है, लेकिन सभी समझौते निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, घरेलू क्षमता निर्माण और दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि सरकार वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि स्थानीय उत्पाद वैश्विक स्तर पर जाए। गोयल ने कहा, हमारा दृष्टिकोण मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड दोनों का समर्थन करता है। मंत्री ने इस सप्ताह की में कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौते नहीं करता है, बल्कि आपसी लाभ और राष्ट्रीय हित के आधार पर करता है।

# शक्ति पम्प्स ने सफलतापूर्वक क्यूआईपी इश्यू से जुटाए 292.60 करोड़

**एजेंसी, इंदौर।** शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड (बीएसई: [531431], एनएसई: ने यह घोषणा की है कि कंपनी ने इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट इश्यू को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और इस माध्यम से 292.60 करोड़ की पूंजी जुटाई है।




इस QIP इश्यू को मौजूदा और नए प्रमुख इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जो कंपनी के भविष्य की संभावनाओं और अब तक के प्रदर्शन में उनके भरोसे को दर्शाता है। इस पूंजी का उपयोग मध्य प्रदेश के पीथमपुर में सोलर डीसीआर. सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माण के लिए प्लांटकी स्थापना हेतु किया जाएगा। यह परियोजना शक्ति पम्प्स की सहायक कंपनीशक्ति एनर्जी सोल्यूशन्स लिमिटेडके माध्यम से संचालित होगी और इसकी उत्पादन क्षमता 2.20 गीगावॉट होगी।

इसडीसीआरसोलर सेल निर्माण से कंपनी की बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूती मिलेगी और पूरी वैल्यू चेन पर बेहतर नियंत्रण स्थापित होगा, जिससे कंपनी को दीर्घकालिक लाभ होगा। QIP इश्यू की कीमत प्रति शेयर ?918.00 रखी गई, जो सेबी द्वारा निर्धारित फ्लोर प्राइस ?965.96 से 4.97त्र की छूट पर है। इस फंड से कंपनी की वित्तीय स्थिति और मजबूत होगी और यह कंपनी को अपनी रणनीतिक योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद करेगी। शक्ति पम्प्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन श्री दिनेश पाटीदार ने कहा, हमारे क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंटइश्यू को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद उत्साहित हैं। यह सफलता हमारे निवेशकों के हमारे व्यापार मॉडल व विकास रणनीति पर उनके भरोसे को दर्शाती है। हम इस फंड का उपयोग अपने विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और सभी हितधारकों के लिए मूल्यवृद्धि करने में करेंगे। शक्ति पम्प्स अपने सभी निवेशकों का दिल से आभार व्यक्त करता है और कंपनी के उज्ज्वल भविष्य की आशा करता है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट की लाइमस्टोन खदान को इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स, खनन मंत्रालय द्वारा 5-स्टार रेटिंग से किया गया सम्मानित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की तेरह लाइमस्टोन खदानों को वित्त वर्ष 2023–24 के लिए इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स, खनन मंत्रालय द्वारा सस्टैनबल माइनिंग में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार समारोह 7 जुलाई 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित किया गया। जिन तेरह खदानों को सम्मान प्राप्त हुआ, उनमें एक है परसवानी लाइमस्टोन माइन, जो अल्ट्राटेक की इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हिरमी सीमेंट वर्क्स का हिस्सा है और बालौदा बाजारङ्भाटापारा, छत्तीसगढ़ में स्थित है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब हिरमी सीमेंट वर्क्स यूनिट को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। अल्ट्राटेक के हिरमी सीमेंट वर्क्स ने अपने खनन क्षेत्र में जल संचयन, हरित पट्टी विकास, सामुदायिक भागीदारी और आसपास के कई गांवों को गोद लेने जैसे



प्रयासों के माध्यम से खुद को अन्य खदानों से अलग साबित किया।

अल्ट्राटेक की बारह लाइमस्टोन खदानों को 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई, जबकि एक खदान को 'ग्रीन माइनिंग' में असाधारण कार्य के लिए 7-स्टार रेटिंग का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त हुआ। यह देश की एकमात्र लाइमस्टोन खदान है जिसे यह रेटिंग मिली है। इस कार्यक्रम के दौरान, कोयला और खनन मामलों के केंद्रीय मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट और रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) कंपनी अल्ट्राटेक को वित्त वर्ष 2023–24 के लिए सतत विकास और संचालन में इन खदानों की उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा उपस्थित रहे।

अल्ट्राटेक के खनन में उत्कृष्टता के प्रयास इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स के स्थायी, हरित खनन, कुशल संचालन और तकनीक-संचालित खनिज प्रसंस्करण के लक्ष्यों के अनुरूप हैं। अल्ट्राटेक को लगातार दूसरे वर्ष सभी खनिज श्रेणियों (लाइमस्टोन, आयरन ओर, बॉक्साइट, लेड-जिंक, मैंगनीज़) में सबसे अधिक 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। खनन मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस स्टार रेटिंग योजना का उद्देश्य खनन में सतत विकास ढांचे के व्यापक और सार्वभौमिक क्रियान्वयन के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को अपनाना है। इस योजना में 7-स्टार और 5-स्टार रेटिंग सर्वोच्च मानी जाती हैं, जो उन खदानों को प्रदान की जाती हैं जो वैज्ञानिक और कुशल खनन, अनुमोदित उत्पादन का अनुपालन, शून्य अपशिष्ट खनन, पर्यावरण संरक्षण, खदान बंदी की प्रगतिशील और अंतिम योजना, हरित ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग, भूमि सुधार, अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाना, स्थानीय समुदाय से जुड़ाव और पुनर्वास व सामाजिक प्रभाव जैसे मापदंडों पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करती हैं।

# अमेज़न.इन पर प्राइम डे के दौरान अपने घर, रसोई और आउटडोर जीवनशैली को करें तरोताज़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

अमेज़न.इन एक बार फिर लेकर आया है अपना नौवां प्राइम डे, जो 12 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक चलेगा। अपने घर को दीजिए एक नया लुक, टॉप ब्रांड्स जैसे हार्ले डेविडसन, यूरेका, बॉश और अन्य के होम, किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स के नए लॉन्च के साथ। स्मार्ट होम सोल्यूशन्स और मोटरबाइक्स से लेकर फर्नीचर तक, ग्राहक आईसीआईसीआई और एसबीआई बैंक ट्रांजैक्शन्स पर 10प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट भी प्राप्त कर सकते हैं।

मोटरबाइक्स और आउटडोर्स से जुड़े टॉप ब्रांड्स के नए लॉन्च एक्सप्लोर करें- कैंबियो बाय एवन- चाहे आप शहर की सड़कों पर क्रूज़ कर रहे हों या ट्रेल के लिए ट्रेनिंग, कैंबियो की हाई-परफॉर्मेंस साइकिलें और गियर मजबूती, सटीकता और स्टाइल का बेहतरीन मेल हैं। सभी उम्र के राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई कैंबियो ईटन 26टी एमटीबी साइकिल एक स्मूद




और रोमांचक राइड का वादा करती है। प्राइम डे के दौरान अमेज़न.इन पर उपलब्ध, यह साइकिल शिमानो रैपिड फायर शिफ्टर्स से लैस है, जो तेज़ और सहज गियर ट्रांज़िशन सुनिश्चित करते हैं। अपने रहने की जगह को इन बेहतरीन फर्नीचर लॉन्च के साथ अपग्रेड करें- ड्रोगो- ड्रोगो के प्रीमियम फर्नीचर कलेक्शन के साथ अपने घर को दें एक मॉडर्न टच। आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप डिज़ाइन किए गए इन प्रोडक्ट्स में शामिल है नया ड्रोगो एर्गोनॉमिक ऑफिस चेयर (ब्लैक)। ड्रोगो कार्यक्षमता और आधुनिक सौंदर्यशास्त्र का शानदार मेल पेश करता है। इस प्राइम डे के दौरान हर कोने में आराम और स्टाइल को नए मायने दें।

एनिग्मैटिक वुडवर्क्स- एनिग्मैटिक वुडवर्क्स की प्रीमियम लकड़ी की फर्नीचर कलेक्शन के साथ शिल्प और स्टाइल का परफेक्ट संतुलन अनुभव करें, जो अब प्राइम डे पर अमेज़न.इन पर उपलब्ध है। सुंदरता से बनाए गए बुकशेल्फ़ से अपने लिविंग स्पेस को सजाएं, फिर चाहे वह एक क्लासिक होम लाइब्रेरी हो या मल्टीफंक्शनल स्टोरेज सॉल्यूशन। हर एक पीस में है बेहतरीन वुडवर्क, सोच-समझकर किया गया डिज़ाइन और टिकाऊ गुणवत्ता, जो किसी भी कमरे को स्टाइलिश और संगठित बनाने के लिए आदर्श है। एनिग्मैटिक वुडवर्क्स वुडन बुक शेल्फ़ जैसे नए प्रोडक्ट्स ज़रूर देखें।

### केंद्र ने बीआईएस-सर्टिफाइड हेलमेट का इस्तेमाल करने का किया आग्रह

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार को देश भर के उपभोक्ताओं से अपील की कि वे केवल भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा सर्टिफाइड हेलमेट का ही इस्तेमाल करें।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बीआईएस सर्टिफिकेशन के बिना हेलमेट के निर्माण या बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भी आह्वान किया। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सड़कों पर 21 करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन हैं।

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है, लेकिन इसकी प्रभावशीलता गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

# सप्लाई स्थिर होने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में आ सकता है उछाल



**एजेंसी, नई दिल्ली,।** विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि आपूर्ति पक्ष से सकारात्मक संकेत मिलने और भू-राजनीतिक तनाव कम होने के संकेत मिलने के कारण निकट भविष्य में कच्चे तेल की कीमतों में सुधार देखने को मिल सकता है।

हालांकि मांग संबंधी चिंताओं के कारण वैश्विक धारणा प्रभावित हो रही है, लेकिन बाजार विशेषज्ञों का मानना ??है कि अगर प्रमुख तकनीकी स्तर कायम रहे तो कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है।

वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चे तेल की कीमतें शुक्रवार को नरम रहीं। कीमतें कम कारोबार और कमजोर वैश्विक मांग के बीच 65 डॉलर के मध्य रेंज के आसपास कारोबार कर रही थीं।

हालांकि, विश्लेषक खासकर ओपेक प्लस बैठक और अमेरिकी टैरिफ की समयसीमा जैसे प्रमुख आयोजनों के साथ संभावित बदलाव की ओर इशारा कर रहे हैं।

एंजेल वन लिमिटेड में कमोडिटीज और करेंसीज के मुख्य तकनीकी शोध विश्लेषक तेजस शिग्रेकर ने कहा कि क्रूड ऑयल आउटलुक मिश्रित बना हुआ है, लेकिन सतर्क आशावाद के कुछ कारण हैं।

उन्होंने कहा कि खासकर चीन और यूरोजोन में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में स्लोडाउन के कारण मांग प्रभावित हुई है। साथ ही ओपेक प्लस उत्पादन में कटौती के कारण ग्लोबल सप्लाई अभी भी कम है।

उन्होंने बताया, मुख्य रूप से सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में की गई इन कटौतियों ने कीमतों में अधिक गिरावट को रोकने में मदद की है।

शिग्रेकर ने कहा, ओईसीडी देशों से मांग के कम अनुमानों के बावजूद, कॉर्डिनेटेड उत्पादन प्रतिबंध कीमतों को एक आधार प्रदान कर रहे हैं और जब तक सप्लाई पर कोई बड़ा झटका नहीं लगता, तब तक रणनीतिक खरीद द्वारा समर्थित क्रूड ऑयल फ्यूचर के व्यापक दायरे में बने रहने की संभावना है।

भू-राजनीतिक जोखिम, जिसने पहले कीमतों को बढ़ाया था, ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम के बाद कुछ हद तक कम हो गया है। परमाणु अप्रसार संधि के लिए ईरान की नई प्रतिबद्धता ने भी बाजार को शांत करने में मदद की है। जबकि दक्षिण चीन सागर और मध्य पूर्व में तनाव बना हुआ है।

ट्रेडर्स का ध्यान अब 5 जुलाई की ओपेक प्लस बैठक पर है, जहां अगस्त के लिए लगातार तीसरी बार 411,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन वृद्धि को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

एंजेल वन लिमिटेड में कमोडिटीज और करेंसीज के मुख्य तकनीकी शोध विश्लेषक तेजस शिग्रेकर ने कहा कि क्रूड ऑयल आउटलुक मिश्रित बना हुआ है, लेकिन सतर्क आशावाद के कुछ कारण हैं।

उन्होंने कहा कि खासकर चीन और यूरोजोन में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग में स्लोडाउन के कारण मांग प्रभावित हुई है। साथ ही ओपेक प्लस उत्पादन में कटौती के कारण ग्लोबल सप्लाई अभी भी कम है।

उन्होंने बताया, मुख्य रूप से सऊदी अरब और रूस के नेतृत्व में की गई इन कटौतियों ने कीमतों में अधिक गिरावट को रोकने में मदद की है।

शिग्रेकर ने कहा, ओईसीडी देशों से मांग के कम अनुमानों के बावजूद, कॉर्डिनेटेड उत्पादन प्रतिबंध कीमतों को एक आधार प्रदान कर रहे हैं और जब तक सप्लाई पर कोई बड़ा झटका नहीं लगता, तब तक रणनीतिक खरीद द्वारा समर्थित क्रूड ऑयल फ्यूचर के व्यापक दायरे में बने रहने की संभावना है।

भू-राजनीतिक जोखिम, जिसने पहले कीमतों को बढ़ाया था, ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम के बाद कुछ हद तक कम हो गया है। परमाणु अप्रसार संधि के लिए ईरान की नई प्रतिबद्धता ने भी बाजार को शांत करने में मदद की है। जबकि दक्षिण चीन सागर और मध्य पूर्व में तनाव बना हुआ है।

ट्रेडर्स का ध्यान अब 5 जुलाई की ओपेक प्लस बैठक पर है, जहां अगस्त के लिए लगातार तीसरी बार 411,000 बैरल प्रति दिन उत्पादन वृद्धि को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

# भारतीय कंपनियों का जीवीए 2035 तक 9.82 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के तेजी से विकसित होने के साथ, भारतीय व्यवसाय 2035 तक ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) में 9.82 ट्रिलियन डॉलर का लाभ उठा सकते हैं। यह जानकारी हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दी गई।

पीडब्ल्यूसी इंडिया स्टडी के अनुसार, जीवीए गणना में योगदान देने वाले सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक %मेक% डोमेन होगा, जिसमें अन्य क्षेत्रों के अलावा मैन्युफैक्चरिंग और औद्योगिक उत्पादन शामिल हैं। रिपोर्ट का अनुमान है कि अकेले यह क्षेत्र 2023 के 945 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 तक लगभग 2.7 ट्रिलियन डॉलर का जीवीए हो जाएगा। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट, %नेविगेटिंग द वैल्यू शिफ्ट% में कहा गया है कि जलवायु परिवर्तन, जनसांख्यिकीय बदलाव और तकनीकी व्यवधान जैसे बड़े रुझान वैल्यू क्रिएशन के नए रास्ते बना रहे हैं, जो पारंपरिक उद्योग सीमाओं से परे हैं।

इस परिदृश्य के बीच, व्यवसाय तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य का लाभ उठाने के



लिए विविधीकरण कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, इस परिवर्तन को प्रभावी ढंग से नेविगेट करने के लिए उन्हें एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता है, ताकि वे पहचान कर सकें कि गतिशील मूल्य को प्राप्त करने के लिए कहां और कैसे विविधता लानी है। इस आवश्यकता का समर्थन करने के लिए पीडब्ल्यूसी ने इस नए युग में रणनीतिक-निर्णय लेने का मार्गदर्शन करने के लिए एक डोमेन-बेस्ड फ्रेमवर्क डेवलप किया है।

डोमेन ऐसे बाजारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जहां व्यवसाय बुनियादी मानवीय और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पारंपरिक क्षेत्र की सीमाओं से परे जाते हैं।

पीडब्ल्यूसी इंडिया के अध्यक्ष संजीव कृष्ण ने कहा, भारत के सीईओ पहले से ही इन बदलावों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पीडब्ल्यूसी के 28वें %एनुअल ग्लोबल सीईओ सर्वे- इंडिया पर्सपेक्टिव% में भारत के 40 प्रतिशत सीईओ ने कहा कि उनकी कंपनियों ने पिछले पांच वर्षों में कम से कम एक नए क्षेत्र में प्रवेश किया है, जिनमें से आधे ने इन नए उपक्रमों से अपने राजस्व का 20 प्रतिशत तक कमाया है।

लेकिन गति को बनाए रखने और पूर्ण मूल्य को पेश करने के लिए व्यवसायों को विविधीकरण से आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा, क्षेत्र-आधारित दृष्टिकोण से परे एक डोमेन-आधारित लेंस क्षमताओं की पुन:कल्पना करने, इकोसिस्टम में सहयोग करने और फ्यूचर रेडी बिजनेस और राजस्व मॉडल बनाने का एक शक्तिशाली तरीका प्रदान करता है। 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था के 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में डोमेन-बेस्ड इनोवेशन देश के समावेशी, सस्टेनेबल और टेक-पावर्ड विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री, नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

विज्ञापन एजेंसियां

अतुल पब्लिसिटी
डलवाई लेन, रायपुर, फोन 2223699, 2539578, 94252 11222

एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन
13 14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

ए.एस. एसोसिएट्स
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, मेफीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

प्रयास एडवरटाइजर्स
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

राजेश पब्लिसिटी
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

सुमीत एडवरटाइजर्स
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

शिवम् पब्लिसिटी
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100268

चित्रांश पब्लिसिटी
24, प्रथम तल, चित्रेश कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252 04920, फोन : 2234944, 2582595

देव एड एजेंसी
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268 77609

खन्ना एडवरटाइजर्स
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

ए.के. एडवरटाइजर्स
चिमन प्लाजा, लिबास टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

मीतनिशा एडवरटाइजिंग
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

अनिश एड.
बादल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222, 9303119222

श्रीराम एडवरटाइजिंग् एंड मार्केटिंग
रायपुर ब्रांच
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

# बारिश में धान को सुरक्षित नहीं रख पाया विपणन विभाग, भीगने से 4 लाख क्विंटल धान हुआ अंकुरित

**प्रतिदिन राजधानी, जांजगीर चांपा**

। जिले में लगातार बारिश के चलते अमरताल गांव के धान संग्रहण केंद्र में पानी भर गया है ।सप्ताहभर से हो रही बारिश से शासन का 4 लाख क्विंटल धान पानी में भीगकर अंकुरित हो गया है और अब सड़ने भी लगा है। धान की सुरक्षा करने में विपणन विभाग करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी यहां धान कों सुरक्षित नहीं रखा जा सका है। विधायक ब्यास कश्यप ने शासन-प्रशासन पर किसानों के मेहनत की गाढ़ी कमाई को सहेज नहीं पाने का आरोप लगाया है( उन्होंने जिम्मेदारी अफसरङ्ककर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।



संग्रहण प्रभारी गलती छिपाने खराब धान को दूसरी बोरी में डाल रहे

जांजगीर चांपा जिले में 63 लाख 27 हजार क्विंटल धान खरीदी की गई है और मिलिंग के बाद बचे धान को अमरताल गांव के संग्रहण केंद्र में रखा गया है। धान खरीदी होने के 5 माह गुजरने के बाद भी यहां रखे धान की मिलिंग नहीं हो सकी है। विभागीय अधिकारियों और धान संग्रहण के अमले की लापरवाही के कारण अधिकांश धान खुले आसमान में रखा गया और अब बरसात में भी धान को सुरक्षित नहीं रख पाए, जिसके कारण धान-पानी में पूरी तरह डूब गया और अंकुरित होने लगा है। संग्रहण प्रभारी अपनी गलती को छिपाने के लिए आनन-फानन में अंकुरित और खराब धान को दूसरी बोरी में पल्टी करने में लगे हैं।

विधायक ने सरकार को लिया आड़े हाथ

इस मामले में जांजगीर चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप ने कहा, राज्य सरकार ने किसानों के धान को 3100 रुपए में खरीदी की वाहवाही लूटने का प्रयास किया, लेकिन डबल इंजन और चौबल इंजन सरकार होने का दावा करने वाले बीजेपी सरकार ने जानबूझ कर धान को सड़ाया है। उन्होंने धान को औने-पौने कीमत पर नीलामी कर किसानों के रबी फसल के धान की कीमत को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। विधायक ब्यास कश्यप ने इस मामले में दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# कवाई थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तरण की जनसुनवाई सफलतापूर्वक सम्पन्न

**प्रतिदिन राजधानी, कवाई**

प्रस्तावित 3200 मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट को लेकर ग्रामीणों ने दिखाई सक्रिय भागीदारी अटरू तहसील के कवाई गाँव में जनभागीदारी के साथ हुई खुली चर्चा पर्यावरणीय प्रभावों और विकास से जुड़े मुद्दों पर ग्रामीणों ने रखे सुझाव अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा बारां जिले में की गईं पहलों को ग्रामीणों ने सराहा

(अटरू), 7 जुलाई, 2025= बारां जिले के अटरू तहसील अंतर्गत ग्राम कवाई में प्रस्तावित 3200 (4×800) मेगावाट अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट के विस्तार को लेकर सोमवार को जनसुनवाई का सफल आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु भारत सरकार पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना क्रमांक 1533 दिनाँक 14 सितंबर, 2006 एवं उसके बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की गई। इस परियोजना में पहले से संचालित 1320 (2×660) मेगावाट संयंत्र में क्षमता वृद्धि की जाएगी, जिसे चरण-॥ के तहत मेसर्स अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित किया गया है।

इस जनसुनवाई का आयोजन






राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, झालावाड़ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर, 2006 एवं बाद के संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड मजिस्ट्रेट, अटरू ओमप्रकाश चंदेलिया ने की, जिन्हें जिला कलेक्टर बारां श्री रोहिताश्व सिंह तोमर द्वारा अधिकृत किया गया था। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग यादव सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों ने भाग लेकर परियोजना से संबंधित विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही, नई पर्यावरणीय तकनीकों को अपनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण आकर्षण रहे।

जनसुनवाई में पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। ग्रामीणों ने रोजगार, जल, वायु और हरियाली से जुड़े सवाल पूछे और परियोजना से संभावित सामाजिक व आर्थिक लाभों पर सुझाव रखे। साथ ही उन्होंने यह भी अपेक्षा जताई कि कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़े क्षेत्रीय विकास कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए।

अदाणी पॉवर लिमिटेड द्वारा बारां जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका के क्षेत्र में कई सार्थक पहलें की गई हैं, जिनकी ग्रामीणों ने खुलकर सराहना की। %हरित पर्यावरण कार्यक्रम% के तहत 15 सरकारी व आवासीय विद्यालयों में सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिससे 4500 से अधिक विद्यार्थियों को लगातार बिजली और बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल रही है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए, नवोदय कोचिंग क्लासेस की शुरुआत की गई।



# शराब तस्करी, 4 आरोपी बंदी

**प्रतिदिन राजधानी, सारंगढ़ बिलाईगढ़**

अवैध रूप से शराब बिक्री व तस्करी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनसुार 5 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कोतरी से बासिन रोड पर कुछ व्यक्ति बिक्री हेतु अपने अल्टो कार में अवैध शराब परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर हमराह स्टाफ घेराबंदी कर घटना स्थल जाकर रेड किया, जहां सिल्वर कलर के अल्टो कार क्रमांक- सीजी-10एम-0370 में किशन लहरे, ओम प्रकाश लहरे, सूरज सिदार छोटे लेंध्रा थाना कोसीर जिला सा.बि. का होना बताये एवं अल्टो कार के अंदर 4 पेटी के अंदर 200 नग देशी मदिरा प्लेन शराब प्रत्येक 180 एमएल वाली जुमला- 36 लीटर कीमती-16,000 रू. को कार मालिक कोमल लहरे निवासी लेंध्रा के लिये ले जाना बताये है।

उक्त शराब एवं अल्टो कार सीजी-10एम-0370 को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड

# हॉर्न बजाने को लेकर विवाद, अधिवक्ता और दुर्ग नगर निगम सभापति आपस में भिड़े

**प्रतिदिन राजधानी, दुर्ग**

पुलगांव क्षेत्र में बीती रात एक घटना सामने आई है। मामले में दुर्ग नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा और जिला न्यायालय के अधिवक्ता नीरज चौबे के बीच विवाद की बात सामने आई है । इस मामले ने पुलगांव थाने पहुंचने के बाद अब तूल पकड़ लिया है। जहां पुलिस ने सभापति श्याम शर्मा के आवेदन के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना रात लगभग 8=30 बजे की है जब अधिवक्ता नीरज चौबे ने श्याम शर्मा के घर के बाहर गाड़ी का हॉर्न बजाया। हॉर्न बजाने से मना करने पर दोनों में कहा-सुनी शुरू हुई। आरोप है कि हॉर्न बजाने से मना करने पर अधिवक्ता नीरज चौबे ने गाली-गलौज शुरू करदी, स्कूटी को टक्कर मारी और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायतकर्ता श्याम शर्मा का कहना है कि हॉर्न बजाने से मना करने पर नीरज चौबे उनके साथ हाथापाई पर उतर आए और नीरज चौबे ने शराब के नशे में गाड़ी से उन्हें कुचलने की कोशिश



भी की। श्याम शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कई अलग-अलग धराओं के तहत अधिवक्ता नीरज चौबे पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि श्याम शर्मा सालों से भाजापा कार्यकर्ता रहो हैं और वर्तमान में दुर्ग नगर निगम सभापति भी हैं, वहीं नीरज चौबे भी दुर्ग जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता माने जाते हैं। दोनों का व्यक्तित्व सामाजिक रूप से प्रभावशाली हैं और पहले भी दोनों के बीच किसी विवाद की कोई भी बात सामने नहीं आई है।यह अप्रत्याशित विवाद पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों पक्षों की सामाजिक छवि और सम्मान को देखते हुए शहरवासी मामले की निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच जारी है और सभी साक्ष्य और परिस्थितियों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।श्याम शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कई अलग-अलग धराओं के तहत अधिवक्ता नीरज चौबे पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि श्याम शर्मा सालों से भाजापा कार्यकर्ता रहो हैं और वर्तमान में दुर्ग नगर निगम सभापति भी हैं, वहीं नीरज चौबे भी दुर्ग जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता माने जाते बीच किसी विवाद की कोई भी बात सामने नहीं आई है।

यह अप्रत्याशित विवाद पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों पक्षों की सामाजिक छवि और सम्मान को देखते हुए शहरवासी मामले की निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कर रहे हैं।

पुलिस का कहना है कि मामले में जांच जारी है और सभी साक्ष्य और परिस्थितियों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी।



# कड़ार में अवैध कब्जे, कार्रवाई नहीं

**प्रतिदिन राजधानी, भाटापारा,**

शहर से 10 किलोमीटर दूर गांव कड़ार में अवैध अतिक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। गांव में तालाब पार, बाल उद्यान, गौठान, चारागाह, खेल मैदान और साप्ताहिक बाजार की जमीन पर लोग पक्के मकान बना रहे हैं। गली-मोहल्ले इतने संकरे हो गए हैं कि आम लोगों को चलने में परेशानी हो रही है। अतिक्रमण करने वालों में आम लोग ही नहीं, पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हैं। गांव के जागरूक नागरिकों, सरपंच कीर्ति कुमार ध्रुव और पटवारी ने तीन महीने पहले तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को लिखित शिकायत दी थी। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे अतिक्रमण करने वालों के हौसले और बढ़ गए हैं। पूर्व उपसरपंच रामकुमार ढीमर ने कहा कि शासन-प्रशासन को जानकारी देने के बाद भी चुप्पी समझ से परे है। उन्होंने चेताया कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो गांव का माहौल बिगड़ सकता है।

कृषक और अंतरराष्ट्रीय पार्श्वगायक डॉ. ललित सिंह ठाकुर ने भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी जानबूझकर चुप हैं।

## कत्ल देखा, फिर खुद ही बना कातिल!

**प्रतिदिन राजधानी, कवर्धा**

कबीरधाम पुलिस ने 8 साल पुराने डॉक्टर दंपति हत्याकांड का पर्दाफाश किया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस के अनुसार राजनांदगांव के आईजी अभिषेक शांडिल्य के निर्देशन में कबीरधाम जिले में वर्षों से लंबित व अंधे हत्याकांडों की गहन समीक्षा जारी थी। इसी दिशा में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने डॉक्टर दंपति की रहस्यमयी हत्या को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लिया और स्वयं पूरे प्रकरण की निगरानी की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के समन्वय में तथा एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक एवं एसडीओपी कवर्धा कृष्णा कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में एक विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने वर्ष 2017 के इस बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड की परत-दर-परत जांच करते हुए अंतत: उस रहस्य से पर्दा 2017 को शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. गणेश सूर्यवंशी एवं उनकी पत्नी डॉ. उषा सूर्यवंशी का शव उनके निवास के आंगन में रक्तरंजित अवस्था में मिला था।

# हाईकोर्ट ने पीएचई विभाग के इंजीनियरों के भर्ती नियम को बताया गैरकानूनी

**प्रतिदिन राजधानी, बिलासपुर**

इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स को सब-इंजीनियर पदों से बाहर करने वाले नियम को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने गैरकानूनी और अधिकार क्षेत्र से बाहर करार दिया है। यह नियम छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की 2016 की भर्ती नियमावली में था, जिसमें केवल डिप्लोमा धारकों को ही सीधी भर्ती में पात्र माना गया था।



दो रिट याचिकाओं पर हुई सुनवाई

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति विभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने यह फैसला दो रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुनाया, जिन्हें दो दर्जन से ज्यादा इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स ने दायर किया था ।दरअसल पीएचई विभाग में सब-इंजीनियर (सिविल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल) की सीधी भर्ती के लिए 7 मार्च 2025 को विज्ञापन जारी हुआ था। परीक्षा 27 अप्रैल 2025 को रखी गई थी। लेकिन इसमें सिर्फ तीन साल के डिप्लोमा होल्डर्स को ही आवेदन करने की अनुमति थी। मामले में याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि इंजीनियरिंग डिग्री डिप्लोमा से उच्च योग्यता है, फिर उन्हें आवेदन से क्यों बाहर रखा गया? साथ ही उन्होंने बताया कि अन्य विभाग जैसे पीडब्ल्यूडी और सीएसपीडीसीएल में डिप्लोमा और डिग्री दोनों धारक पात्र होते हैं, फिर पीएचई में भेदभाव क्यों?

'प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्ती में बाधा'

हाईकोर्ट ने कहा कि उच्च योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को बाहर करना न केवल अनुचित है बल्कि संविधान के अनुच्छेद 14, 16 और 21 का उल्लंघन है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह नियम प्रतिभाशाली उम्मीदवारों की भर्ती में बाधा डालता है, और यह योग्यता, समान अवसर और निष्पक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ है ।इस मामले में राज्य सरकार ने कहा कि 2016 के नियम पुराने 1979 और 2012 के नियमों जैसे ही हैं, और 5 प्रतिशत प्रमोशन कोटा डिप्लोमा व डिग्रीधारकों दोनों के लिए पहले से है। यह कोटा सेवा में पहले से कार्यरत कर्मचारियों के लिए है। लेकिन कोर्ट ने इसे मुख्य भर्ती से जोड़कर डिग्रीधारकों को वंचित करना गलत बताया।



# साइकिलिंग क्लब के कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद विजय

**प्रतिदिन राजधानी, उतई**

साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ डिस्ट्रिक्ट एवं बीएसपी साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में अस्मिता साइकिलिंग ,खेल से ही है पहचान का आयोजन प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर भिलाई में किया गया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा संरक्षक साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग, अध्यक्षता नरेन्द्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइकिलिंग क्लब , विशिष्ट अतिथि विनोद खाण्डेकर संरक्षण साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छग, परविंदर सिंह महासचिव बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब, सुधीर बंसल समाजसेवी, शोमा शर्मा संचालक मां शारदा पब्लिक स्कूल भिलाई उपाध्यक्ष साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट,वी आर चन्नावार महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग संयुक्त सचिव भारतीय साइकिलिंग पोलो महासंघ,तोबन्द वर्मा कोषाध्यक्ष छग साइकिलिंग पोलो संघ, रमेश श्रीवास्तव समाज सेवी,देव प्रकाश वर्मा सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट संयुक्त सचिव छग साइकिलिंग पोलो संघ, शशांक देशमुख सचिव दुर्ग जिला साइकिलिंग पोलो संघ संयुक्त सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट रहे। नरेन्द्र बंछोर ने कहा कि साइकिलिंग के संरक्षक भी है सांसद विजय बघेल जी और मार्च साथ में खेलों में भी अपनी प्रतिभा से छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में भी पहचान बना रहा है। वी आर चन्नावार ने कहा कि अस्मिता का अर्थ होता है हमारी पहचान जिसे भारत सरकार में शामिल किया गया है, 175 लड़कियों का अब तक रजिस्ट्रेशन हुआ है।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि अस्मिता खेल इंडिया भिलाई ही नहीं पूरे भारत में हो।

## बरमकेला बस स्टैंड के पास निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स में मिली युवक की लाश

**प्रतिदिन राजधानी, सारंगढ़**

सोमवार तड़के बरमकेला बस स्टैंड के समीप स्थित निर्माणाधीन कॉम्प्लेक्स से एक अज्ञात युवक का शव मिलने से



इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारम्भिक जांच में युवक की छाती पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे पुलिस को आशंका है कि उसकी हत्या रात में ईंट और धारदार हथियार से की गई होगी।

सूचना मिलते ही बरमकेला थाना प्रभारी, डीएसपी और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य संकलित किए। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है, न ही किसी संदिग्ध का सुराग मिला है ।डीएसपी ने बताया कि हत्या का समय देर रात का प्रतीत होता है। घटना स्थल से महत्वपूर्ण सुराग इकट्ठा किए गए हैं, जिन्हें फॉरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ।पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और इलाके के लोगों से पूछताछ जारी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ने और मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास तेज़ किए जाएंगे।

इलाके में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध जानकारी को तत्काल थाना या डायल 112 पर सूचना देने की अपील की है।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया कर्पूरीग्राम स्टेशन के उन्नयन कार्य का शिलान्यास

**रायपुर/ दिल्ली( ऐ. )**

दीघा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण तथा 17.30 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दीरेल बजट, जो बिहार के लिए पहले मात्र 1,000 करोड़ था, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बढ़कर10,000 करोड़ हो गया है = अश्विनी वैष्णव केंद्र सरकार द्वारा बिहार की रेलवे संरचना को आधुनिक और सुविधा-सम्पन्न बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज भारत सरकार में रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के कैबिनेट मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार के समस्तीपुर मंडल स्थित कर्पूरीग्राम स्टेशन परिसर में



कई महत्त्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री वैष्णव ने सबसे पहले दीघा ब्रिज हॉल्ट का निरीक्षण कर वहां यात्री सुविधा, संरक्षा, साफ-सफाई, प्लेटफॉर्म की स्थिति, पेयजल, रोशनी एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी यात्रियों को आधुनिक और सुरक्षित रेल अनुभव प्रदान करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

इसके उपरांत रेल मंत्री ने कर्पूरीग्राम स्टेशन परिसर में ?3.30 करोड़ की लागत से होने वाले स्टेशन उन्नयन कार्यों का शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, प्रतीक्षालय, शौचालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, पेयजल सुविधा, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प एवं अन्य यात्री सुविधा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कर्पूरीग्राम स्टेशन पर यात्री सुविधा से जुड़ी कई नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन भी किया। रेल मंत्री श्री वैष्णव ने इसके पश्चात कर्पूरीग्राम और खुदीराम बोस पूसा स्टेशनों के बीच स्थित समपार फाटक संख्या 59 पर ?14.0 करोड़ की लागत से बनने वाले अंडरग्राउंड रेलवे सब-वे के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि यह अंडरग्राउंड रेलवे सब-वे के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय वाहन यातायात को बड़ी राहत देगा और ट्रेनों की सुचारू आवाजाही में भी मदद मिलेगी, जिससे संरक्षा में वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 11 वर्षों में भारतीय रेलवे द्वारा 33,000 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं, जो पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक है। यह कार्य न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति देता है। रेल मंत्री ने यह स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार बिहार जैसे राज्यों को 'विकसित भारत' की परिकल्पना में भागीदार बनाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस किसान कल्याण मंत्रालय) श्री रामनाथ ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

# रूस के पूर्व परिवहन मंत्री ने खुद को मारी गोली



- कुछ घंटे पहले ही पुतिन ने पद से किया था बर्खास्त

**मॉस्को।** रूस के पूर्व परिवहन मंत्री रोमन स्तारोवोयत ने सोमवार को कथित तौर पर खुद को गोली मार ली। उन्हें कुछ घंटे पहले ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनके पद से हटा दिया था। रूसी समाचार एजेंसियों के अनुसार, उन्होंने मास्को के एक उपनगर में खुद को गोली मारी। जांच एजेंसी ने कहा कि उनका शव उनकी कार में मिला है।

सरकारी वेबसाइट पर जारी पुतिन के आदेश में स्तारोवोयत की बर्खास्तगी का कोई कारण नहीं बताया गया। स्तारोवोयत को मई 2024 में परिवहन मंत्री बनाया गया था। इससे पहले वह यूक्रेन से सटे कुर्स्क इलाके के गवर्नर थे और करीब पांच साल तक इस पद पर रहे। क्रेमलिन की ओर से जानकारी दी गई कि नोवगोरोद क्षेत्र के पूर्व गवर्नर आंद्रेई निकितिन को कार्यकारी परिवहन मंत्री नियुक्त किया गया है।

जब स्तारोवोयत की अचानक बर्खास्तगी और निकितिन की तत्काल नियुक्ति को लेकर सवाल किया गया, तो राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अनुसार, आंद्रेई निकितिन के पास इस समय वह अनुभव और योग्यता है, जिसकी इस समय जरूरत है। क्योंकि जिस मंत्रालय की बात हो रही है (परिवहन मंत्रालय), वह बहुत महत्वपूर्ण है, और राष्ट्रपति चाहते हैं कि यह विभाग अपनी जिम्मेदारियां अच्छे से निभाए।

परिवहन क्षेत्र के दो सूत्रों ने रॉयटर्स को बताा कि निकितिन को लाने की योजना पहले से बनाई जा रही थी और यह पिछले महीने सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच से पहले से तय था। स्तारोवोयत की बर्खास्तगी ऐसे समय पर हुई थी, जब रूस के विमानन और नौवहन क्षेत्र में कई बड़ी समस्याएं सामने आईं थीं।

# पीएम मोदी ने मलयेशियाई समकक्ष इब्राहिम से की मुलाकात

## आसियान-भारत एफटीए की समीक्षा पर चर्चा की


**रियो डी जेनेरियो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर मलयेशियाई समकक्ष अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा के मुद्दे पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बताया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में व्यापार और निवेश, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और लोगों से आपसी संपर्क जैसे क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने मलयेशियाई समकक्ष से आसियान-भारत एफटीए की समीक्षा पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) की सफल अध्यक्षता के लिए मलयेशिया को बधाई दी। मोदी ने आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने में मलयेशिया के निरंतर समर्थन का स्वागत किया, जिसमें आसियान-भारत एफटीए की समीक्षा का शीघ्र और सफल समापन शामिल है।

इस समझौत पर 2009 में हस्ताक्षर हुए थे और जनवरी 2010 से लागू हुआ। अगस्त 2023 में दोनों पक्षों ने इस व्यापार समझौते की पूरी समीक्षा 2025 तक करने की घोषणा की थी।

हालांकि, बताया जा रहा है कि कुछ मतभेदों के कारण इस समझौते को लेकर प्रस्तावित वार्ताएं आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। भारतीय उद्योग जगत लंबे समय से इस समीक्षा की मांग कर रहा है, ताकि द्विपक्षीय व्यापार में असंतुलन को सुधारा जा सके और व्यापार को अधिक संतुलित और टिकाऊ बनाया जा सके।



भारतीय अधिकारियों के अनुसार, समझौते के लागू होने के बाद भारत का निर्यात केवल 38-39 अरब डॉलर सालाना रहा, जबकि आसियान देशों से आयात बढ़कर 86 अरब डॉलर हो गया है। भारत चाहता है कि इस समझौते की समीक्षा करके उसमें मौजूद बाधाओं और इसके दुरुपयोग को समाप्त किया जाए। आसियान के 10 सदस्य देश हैं- इंडोनेशिया, मलयेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमार और कंबोडिया।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करने के लिए मलयेशिया के प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और परस्पर हितों से जुड़े मुद्दों पर मलेशिया के समर्थन की सराहना की। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय मंचों में सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी चर्चा की।

### क्यूबा के राष्ट्रपति से भी मिले पीएम मोदी

इससे अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, हमारी बातचीत में कई विषयों को शामिल किया गया। हमारे देशों के बीच आर्थिक संबंधों में भविष्य में काफी संभावनाएं हैं। तकनीक, स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे क्षेत्र भी समान रूप से संभावनाओं से भरे हैं। क्यूबा में आयुर्वेद की बढ़ती स्वीकार्यता निश्चित रूप से एक अच्छी बात है। हमने आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

# केन्या के नैरोबी में सड़कों पर उतरे लोग, गुस्साई भीड़ की पुलिस से झड़प ; एक प्रदर्शनकारी घायल

**नैरोबी।** केन्या की राजधानी नैरोबी एक बार फिर विरोध-प्रदर्शनों की आग में घिर गई है। पुलिस और लोगों के बीच तीखी झड़पें हुईं। सड़कों पर टायर जलाए गए, पत्थरबाजी हुई और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। लोग सरकार के खिलाफ गुस्सा निकाल रहे हैं। वजह है महंगाई, भ्रष्टाचार और पुलिस की ज्यादती।

सोमवार को नैरोबी शहर के ज्यादातर रास्तों को पुलिस ने बंद कर दिया। बड़े-बड़े बैरिकेड लगाए गए। राजधानी में जाने वाली मुख्य सड़कों पर भी रोक लगा दी गई। आम लोग और व्यापारी भी डर के माहौल में रहे। ज्यादातर दुकानों और दफ्तरों में ताले लगे नजर आए। सड़कों पर जो लोग दिखे, उन्हें भी पुलिस ने रोक-टोक कर जांच की।

### सड़कों पर आगजनी, पुलिस पर पथराव

प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए। जगह-जगह आगजनी की गई। नाराज लोगों ने पुलिस पर



पत्थर भी फेंके। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले चलाए और लाठीचार्ज किया। इसी दौरान एक प्रदर्शनकारी घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घायल युवक को साथी प्रदर्शनकारी लेकर चले गए।

### पुलिस की सख्ती, मंत्री बोले-काम पर लौटो

सरकार ने साफ कर दिया है कि हिंसक प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। देश के आंतरिक मंत्री ने चेतावनी दी कि पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। वहीं, पब्लिक सर्विस मिनिस्टर ने सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे डरे नहीं और रोजाना की तरह काम पर जाएं।

### शहर के बाहर भी प्रदर्शन, पुलिस ने भांजी लाठियां

राजधानी नैरोबी के बाहर किटेंगेला शहर में भी लोग सड़कों पर उतरे। वहां भी टायर जलाए गए और रास्ते बंद कर दिए गए। पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी और प्रदर्शनकारियों पर लाठियां चलाईं। एक स्थानीय युवक ने कहा कि हम रोजी-रोटी कमाने शहर जा रहे हैं, लेकिन सरकार हमें रोक रही है।

### पुलिस की कार्रवाई से और भड़की जनता

पिछले महीने भी पुलिस की कार्रवाई को लेकर गुस्सा देखा गया था। 17 जून को एक ब्लॉगर की हिरासत में मौत के बाद देशभर में प्रदर्शन हुए। 25 जून को विरोध-प्रदर्शन में कम से कम 16 लोगों की मौत हुई और 400 से ज्यादा लोग घायल हुए। लोगों का कहना है कि सरकार जनता की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है।

### क्यों सड़कों पर उतरे लोग?


7 जुलाई को केन्या में 'सबा-सबा' दिवस मनाया जाता है। 35 साल पहले इसी दिन देश में बहुदलीय लोकतंत्र की मांग को लेकर बड़ा आंदोलन हुआ था। अब उसी दिन लोग फिर सड़कों पर उतरे। इस बार उनका गुस्सा पुलिस की ज्यादती, भ्रष्टाचार और महंगाई को लेकर है। लोग राष्ट्रपति विलियम रुटो से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

# सावन से पहले उमड़ा शिव भक्तों का उत्साह, चंद मिनटों में ही बिक गए बाबा विश्वनाथ की आरती के टिकट

**वाराणसी।** पवित्र सावन माह की शुरुआत 11 जुलाई से हो रही। इसे लेकर वाराणसी स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री काशी विश्वनाथ धाम में सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देशभर के श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन और सावन माह के दौरान उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बेहद उत्सुक दिख रहे हैं। इसी क्रम में बाबा विश्वनाथ की होने वाली विशेष पांचों आरती के सभी टिकट सावन अवधि के लिए पहले ही बुक हो चुके हैं।

काशीपुराधिपति भगवान विश्वनाथ की प्रतिदिन पांच विशेष आरती संपन्न कराई जाती हैं, जिनमें मंगला आरती, भोग आरती, सप्तऋषि आरती, श्रृंगार भोग आरती और शयन आरती शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सावन माह के लिए मंगला आरती, सप्तऋषि आरती और श्रृंगार भोग आरती के ऑनलाइन टिकट पहले ही बुक हो चुके हैं।

यह चौंकाने वाली बात है कि सावन माह के लिए विशेष आरती के टिकट मात्र 30 मिनट की अवधि में



ही बुक हो गए। भोग आरती और शयन आरती का कोई भी टिकट या शुल्क निर्धारित नहीं रहता है। मंगला आरती सुबह 2:30 बजे से 3:45 बजे तक सप्तऋषि आरती शाम 7:30 बजे से 8:45 बजे तक और श्रृंगार भोग आरती रात 9:00 बजे से 10:00 बजे के बीच संपन्न होती है।

मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा का कहना है कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, व्यवस्था और उनके सुगम दर्शन के लिए मंदिर प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सावन माह के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिगजैग लाइनें, अलग-अलग द्वारों से श्रद्धालुओं का प्रवेश, आवश्यक प्राथमिक उपचार, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षाकर्मियों द्वारा हर एक पॉइंट की देखरेख सुनिश्चित की गई है।

# साउथ फिलाडेल्फिया में गोलीबारी, तीन की मौत, 10 घायल ; एक व्यक्ति पुलिस हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर बंदूक के खूनी खेल ने तबाही मचा दी है। यहां साउथ फिलाडेल्फिया के एक इलाके में सोमवार सुबह हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। मामले में हथियार के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### 'घटनास्थल पर कई राउंड गोलियां चलीं।'

पुलिस आयुक्त केविन बेथेल ने संवाददाताओं को बताया कि मरने वाले लोग वयस्क थे और घायलों में से दो किशोर हैं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी ग्रेज फेरी में एक आवासीय सड़क पर रात एक बजे के करीब हुई। बेथेल ने कहा, 'घटनास्थल पर कई राउंड गोलियां चलीं।'

### कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया

बेथेल ने कहा कि पुलिस ने




शनिवार देर रात से लेकर रविवार सुबह तक मौका-ए-वारदात पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की थी और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यह तुरंत पता नहीं चल पाया कि गोलीबारी की वजह क्या थी। बेथेल ने कहा, 'यह कायरतापूर्ण, खुद को गुडा साबित करने की चाहत रखने वाला काम है।'

### अमेरिका में गोलीबारी की घटना आम


बीते हफ्ते अमेरिका के अन्य स्थानों पर हुई अन्य गोलीबारी के बाद ऐसी घटना साउथ फिलाडेल्फिया में सामने आई है। इनमें दक्षिण फिलाडेल्फिया नाइट क्लब के निकट गोलीबारी में मारे गए कम से कम आठ लोग भी शामिल हैं।

# रील बनाने के चक्कर में गई जानः दोस्त समझते रहे एक्टिंग, बनता रहा वीडियो

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में सोशल मीडिया पर रील बनाने की दीवानगी एक बार फिर जानलेवा साबित हुई। पवनी तहसील के चुल्हाळ गांव के पास एक खेत के तालाब में 17 वर्षीय तीर्थराज बरसागड़े की डूबने से मौत हो गई। यह दुखद हादसा रविवार शाम को तब हुआ, जब तीर्थराज अपने दोस्तों के साथ सोशल मीडिया के लिए वीडियो बना रहा था।

### डूबते हुए मदद मांगता रहा, दोस्त समझते रहे एक्टिंग

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रील बनाते समय तीर्थराज गहरे पानी में फिसल गया और डूबने लगा। वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रहा था, लेकिन उसके साथ मौजूद दोस्तों को लगा कि यह सब रील का हिस्सा है और वह एक्टिंग कर रहा है। वे मोबाइल कैमरे से उसका वीडियो बनाते रहे। जब तक उन्हें



सच्चाई का एहसास हुआ और वे समझ पाए कि तीर्थराज सचमुच डूब रहा है, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।


घटना की जानकारी मिलते ही अड्याल पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और तालाब से तीर्थराज का शव बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अड्याल थाने में पुलिस ने इस मामले में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन के डिब्बे में एक महिला के साथ दरिंदगी

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत से एक 35 वर्षीय महिला के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी महिला को बहाने से बुलाकर स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के खाली डिब्बे में ले गए, जहां उन्होंने घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। फिर आरोपियों ने महिला को सोनीपत ले जाकर ट्रेन की पटरियों पर फेंक दिया और फरार हो गए। उसी वक्त एक ट्रेन गुज़री, जिसकी वजह से महिला के पैर कट गए। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जीरो FIR दर्ज, जांच शुरू

पीड़ित महिला के बयान के आधार पर पानीपत के किला थाना में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत जीरो एफआईआर (Zero FIR) दर्ज की गई। इसे बाद में पानीपत सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को भेज दिया गया।



पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश तेजी से की जा रही है।

### 24 जून से लापता थी पीड़िता

बताया जा रहा है कि पीड़ित महिला अपने घर से 24 जून को लापता हो गई थी। किला थाना प्रभारी श्री निवास ने बताया कि उन्हें 26 जून को महिला के लापता होने की रिपोर्ट मिली थी। उसके पति ने पुलिस को बताया था कि झगड़े के बाद उसकी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। उन्हें लगा था कि वह वापस आ जाएगी, क्योंकि इससे पहले भी वह ऐसा कर चुकी थी। दो दिन तक जब वह वापस नहीं आई तो उसके पति ने थाने को सूचित किया।

### कैसे हुई दरिंदगी?

पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि वह अपने घर से निकलने के बाद रेलवे स्टेशन पर बैठी थी। उसी समय एक अनजान व्यक्ति उसके पास आया और कहा कि उसके पति ने उसे लेने भेजा है। महिला ने उस पर भरोसा किया और उसके साथ चली गई। वह शख्स उसे लेकर अपने साथ एक खड़ी ट्रेन के खाली डिब्बे में चढ़ गया और वहां उसे अपनी हवस का शिकार बनाने लगा। तभी दो अन्य लोग भी आ गए और उन्होंने भी उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी उसे डरा धमकाकर अपने साथ सोनीपत ले गए। वहां उसे रेलवे की पटरियों पर फेंक दिया। उसी वक्त एक ट्रेन के ऊपर से गुज़रने पर उसके पैर कट गए। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। एसएचओ ने बताया, 'हमने गैंगरेप के लिए जीरो एफआईआर दर्ज कर ली है। इसे पानीपत सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को भेज दिया है।'

### पुलिस टीमों का गठन, आरोपियों की तलाश जारी

जीआरपी एसएचओ इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि रविवार की शाम को उन्हें जीरो एफआईआर मिली है। इस मामले की जांच के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस टीम जांच के साथ आरोपियों की तलाश भी कर रही है। यह जघन्य अपराध पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है और समाज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# अंतिम संस्कार की तैयारी... गंगा जल छिड़कते ही फिर जिंदा हुई महिला

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के भोजला गांव में एक 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला की 'दो बार मौत' की रहस्यमय घटना ने सभी को चौंका दिया है। शुक्रवार सुबह माया देवी को मृत मानकर अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही थीं, लेकिन करीब 2 घंटे बाद जब उनके शरीर पर गंगाजल छिड़का गया तो वह अचानक जीवित हो उठीं। यह पूरी घटना गांव ही नहीं, जिलेभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**अंतिम संस्कार की तैयारी... फिर लौटी धड़कनः-** परिजनों के मुताबिक, माया देवी की तबीयत कुछ समय से खराब चल रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और सांसें थम गईं। परिजन और ग्रामीणों ने उन्हें मृत मान लिया। उनके शरीर को जमीन पर लिटा दिया गया और रिश्तेदारों को सूचना देकर अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गईं।



वहीं, लगभग दो घंटे बाद जब उनके शरीर पर गंगाजल छिड़का गया, तभी हलचल शुरू हुई और दिल की धड़कन लौट आई। यह नज़ारा देखकर परिजन हैरान रह गए और मातम का माहौल पलभर में खुशी में बदल गया।

**इतिहास से जुड़ा है महिला का परिवारः-** माया देवी का संबंध 1857 की क्रांति में वीरांगना झलकारी बाई के परिवार से बताया जा रहा है। झलकारी बाई को रानी लक्ष्मीबाई की खास सहयोगी और सहेली माना जाता है। परिजनों के अनुसार, माया देवी उनकी बुआ-सास थीं। इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के चलते भी गांव में इस घटना को एक चमत्कार की तरह देखा जा रहा है।

**गांव में कौतूहल का माहौल, चर्चा जोरों परः-** घटना की जानकारी पूरे गांव और आसपास के इलाकों में तेजी से फैल गई। लोग इसे किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। फिलहाल माया देवी की हालत स्थिर बताई जा रही है और परिजन उनकी सेवा में लगे हुए हैं।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे 100 से ज्यादा ड्रोन

### हवाई सेवा बाधित होने पर परिवहन मंत्री को पद से हटाया

**कीव।** यूक्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि रूस ने बीती रात यूक्रेन के आबादी वाले इलाकों पर सौ से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। इस बीच, रूस ने अपने यातायात प्रमुख को पद से हटा दिया है। यह फैसला ऐसे समय में लिया गया, जब यूक्रेन के ड्रोन हमलों के खतरे के चलते रूस के हवाई अड्डों से सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गईं और हवाई यातायात में भारी अफरा-तफरी मच गई।

अधिकारियों के मुताबिक, बीते चौबीस घटों में रूसी हमलों में दस यूक्रेनी नागरिकों की मौत हो गई और 38 घायल हुए हैं, जिनमें तीन बच्चे भी शामिल हैं। तीन साल से ज्यादा समय से जारी युद्ध के दौरान रूस ने हाल ही में यूक्रेन के नागरिक इलाकों पर हवाई हमले तेज किए हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को बताया कि बीते एक हफ्ते में रूस ने यूक्रेन पर करीब 1270 ड्रोन, 39 मिसाइलें और करीब एक हजार शक्तिशाली ग्लाइड बम दागे हैं।

रूसी सेना भी करीब एक हजार किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति (फ्रंट लाइन) में कुछ स्थानों पर घुसपैठ की पूरी कोशिश कर रही है, जहां यूक्रेनी सेनाएं तैनात हैं। इस हमले और यूक्रेन पर लगातार दबाव के



चलते शांति वार्ता में कोई ठोस प्रगति न होने के कारण यूक्रेन, अमेरिका और यूरोप से और ज्यादा सैन्य मदद की मांग कर रहा है।

जेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन ने यूरोपीय देशों और एक प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी के साथ ड्रोन उत्पादन बढ़ाने के लिए समझौते किए हैं, जिससे इस साल लाखों ड्रोन मिलने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने सोमवार को टेलीग्राम पर लिखा, हवाई रक्षा ही जीवन की रक्षा का सबसे अहम साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन अब ऐसे इंटरसेप्टर ड्रोन बना रहा है, जो रूस के लंबी दूरी वाले शाहेद ड्रोन को रोक सकते हैं।

ड्रोन की बड़ी संख्या में तैनाती ने यूक्रेन को अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की कमी से निपटने में मदद की है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी शहर ओडेसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में 27 लोग घायल हुए और राजधानी कीव के दो इलाकों में ड्रोन के मलबे से नुकसान हुआ।

रूस के कम दूरी के ड्रोन हमले में उत्तर में स्थित सूमी इलाके में दो लोगों की मौत हुई और दो अन्य को घायल हुए। यह वही इलाका है, जहां रूस ने बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात किया हुआ है। डोनेत्स्क क्षेत्र के गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने बताया कि उस इलाके में सात लोगों की मौत हुई और नौ घायल हुए। हालांकि, उन्होंने नहीं बताया कि हमला किस हथियार से किया गया था।

इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उनके सैनिकों ने बीती रात 13 रूसी क्षेत्रों, काला सागर और रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में 91 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। सोमवार को क्रेमलिन ने एक आदेश जारी कर बताया कि परिवहन मंत्री रोमन स्तारोवोयत को उनके पद से हटा दिया गया है। हालांकि, उन्हें किस वजह से हटाया गया, इसकी वजह नहीं बताई गई।

## छत्तीसगढ़ में चिकित्सा की नई उपलब्धि

# गले की नस की दुर्लभ सर्जरी से 70 वर्षीय मरीज को जीवनदान

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में एक दुर्लभ और जोखिमपूर्ण सर्जरी कर 70 वर्षीय मरीज की जान बचाई गई। मरीज के गले की नस कैरोटिड आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज था, जिसे कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी नामक जटिल सर्जरी से सफ्लतापूर्वक हटाया गया। यह सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं उनकी टीम द्वारा की गई। डॉ. साहू के अनुसार यह सर्जरी राज्य में इस प्रकार की प्रथम एवं अत्यंत दुर्लभ सर्जरी है।



### मरीज को थी लकवे और दृष्टिदोष की शिकायत

बालाघाट निवासी 70 वर्षीय मरीज को पिछले दो वर्षों से बार–बार लकवा, चक्कर, एक आंख से धुंधला दिखना और सुनाई न देने जैसी समस्याएं हो रही थीं। प्रारंभिक जांच के बाद कैरोटिड सीटी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें पता चला कि मरीज की दाहिनी कैरोटिड आर्टरी में 95त्न से अधिक रुकावट थी। इससे मस्तिष्क को रक्त की आपूर्ति बाधित हो रही थी।

### सर्जरी थी बेहद जोखिमभरी

डॉ. के.के. साहू ने परिजनों को स्पष्ट किया कि इस सर्जरी में जान का खतरा हो सकता है, क्योंकि ऑपरेशन के दौरान यदि कोई भी प्लाक का टुकड़ा या हवा का बुलबुला मस्तिष्क में चला जाता तो मरीज ब्रेन डेड हो सकता था। इसके बावजूद मरीज एवं परिजनों ने ऑपरेशन की सहमति दी।

सर्जरी के दौरान कैरोटिड शंट नामक विशेष उपकरण का प्रयोग किया गया ताकि मस्तिष्क में रक्त प्रवाह लगातार बना रहे। ब्लॉकेज हटाने के बाद नस को बोवाइन पेरीकार्डियम पैच से मरम्मत कर पुनः सामान्य किया गया। सर्जरी पूरी तरह सफ्ल रही और मरीज अब स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होने की स्थिति में है।

डॉ. साहू के मुताबिक, गले की नस के ब्लॉकेज खोलने की अन्य विधि कैरोटिड आर्टरी स्टेंटिंग है पर सर्जरी जिसको कैरोटिड एंडआर्टरेक्टॉमी कहा जाता है, वह सुरक्षित होता है।

### क्या होती है कैरोटिड आर्टरी और क्यों होता है ब्लॉकेज?

कैरोटिड आर्टरी वह मुख्य धमनी होती है जो गले से होते हुए मस्तिष्क तक रक्त पहुंचाती है। इसमें रुकावट का मुख्य कारण होता है – धूम्रपान, तंबाकू सेवन, अनियंत्रित डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल का जमा होना।

50 प्रतिशत तक ब्लॉकेज होने पर आमतौर पर लक्षण स्पष्ट नहीं होते, परंतु 70–80त्न से अधिक ब्लॉकेज पर ट्रांजिएंट इस्केमिक अटैक (टीआईए) या छोटे स्ट्रोक जैसे लक्षण सामने आते हैं – जैसे अचानक एक आंख से दिखना बंद होना, मुंह टेढ़ा होना, बोलने में दिक्कत या संतुलन बिगड़ना।

### बचाव के उपाय

इस बीमारी को रोका जा सकता है – धूम्रपान और तंबाकू छोड़कर, ब्लड प्रेशर और शुगर नियंत्रित रखकर, और संतुलित आहार व नियमित व्यायाम के माध्यम से। जिन मरीजों को कोरोनरी आर्टरी डिजीज होती है, उनमें 8–10त्न मामलों में कैरोटिड आर्टरी में भी ब्लॉकेज होता है।

## खारुन नदी का जलस्तर बढ़ा नदी तट पर पहुंचे पर्यटक



## प्रदेश के कई जिलों में आज गरज-चमक के साथ पड़ेगी बौछारें

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
रायपुर में झमाझम बारिश के बाद नदी नाले का जलस्तर बढ़ गया है। रायपुर शहर से करीब 30 किमी दूर ठकुराईन टोला घाट पर पर्यटक रविवार को घूमने पहुंचे थे।

खारुन नदी के बीच में स्थित शिव मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे थे। फ्लिहाल नदी का जलस्तर बढने से श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन करने में असमर्थ थे।

एक निम्न दाब का क्षेत्र दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में, झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर , सिरसा, मेरठ, वाराणसी, डाल्टनगंज, पुरुलिया, दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

एक द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से दक्षिण पश्चिम गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र तक मध्य मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़, दक्षिण झारखंड होते हुए 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 8 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी संभावना है।

## चेम्बर कार्यकारिणी समिति की बैठक आज

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी समिति की बैठक मंगलवार दिनांक 8 जुलाई 2025 को दोपहर 12.00 बजे से चेम्बर कार्यालय चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट रायपुर में आयोजित है।

कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न होने के पश्चात् अपर श्रम आयुक्त छत्तीसगढ़ शासन श्री एस.एल. जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश स्तरीय बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान का कार्यकम भी चेम्बर भवन में रखा गया है।

चेम्बर के समस्त पदाधिकारियों, जिला इकाई एवं व्यापारिक–औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों से साग्रह अनुरोध है कि वे कार्यकारिणी समिति की बैठक एवं प्रदेश स्तरीय बाल श्रम निषेध जागरूकता अभियान कार्यकम में समय पर अवश्य ही उपस्थित होवें।

## प्रगतिशील छग सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों का जगह-जगह हुआ स्वागत

**रायपुर (प्रतिदिनराजधानी)**
प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले एवं पदाधिकारीयों का गिरौदपुरी धाम जाते समय जगह–जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया। रायपुर में बी एल कुर्रे, अजीत मांजरे और उनके साथियों तथा वरिष्ठ पदाधिकारियो ने स्वागत किया। संडी आगमन पर कृष्ण आजाद जनपद सदस्य नीलकमल आजाद के नेतृत्व में युवाओं ने स्वागत किया। नगर पंचायत पलारी पहुंचने पर विश्रामगृह पलारी में कसडोल विधानसभा के विधायक संदीप साहू, नगर पंचायत पलारी अध्यक्ष गोपी साहू, रोहांसी नगर पंचायत के अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, पलारी नगर के पार्षद गण ,छत्तीसगढ़ धोबी कन्नौजे समाज के केंद्रीय अध्यक्ष झाड़ीराम कन्नौज ,पत्रकार रज्जाक खान, नीलकमल आजाद,ऋषि साहू सुमित तिवारी,पार्षद नेमसिंह बांधे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुर्रे सहित समाज के महेश ढीढी,महेश्वरी कुर्रे,महेश बारले ,बसंत जांगड़े , पुष्पा बंजारे, उषा सोनवानी, कृष्ण जांगड़े तथा जागेश्वर बंजारे सहित सतनामी समाज एवं सर्व समाज के लोगों ने स्वागत अभिनंदन किया ।



इसी तरह बलौदा बाजार पहुंचने पर नयनदास स्मृति स्थल में गणेश बघेल के नेतृत्व में जिला सचिव दीपक घृतलहरें ,सुशील बंजारे, सहदेव जोशी ,भुनेश्वर डहरिया एवम भाग लाल कोसले सहित समाज प्रमुखों ने स्वागत किया। वहीं सर्किट हाउस बलौदा बाजार में पूर्व विधायक सनम जांगड़े जी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारीयों को पुष्प गुच्छ और साल भेंट कर स्वागत किया गया। लवन में बनवारी बार्वे , मैनेजर डहरिया एवम धर्मेंद्र खुंटे के नेतृत्व में स्वागत किया गया। मडवा अंबेडकर चौक में युवा प्रकोष्ठ के अजय संडे के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

मडवा धर्मशाला पहुंचने पर युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी,यादराम हिरवानी ,दिनेश लहरे ,मोहन पुराने, लालजी हिरवानी, सालिकराम एवं प्रदेश भर से आए पदाधिकारीयों के नेतृत्व में सतनाम धर्मशाला मडवा में स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोसले एवं पदाधिकारीयों का काफ्लिा बाबा गुरु घासीदास जी के दर्शन के लिए मुख्य मंदिर पहुंचे । मुख्य मंदिर में मत्था टेक कर पूजा अर्चना करके प्रदेश भर के आए हुए निर्वाचित पदाधिकारीगण, जिलों के जिला अध्यक्षगण, युवा प्रकोष्ठ एवम महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों के साथ बाबा गुरु घासीदास जी से छत्तीसगढ़ एवम समाज की सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए आशीर्वाद लिए। तत्पश्चात सामूहिक फ्टोटोग्राफ किया गया ।मंदिर दर्शन पश्चात सतनाम धर्मशाला में नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का पहला ऐतिहासिक कार्यकारिणी सदस्यों का बैठक हुआ। बाबाजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष एल एल कोशले, उपाध्यक्ष रेशम घृतलहरे, डॉ दिनेश लाल, महिला उपाध्यक्ष

सुशीला सोनवानी ,कोषाध्यक्ष श्याम जी टांडे, महासचिव मोहन बंजारे,सह सचिव दिनेश बंजारे,प्रवक्ता राजमंहत पी एल कोसरिया, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत कोसरिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जिसमें एस आर बंजारे, गुलाब दास टण्डन,विजय टंडन,नोहर सिंह धिरही,यादराम हिरवानी, श्याम लाल सितारे ,वीरेंद्र अजगले , गणेश बघेल,भुवन दास जांगड़े सत्येंद्र खुंटे ,द्रौपदी जोशी एवम निशा ओग्रे प्रमुख रूप से उपस्थित थी ।संरक्षक गण एच एल रात्रे,के के खेलवार, संरक्षक सदस्य विनोद भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पी पी सांडे,बी एल कुर्रे , टी एस चतुर्वेदी, वेंकटरमन पाटले, के के गायकवाड़,युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप श्रृंगी, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश लहरे, महासमुंद जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, बेमेतरा जिला अध्यक्ष राजा लाल बंजारे,सक्ती जिला अध्यक्ष छोटे लाल भारद्वाज, बलौदा बाजार जिला सचिव दीपक घृतलहरे, रायपुर जिला अध्यक्ष सुभाष कोसरे,शहर अध्यक्ष जितेंद्र आजाद, कलाकार मंच के प्रदेश अध्यक्ष हृदय अनंत,प्रदेश भर से आए हुए लोगों ने भी अपने–अपने विचार रखें।

## 90 दिवसीय महिला सिलाई एवं ड्रेस डिजाइनिंग कोर्स का समापन





**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**
सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने रायपुर के विधानसभा रोड स्थित अमासिवनी गांव में अपना 90 दिवसीय महिला सिलाई एवं ड्रेस डिजाइनिंग कोर्स सफ्लतापूर्वक संपन्न किया। समापन समारोह में सम्मानित अतिथियों ने भाग लिया: कोल इंडिया लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक जे.एस. जॉली मुख्य अतिथि के रूप में, तथा उद्यमी गिरजा भार्गव एवं तुषार भार्गव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मिस प्राची अग्रवाल वॉलिंटियर ने कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया. भटनागर ने अतिथियों का काफी मग देकर स्वागत किया.

सुधा सोसाइटी फाउंडेशन के अध्यक्ष जी.के. भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन किया। अमासिवनी गांव की दस महिलाओं ने सफ्लतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया तथा उन्हें प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों ने सुधा सोसाइटी की कौशल विकास पहल की प्रशंसा की तथा महिला सशक्तिकरण पर इसके सकारात्मक प्रभाव को स्वीकार किया।

यह पहल समुदाय में व्यावसायिक कौशल एवं महिलाओं की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सुधा सोसाइटी फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सुधा ओपन स्कूल के बच्चों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया अतिथियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## बीजापुर मुठभेड़ में 8 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**बीजापुर (प्रतिदिन राजधानी)**
बीजापुर मुठभेड़ में जवानों ने शनिवार 5 जुलाई को एक माओवादी को ढेर किया था। मृत नक्सली की पहचान सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो नक्सलियों का स्नाइपर था। जवानों ने मुठभेड़ स्थल से एक 303 रायफ्ल, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और नक्सल संबंधी अन्य सामान भी बरामद किए है।



बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 एवं सीआरपीएफ यंग प्लाटून की संयुक्त टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

प्राप्त आसूचना के अनुसार तेलंगाना राज्य समिति, नेशनल पार्क एरिया कमेटी, PLGA बटालियन नंबर 01 तथा अन्य सशस्त्र माओवादी कैडर उक्त क्षेत्र में सक्रिय थे। इस सूचना के आधार पर संयुक्त बलों ने माओवादी उपस्थिति की पुष्टि के बाद अभियान प्रारंभ किया। यह अभियान 04 जुलाई 2025 से प्रारंभ हुआ, जिसके दौरान पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक–रुक कर मुठभेड़ होती रही।

## रोटरी क्लब ऑफ रायपुर- रॉयल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

### अध्यक्ष बने नवीन बागरेचा

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
रॉयल के अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर के होटल बेबीलॉन कैपिटल में संपन्न हुआ, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 3261 ड्रिस्ट्रिक के गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल जी (डिस्ट्रिक गवर्नर 2025–26), एवं रोटेरियन सुषमा नथॉनी जी( डिस्ट्रिक असिस्टेंट गवर्नर 2025– 26) ने इस कार्यक्रम में रोटेरियन डॉ. नवीन बागरेचा को अधयक्ष पद की शपथ दिलाया व रोटेरियन अमित खण्डेलवाल को सचिव का पद की शपथ दिलाए. शपथ लेते हुए रोटेरियन डॉ.नवीन बागरेचा ने समाज के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया.



रोटरी क्लब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 116 देशों मे16 लाख सदस्यों ख्याति प्राप्त संस्था है।3261 डिस्ट्रिक्ट जिसमे उडीसा, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ मे कुल 110 क्लब है, जिसमे सबसे बडी क्लब रोटरी क्लब ऑफ रायपुर–रॉयल है जिसमे 206 सदस्य है. अब तक रोटरी क्लब रायपुर रॉयल ने साढे सोलह करोड की चैरिटी कर समाज को सेवा प्रदान कर चुके है.

डॉ. नवीन बागरेचा जी ने शपथ ग्रहण करते हुए आने वाले सालों में अपने द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि,सामाजिक संस्थाओं के लिए निशुल्क ऑडिटोरियम की व्यवस्था की जाएगी, ब्लड बैंक की स्थापना किया जायेगा, जो बुजुर्ग बेघर हो चुके हैं उनके लिए वृद्धिआश्रम का निर्माण किया जाएगा, एवं 50000 लोगों को सीपीआर की ट्रेनिंग प्रदान कर लोगो को हार्ट अटैक से बचा जीवन प्रदान करने मे सहयोग प्रदान कर सके.

साथ ही इस कार्यक्रम में आए हुए लगभग 300 रोटरी क्लब के मेंबर्स को CPR (जीवन रक्षक) ट्रेनिंग भी प्रदान की गई. जिसे लोगो ने खुब सराहा. यह जानकारी क्लब के रोटेरियन अंकित खेंडेलवाल ने दी।

## छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान थे पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी



### - संगोष्ठी में शकुंतला तरार की पुस्तक 'शकुंतला चो लेजा गीद' की हुई समीक्षा



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**
छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान, रायपुर प्रेस क्लब और नारी का संबल पत्रिका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रेस क्लब भवन में पत्रकारिता और साहित्य के पुरोधा पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी को याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पं त्रिवेदी छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान थे। इस अवसर पर शकुंतला तरार द्वारा रचित हल्बी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीद की समीक्षा भी की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि पं. स्वराज प्रसाद त्रिवेदी साहित्य और पत्रकारिता के सेतु थे। पं त्रिवेदी की परपोती नित्या त्रिवेदी ने पं त्रिवेदी का परिचय दिया। शकुंतला तरार ने अपनी पुस्तक पर विचार रखे। उन्होंने हलबी के साहित्य को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है। इससे हलबी का वैभव बढ़ रहा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी का महत्वपूर्ण योगदान है।

आजादी से पहले, आजादी के बाद और राज्य बनने के आरंभिक वर्षों में उन्होंने साहित्य, संस्कृति, पत्रकारिता, भाषा आदि के क्षेत्र को संवर्धित किया। वे लोक जागरण के पत्रकार और साहित्यकार थे। विशिष्ट अतिथि डॉ माणिक विश्वकर्मा ने कहा कि बीज से महावृक्ष की यात्रा पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने की। वे राष्ट्र के लिए समर्पित रचनाकार थे। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य निशक्तजन वित्त आयोग के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने कहा कि निर्भीक और रचनात्मक पत्रकारिता की नींव स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी ने की है। साहित्य और पत्रकारिता का सुंदर संगम उनके लेखन में मिलता है। युवा पत्रकार और साहित्यकार उनकी शैली से जुड़े। उन्होंने कहा कि शकुंतला तरार की कविताएं बस्तर को जानने समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इससे हलबी की समृद्धि बढ़ रही है। पूर्व मंत्री एवं विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि पं त्रिवेदी अपने समय के राजनीतिक परिचितों को कहा करते उनका आचरण ही उनका बचाव करती है।

पं स्वराज्य के काम को आगे बढ़ाना है। शकुंतला तरार की पुस्तक हलबी गीत संग्रह शकुंतला चो लेजा गीद पर समीक्षा करते हुए संस्कृति विशेषज्ञ अशोक तिवारी ने कहा कि हलबी बस्तर की संपर्क भाषा है। हलबी में लिखे गीत बस्तर की संस्कृति की विशेषता बताते हैं। हलबी का लोक साहित्य अत्यंत समृद्ध है। समीक्षा करते हुए पुरातत्ववेत्ता जी एल रायकवार ने कहा कि लेजा गीत बस्तर में अत्यधिक प्रचलित है। इसमें युवक युवतियों के आपसी संवाद होते हैं। सौ गीतों में इस संग्रह में सांस्कृतिक रूप प्रकट होकर आए हैं। हास्य, व्यंग्य और इतिहास के प्रसंग हैं। प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने कहा कि हम अपने पुरखों की परंपरा का पालन कर रहे हैं। पं स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी की लेखनी ने अनेक पीढ़ियों का निर्माण किया है। वे छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान हैं। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ भाषाविद डॉ. चित्तरंजन कर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ को हमेशा स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी पर गर्व रहेगा।

पत्रकारिता और साहित्य एक दूसरे के पूरक हैं। एक पत्रकार पहले साहित्यकार होता है। दोनों जन से जुड़े हैं। डॉ. कर ने कहा कि हम जयंती के माध्यम से नया विमर्श करते हैं। व्यक्तित्व के अनेक आयाम और ज्यादा खुलते हैं। आज की लेखिका शकुंतला तरार ने अपनी कृति में आदिवासी संस्कृति के मर्म को प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर अंजलि यदु, डॉ. स्नेहलता पाठक, डॉ. सीमा निगम, मीर अली मीर, डॉ. सुशील त्रिवेदी, डॉ. महेंद्र ठाकुर, सुरेन्द्र रावल, उदयभान सिंह, जसवंत क्लाउडियस, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, शिरीष त्रिवेदी, राजेश जैन, वीरेंद्र पांडे, सुरेश मिश्र, उर्मिला उर्मि, संदीप तरार, आदि उपस्थित थे।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444